रोहतक

शुक्रवार, 10 अक्टूबर 2025

कार्तिक मास कृष्ण पक्ष, चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 251

पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम

अधि. 31.8

न्यून. 17.8



# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com






HONDA The Power of Dreams | How we move you. CREATE ▸ TRANSCEND, AUGMENT

The Honda Joy Fest

Bring Home a Honda, Bring Home Joy

*GET GST BENEFIT UP TO ₹14000/-

इंस्टेंट कैशबैक ₹5000/-* तक

लोन 100%* तक

कम ब्याज दर @6.99%*

कम EMI ₹49* प्रतिदिन

Scan to download MyHonda-India Customer Connect App



अधिक जानकारी के लिए 7230032200 पर मिस्ड कॉल दें

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

*Terms and Conditions apply.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda.hmsi.in


## आईपीएस आत्महत्या मामला : सीएम सैनी ने एक घंटा की हाईलेवल बैठक

# डीजीपी छुट्टी पर, रोहतक के एसपी को हटाने की तैयारी

### डीजीपी समते कई वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर

*आईपीएस अधिकारी पूरन कुमार सुसाइड केस में सरकार एक्शन की तैयारी में है। पूरन की पत्नी आईएएस अमनीत पी. कुमार ने मुख्यमंत्री नायब सैनी के समक्ष आरोपियों पर केस दर्ज करवाने और गिरफ्तारी की मांग उठाई।*

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

आईपीएस वाई पूरन कुमार की आत्महत्या के मामले में तीसरे दिन गुरुवार देर रात चंडीगढ़ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली। सेक्टर-11 थाने में भारत न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 108, 3 (5) और एससी/एसटी एक्ट की धारा 3 (1) (आर) के तहत एफआईआर दर्ज की गई। सुसाइड नोट को आधार मानते हुए ही आत्महत्या के लिए उकसाने और एससी/एसटी एक्ट में तहत केस दर्ज किया गया। सुसाइड नोट में हरियाणा के 15 आईएएस-आईपीएस अफसरों को मौत का जिम्मेदार बताया गया है। इसमें डीजीपी शत्रुजीत कपूर और रोहतक एसएपी नरेंद्र बिजारणिया पर गंभीर आरोप लगाए गए है। उधर, डीजीपी शत्रुजीत कपूर छुट्टी पर चले गए हैं। और रोहतक एसपी नरेंद्र बिजारणिया को बदलने की तैयारी है। जापान दौरे से लौटे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गुरुवार सुबह चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर उतरे। यहां उन्होंने पूरन के सुसाइड की सारी रिपोर्ट ली। इसके बाद मुख्यमंत्री पूरन की आईएएस पत्नी अमनीत पी. कुमार से मिले और उन्हें उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। वहीं, तीसरे दिन भी पूरन का अंतिम संस्कार नहीं हो पाया।

*जापान से लौटते ही सीएम ने चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर डीजीपी से रिपोर्ट ली*

*आईएएस अमनीत बोलीं, यह सुसाइड नहीं मर्डर है एफआईआर हो*

*सीएम को चार पन्नों की शिकायत सौंपी, तीसरे दिन भी नहीं हुआ पोस्टमार्टम*



### डीजीपी को हटाए जाने की भी चर्चा

सूत्रों के अनुसार, डीजीपी शत्रुजीत कपूर को जल्द ही बदला जा सकता है। कपूर की जगह ओपी सिंह को नया डीजीपी बनाया जा सकता है। सरकार इसको लेकर जल्द आदेश जारी कर सकती है।

### अमनीत की मांगें

- आत्महत्या नोट और शिकायत में नामित सभी आरोपियों के खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज की जाए।
- आरोपियों को फौरन निलंबित और गिरफ्तार किया जाए, ताकि वे सबूतों से छेड़छाड़ या दबाव न बना सकें।
- दिवंगत अधिकारी के परिवार को आजीवन सुरक्षा दी जाए, खासकर उनकी दो बेटियों को।
- परिवार को किसी तरह की प्रताड़ना करने या बदनाम करने के प्रयासों से बचाया जाए।

### सुसाइड नोट में इनके नाम

पूरन कुमार ने सुसाइड नोट में हरियाणा के 15 आईएएस-आईपीएस अफसरों को मौत का जिम्मेदार बताया था। इनमें सचिव अनुराग रस्तोगी, डीजीपी शत्रुजीत कपूर, पूर्व मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद, पूर्व एसीएस राजीव अरोड़ा, पूर्व डीजीपी मनोज यादव, पूर्व डीजीपी पीके अग्रवाल, एडीजीपी संदीप खिरवार, एडीजीपी अमिताभ ढिल्लों, एडीजीपी संजय कुमार, प्रिंसिपल सेक्रेटरी कला रामचंद्रन, एडीजीपी माटा रवि किशन, पंचकूला के कमिश्नर सिबास कविराज, आईजी अंबाला पंकज नैन, आईजी मधुबन कुलविंदर सिंह, एसपी रोहतक नरेंद्र बिजारणिया का नाम शामिल है।

### ब्यूरोक्रेसी दो धड़ों में बंटी

वाई पूरन कुमार का सुसाइड केस अब तूल पकड़ता दिख रहा है। इस मामले में आईपीएस-आईएएस अफसरों के साथ ही एचसीएस और एचपीएस अफसर भी दो धड़ों में बंटे हैं। एससी वर्ग के अफसर वाई पूरन कुमार को न्याय दिलाने के लिए लामबंद हो रहे हैं। इसको लेकर चंडीगढ़ में एक सीक्रेट मीटिंग हुई, जिसमें प्रिंसिपल सेक्रेटरी लेवल के एक आईएएस अधिकारी भी पहुंचे। इस मीटिंग की सूचना मिलते ही सरकार चौकन्नी हुई। इसी बीच डैमेज कंट्रोल के लिए सरकार के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने मध्यस्थता की कोशिश शुरू कर दी थीं। उन्होंने पूरन कुमार की पत्नी अमनीत पी. कुमार से बात करने उनकी चंडीगढ़ कोठी पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि इस दौरान अनुराग रस्तोगी ने सांत्वना जताते हुए कहा कि शव का पोस्टमॉर्टम होने दें, ताकि अंतिम संस्कार हो सके।




## ब्रिटिश पीएम स्टार्मर से मिले मोदी खालिस्तानियों पर एक्शन पर चर्चा

# ब्रिटेन से आएंगी मिसाइलें 3,884 करोड़ की डील

एजेंसी ▸▸| मुंबई

भारत और ब्रिटेन के बीच बड़ी रक्षा डील हुई है। मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की मुलाकात के दौरान दोनों देशों ने 468 मिलियन डॉलर (3,884 करोड़ रुपये) की डील पर सहमति जताई। इस समझौते के तहत ब्रिटेन इंडियन आर्मी को हल्के वजन वाली मल्टीरोल मिसाइलें सप्लाई करेगा। थेल्स की कंपनी इन मिसाइलों का निर्माण करेगी। यह मिसाइलें ब्रिटिश कंपनी थेल्स द्वारा उत्तरी आयरलैंड में बनाई जाएंगी। वहीं, स्टार्मर अपने देश में भी भारत के 'आधार कार्ड' जैसा सिस्टम शुरू करना चाहते हैं। इसे लेकर उन्होंने मुंबई में इन्फोसिस कंपनी के को-फाउंडर नंदन नीलेकणि से मुलाकात की। *(पेज 8 भी देखें)*

**अपने देश में 'आधार कार्ड' जैसा सिस्टम शुरू करना चाहते हैं स्टार्मर**

### भारत के लिए यह डील महत्वपूर्ण

भारत के पास पहले से ही कई तरह की मिसाइलें हैं, लेकिन आधुनिक, हल्की और मल्टीरोल मिसाइलें इंडियन आर्मी को तुरंत जवाब देने में मदद करेंगी। ये मिसाइलें समुद्र और जमीन दोनों जगहों पर इस्तेमाल की जा सकती हैं, जिससे रणनीतिक फ्लेक्सिबिलिटी बढ़ती है। ब्रिटेन के साथ यह डील टेक नोलॉजी ट्रांसफर का रास्ता खोलती है। इससे भारत को उन्नत मिसाइल तकनीक सीखने और संभवतः देश में स्थानीय निर्माण करने का अवसर मिलेगा।

## खबर संक्षेप



### करवा चौथ पर सरकारी स्कूलों में अवकाश

**भिवानी।** हरियाणा के स्कूलों में करवा चौथ की छुट्टी रहेगी। सरकार ने इसकी घोषणा की है। जिसके तहत वर्ष के 4 होलीडे निर्धारित किए गए हैं। जिसके तहत करवा चौथ के दिन प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में अवकाश रहेगा ताकि शिक्षा विभाग से जुड़े लोग करवा चौथ मना सके। सरकार ने प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में गुरु तेग बहादुर की शहादत दिवस की भी छुट्टी घोषित की हुई है। *ब्यूरो*



### कोकरनाग में मिला एक पैरा-कमांडो का शव

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के कोकरनाग के ऊपरी इलाकों में एंटी-टेरर ऑपरेशन के दौरान लापता हुए एक पैरा कमांडो का शव मिला है। शव बैग और सर्विस वेपन के साथ मिला जो सर्च एंड कॉर्डन ऑपरेशन का हिस्सा था। मृतक जवान की पहचान अभी आधिकारिक तौर पर नहीं बताई गई है। दूसरे लापता जवान की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन चल रहा है। खराब मौसम के बावजूद अभियान जारी है। *एजेंसी*



### 'एआई' से फ्रॉड डिटेक्शन और सिम ब्लॉकेज होगा

**नई दिल्ली।** डिजिटलीकरण की तेज़ रफ्तार ने भारत को आर्थिक और समाजिक रूप से जोड़ने में अभूतपूर्व भूमिका निभाई है। 86% से ज्यादा घर अब इंटरनेट से जुड़े हुए हैं। लेकिन इस इंटरनेट की पहुंच बढ़ने के साथ ही साइबर फ्रॉड और ऑनलाइन धोखाधड़ी की घटनाओं में भी तेज़ी आई है। 2022 में दर्ज साइबर क्राइम की 10.29 लाख घटनाएं बढ़कर 2024 में 22.68 लाख तक पहुंच चुकी हैं। ये आंकड़े दिखाते हैं कि डिजिटल पहुंच के साथ-साथ साइबर सुरक्षा को भी प्राथमिकता की ज़रूरत है। *एजेंसी*

### रिंकू सिंह को अंडरवर्ल्ड से धमकी, 5 करोड़ मांगे




**अलीगढ़।** भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी अलीगढ़ के रिंकू सिंह को अंडरवर्ल्ड से धमकी देने का मामला सामने आया है। छह माह पहले उनकी प्रमोशनल टीम को मैसेज भेजकर पांच करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी गई थी। मुंबई क्राइम ब्रांच ने दो लोगों को गिरफ्तार करके इसका खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार ये धमकी 'डी कंपनी' यानी मोस्ट वॉन्टेड गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम गैंग ने दी थी। इधर, अलीगढ़ पुलिस ने भी रिंकू के परिवार से संपर्क किया। *एजेंसी*

# हंगरी के लेखक लास्ज़लो को साहित्य का नोबेल

*किताब पर सात घंटे लंबी फिल्म बनी*

*लास्ज़लो की रचनाएं प्रभावशाली और दूरदर्शी*



**स्टॉकहोम (एजेंसी)।** इस साल का साहित्य का नोबेल हंगरी के लेखक लास्ज़लो क्रास्नाहोरकाई को मिला है। स्वीडिश एकेडमी ने गुरुवार को इसका ऐलान किया। स्वीडिश एकेडमी ने कहा कि लास्ज़लो की रचनाएं बहुत प्रभावशाली और दूरदर्शी हैं। वे दुनिया में आतंक और डर के बीच भी कला की ताकत को दिखाती हैं। लास्ज़लो को 11 मिलियन स्वीडिश क्रोना (10.3 करोड़ रुपये), सोने का मेडल और सर्टिफिकेट मिलेगा। पुरस्कार 10 दिसंबर को स्टॉकहोम में दिए जाएंगे। लास्ज़लो को 2015 में मैन बुकर इंटरनेशनल प्राइज और 2019 में नेशनल बुक अवॉर्ड फॉर ट्रांसलेटेड लिटरेचर मिल चुका है। उनकी मशहूर किताब सतांटैंगो पर 7 घंटे लंबी फिल्म बन चुकी है।

### मुश्किल जिंदगी के इर्द-गिर्द कहानी

उनकी किताब की कहानी एक छोटे से गांव और वहां के लोगों की मुश्किल जिंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है। इसमें अराजकता, धोखा और मानव स्वभाव की कमजोरियों को दिखाया गया है। यह किताब धोखे की कहानी है, जिसमें एक पुराने खंडहर फार्महाउस में कुछ गरीब लोग रहते हैं। वे सोचते हैं कि अब ज्यादा पैसा मिलने वाला है, लेकिन सब कुछ उल्टा हो जाता है। इसके अलावा उनकी किताब 'द मेलांकली ऑफ रेसिस्टेंस' पर भी फिल्म बन चुकी है।

### एक मध्यमवर्गीय परिवार में जन्म

लास्ज़लो का जन्म 5 जनवरी 1954 को हंगरी के ग्युला शहर में हुआ था, जो रोमानियाई सीमा के पास स्थित है। वे एक मध्यमवर्गीय परिवार से आते हैं। उनके पिता, जॉर्जी क्रास्नाहोरकाई एक वकील थे। उन्होंने अपने यहूदी होने की बात सालों तक छुपाए रखी। लास्ज़लो को यहूदी होने का पता 11 साल की उम्र में चला था। लास्ज़लो दो बार शादीशुदा रहे हैं। पहली शादी 1990 में अनिको पेलीहे से हुई।

### सबसे प्रतिष्ठित समकालीन लेखकों में से एक

लास्ज़लो हंगरी के सबसे प्रतिष्ठित समकालीन लेखकों में से एक हैं। उनकी किताबें अक्सर दर्शनात्मक होती हैं, जिनमें मानवता, अराजकता और आधुनिक समाज के संकटों का जिक्र होता है। लास्ज़लो क्रास्नाहोरकाई डीप थिंकिंग वाली उदास कहानियां लिखते हैं। साल 1985 में आई 'सतांटैंगो' उनकी सबसे मशहूर किताब है। 1994 में इस किताब पर सतांटैंगो नाम से ही 7 घंटे लंबी फिल्म भी बनाई गई थी।

### अब तक 25 बच्चों की मौत

## कफ-सिरप बनाने वाली कंपनियों की होगी जांच

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश में जहरीले कफ सिरप से अब तक 25 बच्चों की मौत हो चुकी है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने देशभर में सिरप बनाने वाली फॉर्मा कंपनियों की जांच और सैंपल टेस्टिंग करने का फैसला किया है। सरकार ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से सिरप बनाने वाली कंपनियों की लिस्ट मांगी है, ताकि उनकी क्वालिटी और सुरक्षा की जांच की जा सके। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने विश्व स्वास्थ्य संगठन को बताया कि तीन सिरप कोल्ड्रिफ, रेस्पिफ्रेश-टीआर और रिलाइफ की बाजार में बिक्री और उनके प्रोडक्शन पर भी रोक लगा दी है।

**राज्यों से लिस्ट मांगी, 3 सिरप की बिक्री पर रोक**

## मां-बाप कौन बनेगा, सरकार तय नहीं कर सकती : सुप्रीम कोर्ट



2022 से पहले भ्रूण फ्रीज तो सरोगेसी कानून से छूट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा कि 2022 से पहले अगर महिला ने भ्रूण (फर्टिलाइज एग्स) फ्रीज करा दिया है तो उसे सरोगेसी कानून के तहत एज लिमिट से छूट मिल सकती है। पीठ ने सरकार की तरफ से बढ़ती उम्र को चिंता का कारण बताने पर फटकार भी लगाई। कोर्ट ने कहा- कौन मां-बाप बन सकता है, ये सरकार तय नहीं कर सकती, क्योंकि नेचुरल प्रोसेस में भी कोई एज लिमिट नहीं है। यह पूरा मामला सरोगेसी कानून 2021 से जुड़ा है, जो जनवरी 2022 में लागू हुआ था। कानून के मुताबिक, जिन पुरुष की आयु 26-55 साल और महिला की आयु 23-50 साल के बीच है, उन्हीं को सरोगेसी की परमिशन होगी। कानून के खिलाफ याचिकाएं लगाई गईं। याचिकाकर्ता चेन्नई बेस्ड इन्फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डॉ अरुण मुथुवेल हैं, जिन्होंने कॉमर्शियल सरोगेसी पर बैन हटाने की भी मांग की थी।

### सोनू का साथी अमन लापता

## रूस-यूक्रेन युद्ध में लड़ते हुए हिसार के युवक की मौत



रूसी अधिकारी ने परिवार को पत्र भेजकर दी जानकारी

**नारनौंद।** गांव मदनहेड़ी निवासी सोनू की रूस-यूक्रेन युद्ध में मौत हो गई। उसका दूसरा साथी लापता बताया है। 28 वर्षीय सोनू रूसी सेना की ओर से लड़ रहा था। रूस की सेना के एक अधिकारी ने सोनू के परिवार को पत्र भेजकर इसकी जानकारी दी है। दूसरी तरफ उसके साथ गए गांव के ही 24 वर्षीय अमन से 22 सितंबर से कोई संपर्क नहीं हो पाया है। दोनों युवक करीब सवा साल पहले, मई 2024 में विदेशी भाषा का कोर्स करने रूस गए थे। वहीं दूसरी ओर मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास का कहना है कि अभी इस तरह की कोई सूचना नहीं आई है।

### जेल विभाग की सख्ती, नए नियम तय किए

# जेलों में साफ सफाई करेंगे गैंगस्टर महंगे जूते व कपड़े पहनने पर रोक

*स्टाइलिश बाल नहीं रख सकेंगे*

**पंचकूला (हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा में गैंगस्टर कल्चर की कमर तोड़ने की लिए जेल विभाग सख्त फैसले ले रहा है। जेलों में बंद नामी गैंगस्टरों को भी अब सफाई का काम दिया जाएगा। इतना ही नहीं गैंगस्टर टॉयलेट तक साफ करेंगे। इसके फोटो की प्रदर्शनी कॉलेजों में लगाकर बच्चों को दिखाया जाएगा कि जेल की जिंदगी कैसी है। हरियाणा जेल विभाग के महानिदेशक आलोक रॉय ने बताया कि जेल मैन्युअल के अनुसार हर कैदी और बंदी से एक समान काम लिया जाएगा। जेलों में बंद नामी गैंगस्टर का खौफ खत्म करने के लिए आज से प्रदेश भर की जेलों में काम अलॉट कर दिए गए हैं। हर कैदी और बंदी को अब जेल में काम करना होगा।

### नाम और रुतबा खत्म करने की तैयारी



**सफेद कपड़ों में नजर आएंगे कैदी**

आलोक रॉय ने कहा कि जेलों में बंद कैदी अब केवल सफेद कुर्ते पायजामे में नजर आएंगे। चाहे वो नामी गैंगस्टर हो या फिर कोई आम कैदी, हर किसी को एक ड्रैस पहननी होगी। वहीं बंदियों के जींस, ब्रांडेड शूज और कपड़ों पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। उन्हें सामान्य कपड़े पहने होंगे। वही बिना लेस वाले जूते ही बंदियों और कैदियों को जेल में पहनने होंगे।

**बड़े बालों पर चलेगी कैंची**

जेल में बंद कैदी अक्सर स्टाइल में रहने के लिए बड़े बाल कर लेते हैं। अब उन पर भी कैंची चलाने की तैयारी हो रही है। जेल विभाग महानिदेशक आलोक राय ने सभी जेल अधीक्षकों को निर्देशित किया है कि 1 नवंबर से पहले हर कैदी के बाल मैन्युअल के अनुसार मिलने चाहिए। इसके साथ-साथ कैदियों और बंदियों को माला, चेन, अंगूठी और दूसरी फैशन वाली चीजें पहनने पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा।

## शाकाहारी बॉडी बिल्डर वरिंदर घुम्मन का हार्ट अटैक से निधन



**अमृतसर में ऑपरेशन के वक्त भी 2 अटैक आए टाइगर-3 में सलमान संग काम किया**

**जालंधर।** पंजाब के शाकाहारी बॉडी बिल्डर और बॉलीवुड एक्टर वरिंदर सिंह घुम्मन का गुरुवार को निधन हो गया। वह अमृतसर के फोर्टिस अस्पताल में कंधे का ऑपरेशन करवाने के लिए गए थे। इसी दौरान उन्हें 2 हार्ट अटैक आए। वह मूल रूप से गुरदासपुर के तलवंडी के रहने वाले थे। घुम्मन की उम्र करीब 40 साल थी। वह प्रोफेशनल बॉडी बिल्डर और एक्टर थे। घुम्मन ने बॉलीवुड के सुपर स्टार सलमान खान के साथ टाइगर थ्री में काम किया था।

## खबर संक्षेप

### बच्चों के पंजीकरण के लिए अभियान चलेगा

**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रदेश की स्लम बस्तियों और वंचित क्षेत्रों में पंजीकरण से छूटे हुए बच्चों के जन्म-पंजीकरण के लिए एक विशेष अभियान शुरू करें। सिविल सर्जन इन क्षेत्रों का दौरा करेंगे और व्यक्तिगत रूप से गतिविधियों की निगरानी करेंगे। उन्होंने उन जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को भी सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी जिनके जिले में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में कम लिंगानुपात आया है।

### किसानों को अब तक 1945 करोड़ का भुगतान

**चंडीगढ़।** हरियाणा में खरीफ खरीद सीजन 2025 - 26 के दौरान किसानों के खातों में अब तक 1945.99 करोड़ रुपये की अदायगी उनके बैंक खातों में सीधे स्थानांतरित की जा चुकी है। इस तरह सरकार ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का भुगतान सुनिश्चित किया है। मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत किसानों से धान की खरीद की जा रही है। राज्य में अब तक पोर्टल पर पंजीकृत 113083 किसानों से धान की खरीद की गई है।

### हरियाणा में सुधारों से बदली कारोबारी फिजा

**चंडीगढ़।** प्रदेश में जारी अनवरत सुधारों की बदौलत कारोबारी फिजा बदल रही है। प्रदेश में उद्यमियों की परेशानी घट रही है और सुविधाएं लगातार बढ़ रही हैं। प्रदेश को देश का सबसे अधिक कारोबार-अनुकूल राज्य बनाने के मकसद से सभी प्रमुख विभागों ने कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने बृहस्पतिवार यहां एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में राज्य की विनियमन और अनुपालन सरलीकरण से जुड़ी पहलों की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग मिश्रित भू-उपयोग (मिक्स्ड लैंड यूज़) के लिए 'नकारात्मक सूची' लागू करेगा।

### जीएसटी बचत महोत्सव का आयोजन करेगी भाजपा

**पंचकूला।** भाजपा द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चलाये जा रहे आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत पंचकूला में आगामी रविवार को जीएसटी बचत महोत्सव एवं आत्मनिर्भर भारत सम्मलेन का आयोजन किया जायेगा। विधानसभा स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### त्योहारों को लेकर बाजारों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

**फरीदाबाद।** आगामी कुछ दिनों में करवा-चौथ, धनतेरस, दीपावली आदि त्योहार आने वाले हैं, इस दौरान बाजारों में व्यापक स्तर पर खरीदारी की जाती हैए जिससे बाजारों में भीड़ बढ़ती है और यातायात व्यवस्था अनियंत्रित रहती है। जिसके मद्देनजर 9 अक्टूबर को पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता ने सभी पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त, ट्रैफिक निरीक्षक व सभी जोनल अधिकारी के साथ गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी के दौरान पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रणनीति बनाई।

स्वास्थ्य मंत्री बोलीं : डेंगू जांच के लिए 65707 सैंपल लिए, 1041 मामलों की पुष्टि

# अस्पतालों में मुफ्त प्लेटलेट्स की सुविधा डेंगू पीड़ितों के लिए वार्ड व बेड आरक्षित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि प्रदेश के लोगों के लिए राज्य के सरकारी अस्पतालों में मुफ्त प्लेटलेट्स (सिंगल डोनर प्लेटलेट्स ) की सुविधा उपलब्ध है और जरूरत पड़ने पर सरकार निजी ब्लड बैंक से भी मुहैया करवाएगी। प्रदेश में डेंगू की स्थिति नियंत्रण में है , सरकार लगातार निगरानी कर रही है। वे चंडीगढ़ में अपने सरकारी आवास पर मीडिया से रुबरु हो रही थीं। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि प्रदेश में अब तक डेंगू की जांच के लिए 65707 सैंपल लिए जा चुके हैं, जिनमें 1041 मामलों की पुष्टि हुई है। डेंगू से किसी भी व्यक्ति की मृत्यु नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि डेंगू की जांच के लिए लगातार परीक्षण किए जा रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में फ्री जांच की जा रही है जबकि प्राइवेट अस्पतालों के लिए भी मात्र 600 रुपये की फीस निर्धारित की गई है। ब्लॉक स्तर पर भी ब्लड सैंपलिंग शुरू की हुई है। इसके लिए 27 टेस्टिंग लैब्स सक्रिय हैं। सरकारी अस्पतालों में 255 वार्ड और 1091 बेड डेंगू रोगियों के लिए आरक्षित किए गए हैं।

## 3.17 करोड़ घरों का सर्वेक्षण, 1.73 लाख में मिला डेंगू के मच्छर का लारवा



उन्होंने बताया कि डेंगू फैलने के मौसम को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अब तक 3.17 करोड़ घरों का सर्वेक्षण किया गया, जिनमें से 1.73 लाख घरों में डेंगू का लारवा मिला और तुरंत उसको नष्ट कर दिया गया। जिन घरों में बार-बार लारवा पाया गया है , विभाग द्वारा उन घरों को नोटिस भी जारी किया गया है। अब तक 87,143 घरों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। राज्य में अब तक 7874 स्थानों पर फॉगिंग की गई है।

## 28 मोबाइल फूड सेफ्टी टेस्टिंग वैन खरीदी जाएंगी

उन्होंने आगे बताया कि सरकार जल्द ही 28 मोबाइल फ्रूड सेफ्टी टेस्टिंग वैन की खरीद करेगी , इनसे एनसीआर में पड़ने वाले हरियाणा के 14 जिलों में नकली खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वालों पर पैनी नजर रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि त्योहारों का सीजन देखते हुए प्रदेश सरकार लगातार मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान चला रही है। जगह-जगह सैंपल लिए जा रहे हैं।

अक्तूबर 2024 से लेकर अब तक खाद्य पदार्थों के 3682 सैंपल लिए गए है जिनमें से 606 सैंपल फेल हुए हैं। जो सैंपल फेल हुए हैं उनके खिलाफ एडीसी -कम-एडजुडिकेटिंग-ऑफिसर की कोर्ट में केस दायर किए गए हैं। अब तक खराब खाद्य सामग्री बेचने वालों पर 1 करोड़ 10 लाख 56 हजार का जुर्माना भी किया जा चुका है। विभाग अलर्ट मोड पर काम कर रहा है।

### 28 हजार शिविर लगाए, 28 लोगों की जांच की गई

स्वास्थ्य विभाग द्वारा 28 हजार कैंप लगाए गए और इनमें करीब 28 लाख लोगों की जांच की गई। सरकारी अस्पतालों के अलावा भी अन्य अस्पतालों द्वारा एक लाख 27 हजार लोगों की जांच की गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने एक अन्य सवाल के जवाब में बताया कि विभाग ने दवाओं और कन्जुमेबल आइटम्स समेत 241 वस्तुओं को खरीदने के लिए रेट तय किए हैं। इन पर 419 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसी प्रकार, 28 चिकित्सा उपकरण खरीदने के लिए 134 करोड़ रुपए के रेट का कॉन्ट्रैक्ट हुआ है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में अक्तूबर 2024 से लेकर अब तक 103 करोड़ रूपये के 590 ऑनलाइन परचेज आर्डर किये गए हैं। इनमे लाइफ सेविंग मेडिसिन , एंटी बायोटिक मेडिसिन एंड इंजेक्शन आदि शामिल हैं। इसके साथ ही 56 करोड़ की लागत के चिकित्सा उपकरण के परचेज आर्डर भी जारी किए जा चुके हैं।आगे जानकारी दी कि जल्द ही पीपीपी मोड पर बहादुरगढ़ , चरखी दादरी , नारनौल और फतेहाबाद में सिटी स्कैन मशीन लगाई जाएंगी।

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने फुकुओका के उप-राज्यपाल के साथ की बैठक

# जापान के साथ ऑटोमोटिव और रोबोटिक्स में सहयोग पर चर्चा



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने जापान दौरे के दौरान बृहस्पतिवार फुकुओका प्रान्त के उप-राज्यपाल के साथ एक अहम बैठक कर ऑटोमोटिव विनिर्माण, रोबोटिक्स और उन्नत प्रौद्योगिकियों में सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा हुई। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा का प्रतिनिधिमंडल हाल ही में जापान के दौरे पर गया था, जहां टोक्यो और ओसाका में उच्च-स्तरीय बैठकों के माध्यम से निवेश के अवसरों को बढ़ावा दिया गया। अब उद्योग मंत्री के नेतृत्व में यह दौरा अन्य औद्योगिक क्षेत्रों का दौरा कर रहा है।

### 'हैपनिंग हरियाणा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' का न्योता

उद्योग मंत्री ने फुकुओका प्रान्त के उप-राज्यपाल और कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों को हरियाणा में 2026 में होने वाले आगामी 'हैपनिंग हरियाणा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। यह सम्मेलन द्विपक्षीय साझेदारी, प्रौद्योगिकी आदान-प्रदान और निवेश सहयोग को और मजबूत करने के लिए एक गतिशील मंच के रूप में कार्य करेगा।गौरतलब है कि फुकुओका, ऑटोमोबाइल कंपनियों के अपने मजबूत आधार और रोबोटिक्स एवं इंजीनियरिंग में विशेषज्ञता के लिए जाना जाता है।

## उपराष्ट्रपति से मिले मुख्यमंत्री सैनी



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में देश के उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अपने जापान दौरे व हरियाणा में चल रही विकास की योजनाओं की जानकारी को साझा किया।

राजस्व मंत्री ने ली अधिकारियों की बैठक

## प्रदेश की तहसीलें होंगी मॉडर्न, कैफेटेरिया और तमाम आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल की अध्यक्षता में सचिवालय में मॉडर्न तहसील परियोजना को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों सहित विभिन्न हितधारक उपस्थित रहे। इस परियोजना का उद्देश्य तहसील कार्यालयों को डिजिटल और आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित कर जनसेवाओं को पारदर्शी, त्वरित और सुगम बनाना है। बैठक में विपुल गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार विकसित हरियाणा-2047 के विजन के तहत प्रशासनिक सुधारों को प्राथमिकता से लागू कर रही है। इसी कड़ी में मॉडर्न तहसील परियोजना के अंतर्गत तहसील कार्यालयों में कैफेटेरिया और तमाम आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### नगर पालिका कर्मचारियों के साथ बैठक में कई मांगों पर सहमति

**चंडीगढ़ ।** निकाय मंत्री विपुल गोयल ने पूर्व में मांगों के पात्र 15 दिन में जारी करने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि 19 नवंबर के बाद पुनः पालिका कर्मचारियों और फायर के कर्मचारियों की मांगों पर विस्तारित बैठक की जाएगी। निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा सरकार द्वारा सीवर मैन और सफाई कर्मचारियों की पक्की भर्ती करने के लिए बनाई गई कमेटी में जिला उपायुक्तों के स्थान पर नगर निगम आयुक्त और पालिका परिषदों के जिला आयुक्त को अध्यक्ष नियुक्त कर भर्ती प्रकिर्या जल्द शुरू करने का पत्र 15 दिन में जारी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बेलदार माली ट्यूबल हेल्पर सहित अन्य ग्रुप डी के कर्मचारियों को तेल साबुन देने, पालिका, परिषद और निगमो में शामिल हुए गांवो के सफाई कर्मचारी व ट्यूबवेल ऑपरेटरो को ड्यूटी पर लेने सहित अन्य मांगों पर बैठक में चर्चा की गई।

## कॉमन कैडर के ग्रुप-डी पदों की नामावली पर संशय खत्म

- चपरासी-कम-चौकीदार, माली-कम-चौकीदार व माली-कम-स्वीपर जैसे संयोजित पदों को क्रमशः चपरासी और माली के समकक्ष माना जाएगा

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने निर्णय लिया है कि चपरासी-कम-चौकीदार, माली-कम-चौकीदार तथा माली-कम-स्वीपर जैसे संयोजित पदों को क्रमशः चपरासी और माली के समकक्ष माना जाएगा। यह निर्णय कॉमन कैडर के अंतर्गत की जाने वाली पोस्टिंग पर लागू होगा।मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस सम्बन्ध में एक पत्र जारी किया गया है। यह निर्णय हरियाणा ग्रुप-डी कर्मचारी (भर्ती एवं सेवा शर्तें) अधिनियम, 2018 की धारा 23 के अनुरूप है, जिसके अंतर्गत यह

**मुख्य सचिव ने पत्र जारी किया**

अधिनियम अन्य सभी सेवा नियमों पर वरीयता रखता है। उल्लेखनीय है कि विज्ञापन संख्या 01/2023 के तहत नियुक्त हुए कई कर्मचारी पदनामों में असमानता के कारण अपने आवंटित विभागों में कार्यभार ग्रहण नहीं कर पा रहे थे। माली बनाम माली-कम-चौकीदार तथा चपरासी बनाम चपरासी-कम-चौकीदार जैसे पदों के भिन्न नामों से भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई थी।

## सीपीए कॉन्फ्रेंस में हरियाणा विधानसभा कमेटियों की 'ऑन-द-स्पॉट विजिट्स' की चर्चा

**चंडीगढ़।** बारबाडोस की राजधानी ब्रिजटाउन में चल रही राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) की 68वीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस में हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने मंगलवार को कई सत्रों में हिस्सा लिया और हरियाणा विधानसभा के कार्यप्रणाली से जुड़े नवाचारों को साझा किया। हरियाणा विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सीपीसी वर्कशॉप ए में 'लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए संस्थागत सुदृढ़ता' विषय पर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर उन्होंने हरियाणा विधान सभा की समितियों द्वारा किए जाने वाले 'ऑन-द-स्पॉट विजिट्स' का उल्लेख किया और बताया कि इन स्थल निरीक्षणों से नीतियों के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ी है। उनके इस उल्लेख को सम्मेलन के समापन सत्र में चेयरमैन द्वारा विशेष रूप से भारत में प्रचलित इस प्रणाली को संदर्भित किया गया।

स्वच्छ राजौंद स्वच्छ हरियाणा
Ph. No. 01746-256257
Municipal Committee, Rajound
Kaithal Assandh Road, Rajound-136044
E-mail: secy.rajound@gmail.com

सूचना

नगरपालिका राजौन्द द्वारा श्री राकेश राणा उर्फ बंगाली निवासी राजौन्द को तालाबों में बिना अनुमति के मछली पालन का कार्य करने बाबत दिनांक 19.09.2025- को 01 सप्ताह के अन्दर व दिनांक 29.09.2025 को 03 दिन के अन्दर 12 वर्षों की राशि 5500000/- रू० नगरपालिका कोष में जमा करवाने बारे रजिस्टर्ड डाक द्वारा नोटिस दिया गया था परन्तु आप द्वारा इन रजिस्टर्ड नोटिसों को लेने से मना कर दिया और ना ही उक्त राशि को अब तक नगरपालिका कोष में जमा करवाया गया है। अतः इस अन्तिम नोटिस के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि एक सप्ताह के अन्दर अन्दर 5500000/- रू० तुरन्त नगरपालिका कोष मे जमा करवाना सुनिश्चित करें अन्यथा उक्त राशि को आपकी प्रोपर्टी जिसकी पी०आई०डी० 7V39DQL4 से वसूल करने बारे माननीय न्यायालय में केस दायर कर दिया जाएगा।

हस्ता/-सचिव, नगरपालिका राजौन्द।

CH. DEVI LAL COOP. SUGAR MILLS LTD., GOHANA

TENDER NOTICE

Contact Numbers: 9050001542 (SSM)

Online tenders are invited from Manufacturers / Traders / Authorized Distributors /Experienced (Sugar) Exporters for following items.

**1. Sale of 25000 qtlMolasses.**

The online tenders can be submitted on Haryana E-procurement website https://etenders.hry.nic.in/. On line (E-Tendering) tenders completed in all respects should be filed / submitted **latest by 16/10/2025 up to 09:00 A.M** on this site. All bidder firms should file / submit both their technical as well as financial bids through online mode on this website. **Tenders will be opened on 9:30 AM of 16/10/2025**. Undersigned reserves the right to cancel / reject any / all tenders without assigning any reason thereof. ***The negotiations will be held on 16/10/2025 at 12-30 PM in BOA meeting.***

Sd/- Managing Director

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने दुबई के गुरुद्वारे गुरु नानक दरबार में की अरदास

**चंडीगढ़।** केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलें एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने विदेश दौरे के दौरान दुबई स्थित गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार, जैबेल अली में अरदास कर देश वासियों के सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने ने कहा कि गुरुओं की वाणी आज भी मानव जाति का मार्गदर्शन कर रही हैं। हम सभी को गुरुओं के संदेश को घर-घर तक पहुंचाना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियां उनसे प्रेरणा लेती रहे। हमें गुरुओं के संदेशों पर अमल कर उन्हें अपने जीवन में धारण करना चाहिए।

### केंद्रीय मंत्री ने सिखों व पंजाबी समाज को सराहा



उन्होंने दुबई में प्रगति कर रहे, सिख व पंजाबी समाज की तारीफ की और स्वागत के लिए उनका धन्यवाद किया। केंद्रीय मंत्री का दुबई स्थित गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार, जैबेल अली में पहुंचने पर गुरुद्वारा साहिब के मुख्य सेवादार सरदार सुरिंदर सिंह कंधारी और प्रबंधक सेवक एसपी सिंह ओबेरॉय ने उन्हें सिरोपा और सम्मान चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उनके साथ काउंसलेट जनरल सतीश कौशिक साथ मौजूद रहे।

उत्तर रेलवे

ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र. सं. | नीलामी कैटलॉग सं. | कार्य का विवरण | नीलामी की तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-Int-240044-1-25-1 (Advertising-Train Interior) | ट्रेन संख्या 52457/58 में वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान के लिए विनाइल स्टिकर्स और बोर्ड का उपयोग करके ट्रेन कोचों के अंदरूनी हिस्से में विज्ञापन (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार)। | 13.10.2025 15.00 Hrs. |
| 2 | ADVT-Int-239887-1-25-1 (Advertising-Train Interior) | ट्रेन संख्या 52455/56 में वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान के लिए विनाइल स्टिकर्स और बोर्ड का उपयोग करके ट्रेन कोचों के अंदरूनी हिस्से में विज्ञापन (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार)। | 13.10.2025 15.00 Hrs. |
| 3 | ADVT-Int-98543-2-25-1 (Advertising-Train Interior) | ट्रेन संख्या 52451/52 में वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान के लिए विनाइल स्टिकर्स और बोर्ड का उपयोग करके ट्रेन कोचों के अंदरूनी हिस्से में विज्ञापन (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार)। | 13.10.2025 15.00 Hrs. |
| 4 | ADVT-Int-273108-1-25-1 (Advertising-Train Interior) | ट्रेन संख्या 52453/54 में वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान के लिए विनाइल स्टिकर्स और बोर्ड का उपयोग करके ट्रेन कोचों के अंदरूनी हिस्से में विज्ञापन (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार)। | 13.10.2025 15.00 Hrs. |
| 5 | ADVT-Int-132321-1-25-1 (Advertising-Train Interior) | ट्रेन संख्या 52459/58 में वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान के लिए विनाइल स्टिकर्स और बोर्ड का उपयोग करके ट्रेन कोचों के अंदरूनी हिस्से में विज्ञापन (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार)। | 13.10.2025 15.00 Hrs. |
| 6 | ATM-UMB-RPJ-Gen-41-25-1 (ATM General) | स्थान – ए (साइट–2) पर राजपुरा रेलवे स्टेशन पर यूटीएस/पीआरएस हॉल के बाहर एटीएम की सुविधा के लिए स्थान का आवंटन (संरचना के बिना) (साइट प्लान के अनुसार)। | 13.10.2025 15.00 Hrs. |
| 7 | ATM-UMB-RPJ-Gen-40-25-1 (ATM General) | स्थान – ए (साइट– 1) पर राजपुरा रेलवे स्टेशन पर यूटीएस/पीआरएस हॉल के बाहर एटीएम की सुविधा के लिए स्थान का आवंटन (संरचना के बिना) (साइट प्लान के अनुसार)। | 13.10.2025 15.00 Hrs. |
| 8 | MSS-UMB-UMB-MedStn.-39-25-1(Misc.-Static-Services-Medical Facilities at Station) | अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर 345 वर्ग फुट क्षेत्र में आपातकालीन चिकित्सा कक्ष (ईएमआर) की स्थापना, संचालन और रखरखाव। | 13.10.2025 15.00 Hrs. |
| 9 | MMS-HRC-202686-1-25-1 (Head Rest Covers Advertisement in Trains) | ट्रेन संख्या 12045/46 चंडीगढ़–नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस के सभी एक्जीक्यूटिव क्लास और चेयर कार क्लास कोचों के सभी सीटों पर हेडरेस्ट कवर के प्रावधान के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन अधिकार (संबद्ध कोच संरचना के अनुसार)। | 13.10.2025 15.00 Hrs. |
| 10 | PARKING-UMB-CDG-AC-112-25-1 (Parking-Access Controlled) | अंबाला मंडल में चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन के सेकंड एंट्री (पंचकूला साइड) पर ई–रिक्शा/तीन पहिया वाहन (786 वर्ग मीटर), टैक्सी (1651 वर्ग मीटर), दो पहिया वाहन पार्किंग (1744 वर्ग मीटर), चार पहिया वाहन पार्किंग (7145 वर्ग मीटर) के लिए व्यापक पार्किंग कम एक्सेस कंट्रोल अधिकार क्षेत्र का आवंटन, कुल पार्किंग स्थल क्षेत्र 11,326 वर्ग मीटर। | 13.10.2025 15.00 Hrs. |

ई–नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जायें।

3117/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# आईपीएस अधिकारी के निधन पर नेताओं ने शोक जताया

*वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार के निधन पर शोक जताने के लिए कई नेता उनके घर पहुंचे। वहीं, नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा , सांसद कुमारी सैलजा, इनेलो व जजपा नेताओं ने मामले पर चिंता जताते हुए इसकी उच्चस्तरीय जांच करवाने की मांग की।*

### इतने बड़े पुलिस अधिकारी का सुसाइड दुःखद मामला

**चंडीगढ़ ।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा ने आईपीएस वाई पूरन कुमार आत्महत्या मामले में निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि कोई भी दोषी बख्शा नहीं जाना चाहिए और किसी निर्दोष पर आंच नहीं आनी चाहिए। मामले में न्याय सुनिश्चित करना प्रदेश सरकार की जिम्मेदारी है।हुड्डा ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। इसके बीच में इतने बड़े पुलिस अधिकारी का सुसाइड बेहद ही दुखद घटना है। इस घटना ने पूरे प्रदेश को हिलाकर रख दिया है। आज खुद पुलिस के इतने बड़े अधिकारी सुरक्षित नहीं है।



### घटना ने पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया

**चंडीगढ़ ।** सांसद सैलजा ने कहा कि हरियाणा के एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी द्वारा की गई आत्महत्या की दुखद घटना ने पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया है। यह न केवल एक व्यक्तिगत त्रासदी है, बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र पर गंभीर प्रश्न चिह्न खड़ा करती है। एक ईमानदार अधिकारी को यदि सिस्टम की विफलताओं के कारण ऐसा कठोर कदम उठाना पड़े, तो यह बेहद चिंता का विषय है। मैं दिवंगत अधिकारी के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करती हूं और ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि उन्हें इस दुख को सहन करने की शक्ति दे।



### निष्पक्षता के साथ उच्च स्तरीय जांच करवाए सरकार

**चंडीगढ़ ।** गहरियाणा कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार आत्महत्या मामले को लेकर जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने सरकार से उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। अजय चौटाला ने कहा कि वाई पूरन की सुसाइड का मामला बेहद गंभीर है, इसलिए सरकार को इस मामले की निष्पक्षता के साथ उच्च स्तरीय जांच करवानी चाहिए और जो लोग इसमें दोषी है, उनको जरूर सजा मिलनी चाहिए। वीरवार को अजय चौटाला दादरी जिले में जेजेपी जिला स्तरीय बैठक के बाद पत्रकारों से रूबरू थे।



### घटना बहुत गंभीर व सोचने वाली : ढांडा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई. पूरन कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी और वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने कहा कि यह घटना बहुत गंभीर और सोचने वाली है। उन्होंने कहा, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतने सीनियर अधिकारी को भी इस तरह की प्रताड़ना और दबाव झेलना पड़ा। अनुराग ढांडा ने कहा कि जब किसी आम आदमी को पुलिस पूछताछ के लिए बुलाती है तो बीजेपी के नेता उसे छुड़ाने पहुंच जाते हैं। लेकिन जब कोई दलित समाज से जुड़ा व्यक्ति बड़ा पद हासिल करता है तो उस पर गंदे वीडियो बनाए जाते हैं, भड़काऊ बयान दिए जाते हैं और उसे नीचा दिखाने की कोशिश की जाती है। उन्होंने बीजेपी सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि यह मामला भी वैसा ही दिखता है। एक सीनियर ऑफिसर को लगातार प्रताड़ित किया गया और हरियाणा की बीजेपी सरकार ने आंखें मूंद लीं। 10 साल से ज्यादा हो गए बीजेपी को सत्ता में और दलितों पर लगातार अत्याचार बढ़ रहे है।



## हिसार में रोडवेज बस सड़क किनारे गड्ढे में फंसी

# ट्रक को बचाने के चक्कर में बिगड़ गया संतुलन, 60 यात्रियों की सांसें अटकीं

### ड्राइवर ने खिड़की के रास्ते सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हिसार से सूरतगढ़ जा रही राज्य परिवहन के हिसार डिपो की बस सड़क के नीचे उतरकर गड्ढे में धंस गई। जिस दौरान यह हादसा हुआ, उस समय बस में 60 से ज्यादा यात्री सवार थे। हादसा बालसमंद रोड पर गांव धीरणवास के पास हुआ जब बस सड़क से नीचे उतरकर गड्ढे में धंस गई। बताया जा रहा है कि यह घटना एक निजी स्कूल के पास हुई।

गनीमत रही इस दौरान बस में सवार यात्रियों में से किसी को कोई चोट नहीं आई। बस पूरी तरह से सड़क से नीचे उतर गई थी। यात्रियों को ड्राइवर ने खिड़की के रास्ते सुरक्षित बाहर निकाला। रोडवेज के ड्यूटी इंचार्ज श्रवण ने बताया कि हिसार से सूरतगढ़ के लिए सुबह करीब 8 बजे बस चलती है।

### हिसार से सूरतगढ़ जा रही थी



#### गलत दिशा से आ रहा था ट्रक

हिसार डिपो की यह बस बालसमंद की ओर आ रही थी, तभी सामने से गलत दिशा में आ रहे एक ट्रक को बचाने के प्रयास में रोडवेज ड्राइवर ने बस को सड़क से नीचे उतारा, जिससे वह धंस गई। बस के गड्ढे में धंसने के बाद रोड पर जाम लग गया। इसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और जाम की स्थिति को नियंत्रित किया। हादसे के बाद यात्री काफी डरे रहे। इसके बाद उक्त बस को बाहर निकाल कर यात्रियों को फिर से इसी बस से उनके गंतव्य तक ले जाया गया।

**- अनिल कुमार,** बालसमंद बस स्टैंड इंचार्ज

#### सड़क की पटरी कमजोर होने से अक्सर हो रहे हादसे

यह बस धीरणवास गांव के पास सड़क से नीचे उतरकर गड्ढे में धंस गई थी, लेकिन इस हादसे में किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ। बाद में बस को गड्ढे से निकालकर उसके गंतव्य सूरतगढ़ की ओर रवाना किया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, आर्यनगर ड्रेन से धीरणवास गांव तक करीब पांच किलोमीटर के क्षेत्र में सड़क किनारे और 100 एकड़ से अधिक जमीन पर पिछले एक महीने से पानी भरा हुआ है। सड़क किनारे पानी जमा होने से मिट्टी में नमी आ गई है, जिससे सड़क की पटरी कमजोर हो गई है। इस कमजोर पटरी के कारण वाहनों का सड़क से नीचे उतरना हादसों का कारण बन रहा है। इन दिनों इस क्षेत्र में पांच से अधिक ट्रक सहित कई अन्य वाहन भी धंस चुके हैं।

#### तीन दिन पहले भी बेकाबू हो गई थी बस

इससे पहले 6 अक्टूबर को सुबह करीब सवा 7 बजे सुलखनी से धांसू रोड पर फैली गीली पराली से फिसल कर रोडवेज बस सड़क से उतर गई थी। बस के सड़क किनारे उतरने से सवारियों में अफरा तफरी मच गई थी। बस पेड़ से टकराकर रुक गई थी, हालांकि इसमें कोई घायल नहीं हुआ था। यह बस घिराय से सुलखनी, धांसू होते हुए हिसार रही थी। सुलखनी से धांसू मार्ग पर धांसू मोड़ के पास हुआ बस अचानक बेकाबू हुई। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए बस को संभाला, जिससे बस कीकर से पेड़ से टकराई। आसपास के लोगों ने पहुंचकर यात्रियों की सहायता की। इससे बस के आगे के हिस्से को नुकसान हुआ था।

# मेरी फसल, मेरा ब्यौरा पोर्टल में आवेदन करने वाले किसानों को ही मिलेगा खाद

*रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने प्रदेश के सभी कृषि उपमंडल अधिकारियों को आदेश किए जारी, विभाग के अधिकारी किसानों को प्रेरित करने में जुटे*

महेश कुमार ⏭ महेंद्रगढ़

सरकार ने किसानों को समय पर पारदर्शी तरीके से खाद उपलब्ध कराने के लिए बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश में मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर पोर्टल पर आवेदन करने वाले किसानों को ही खाद मिलेगी। विभाग की मानें तो इस व्यवस्था से वितरण में गड़बड़ियों पर रोक लगेगी और समय पर खाद मिलेगी। पंचकूला जिला इस योजना को पायलेट प्रोजेक्ट के तौर पर लागू किया गया था। योजना के सकारात्मक परिणाम आने के बाद इसको प्रदेशभर में लागू कर दिया गया है। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने प्रदेश सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए इंटीग्रेटेड फर्टिलाइज़र मैनेजमेंट सिस्टम को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल से जोड़ने की स्वीकृति दे दी है। अब खाद केवल उन्हीं किसानों को मिलेगा जो पोर्टल पर पंजीकृत होंगे। इससे जहां एक ओर कालाबाजारी और ब्लैक में बिक्री पर लगाम लगेगी, वहीं दूसरी ओर किसानों को खाद समय पर सरकारी दरों पर उपलब्ध कराई जा सकेगी।

#### किसानों को पोर्टल पर कराना होगा पंजीकरण



किसान को खाद खरीदने के लिए 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य है। नई व्यवस्था में राज्य सरकार और केंद्र को जानकारी आसानी से मिल सकेगी कि किस किसान को कब और कितना खाद मिला। इससे वितरण प्रणाली में पारदर्शिता आएगी और कोई भी किसान खाद से वंचित नहीं रहेगा। स्टॉक की निगरानी डिजिटल हो सकेगी। **-अजय यादव,** उपमंडल अधिकारी, कृषि विभाग, महेंद्रगढ़

#### आवेदन के लिए पोर्टल है ओपन



किसानों के लिए खाद से संबंधित कोई नियम-शर्त नहीं हैं। सिर्फ पोर्टल पर पंजीकरण कराना है। इसी आधार पर खाद मिलेगी। पंजीकरण के बाद जिन स्थानों से खाद खरीदेंगे, वहां पीओएस (प्वाइंट ऑफ सेल) पर संबंधित पंजीकरण नंबर भरा जाएगा। कुछ दिन में सरसों की बिजाई शुरू होने वाली है। मेरा फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल खुला हुआ है। किसान किसी भी सीएससी सेंटर पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। **-पंकज राव,** सीएससी सेंटर संचालक

#### खाद की कालाबाजारी पर लगेगी लगाम

प्रदेश में कुछ वर्षो से खाद की समस्या की बनी हुई है। किसानों को खाद के लिए दिनभर लंबी लाइन में लगना पड़ता है। वहीं कुछ विक्रेताओं तथा किसानों की ओर से खाद का स्टॉक भी कर लिया जाता है, जिससे काफी किसानों को समय खाद नहीं मिल पाता। ऐसे में काफी किसानों को महंगे दामों में खाद खरीदना पड़ता है। कई जगहों पर ऐसे मामले सामने आते रहे हैं, जहां फर्जी किसानों के नाम पर खाद उठाकर ऊंचे दामों पर बेची जाती थी। असली किसानों को खाद नहीं मिल पाती थी। प्रदेश के साथ लगते पंजाब और राजस्थान के जिला में खाद की सप्लाई होती है। लेकिन अब नई व्यवस्था में केवल पंजीकृत किसान ही खाद ले सकेंगे। पोर्टल पर पंजीकरण के बाद सरकार को अनुमान लग जाएगा कि इस बार किसानों को कितने खाद की आवश्यता होने वाली है। ऐसे में सरकार किसानों को आसानी से समय पर उपलब्ध करा सकेगी।

## द्वारका एक्सप्रेसवे पर युवक ने किया खतरनाक स्टंट

**गुरुग्राम।** द्वारका एक्सप्रेसवे की टनल में खतरनाक स्टंट करने का मामला सामने आया है। इस स्टंट की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। हालांकि इस संबंध में गुरुग्राम पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वीडियो में दिख रहा है कि एक युवक कार की सनरूफ से बाहर निकलकर कार की छत पर बैठकर ड्रिंक कर रहा है। वीडियो रात के समय का है, जिसमें युवक डांस भी करता देखा जा सकता है। हालांकि द्वारका एक्सप्रेसवे पर स्टंट का पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कई बार गुरुग्राम में कारों से स्टंट के मामले सामने आ चुके हैं। रात को स्टंट किए जाने का यह मामला कब का है, यह जानकारी नहीं मिली है। वीडियो में द्वारका एक्सप्रेस-वे की एयरपोर्ट की ओर जाने वाली टनल में तेज रफ्तार कार में सवार युवक सनरूफ खोलकर बाहर निकलता है और युवक ने न केवल शराब का गिलास हाथ में लिया हुआ है, बल्कि वह जोर-जोर से संगीत की धुन पर झूमता दिख रहा है। इस दौरान अन्य वाहन चालक भी युवक को देख स्तब्ध रह गए।

- **एयरपोर्ट टनल में कार की सनरूफ खोलकर युवक ने छत पर शराब पी, डांस भी किया**

**एंटी करप्शन ब्यूरो की कार्रवाई**

## फतेहाबाद में 15 हजार रिश्वत लेते बैंक मैनेजर को पकड़ा

**भूना।** नाढोड़ी गांव के किसान से लोन पास करने की एवज में रिश्वत मांगने वाले बैंक मैनेजर रामफल बिश्नोई को एंटी करप्शन ब्यूरो हिसार की टीम ने रंगे हाथों दबोच लिया। टीम ने आरोपी शाखा प्रबंधक को 15 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई इंस्पेक्टर दलबीर सिंह के नेतृत्व में की गई। नाढोड़ी गांव के किसान कृष्ण कुमार पुत्र घन्नीराम ने खेतों में अंडरग्राउंड पाइपलाइन डालने के लिए दि फतेहाबाद जिला प्राथमिक सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक शाखा भूना में 6 लाख का लोन लेने के लिए आवेदन किया था। बैंक मैनेजर बार-बार फाइल में खामियां निकालता रहा। किसान ने बार-बार परेशान किए जाने का कारण पूछा तो बैंक मैनेजर ने 70 हजार रिश्वत की मांग कर दी। मिन्नतों के बाद 35 हजार में बात तय हुई। किसान ने 20 हजार पहले दे दिए थे, जबकि शेष 15 हजार लोन पास होने के बाद देने की बात हुई थी।

#### रकम जारी करने में टालमलोट

लोन तो पास हो गया, रकम जारी करने में मैनेजर टालमटोल करता रहा था। किसान ने हारकर हिसार एसीबी में शिकायत की। गुरुवार को एसीबी टीम ने किसान को 15 हजार देकर बैंक भेजा। जैसे ही किसान ने बैंक मैनेजर को रिश्वत की राशि सौंपी। इसके बाद टीम ने तुरंत बैंक में दबिश देकर मैनेजर को काबू कर लिया। टीम आरोपी को गिरफ्तार कर हिसार ले गई।

#### मुकदमा दर्ज कर होगी पूछताछ

इस संबंध में एसीबी टीम इंचार्ज दलबीर सिंह ने बताया कि शाखा प्रबंधक रामफल को 15 हजार की रिश्वत मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके मामले से संबंधित पूछताछ की जाएगी

## कैथलः करंट से मौत मामले में लाइनमैन सहित तीन सस्पेंड

- बिजली विभाग की लापरवाही से गई जान

**कैथल।** शनिवार को गांव कैलरम में बिजली विभाग की लापरवाही से 26 वर्षीय युवक संदीप की मौत मामले में बिजली निगम के अधीक्षक अभियंता ने कडा संज्ञान लेते हुए एक लाइनमैन व दो सहायक लाइनमैन को सस्पेंड कर दिया है। सस्पेंडर होने वालों में लाइनमैन अशोक तथा एएलएम अनिल और पवन शामिल है। बता दें कि मामले में ग्रामीणों द्वारा कैथल में प्रदर्शन भी किया गया था। गौरतलब है कि गांव कैलरम का 26 वर्षीय संदीप खेती-किसानी का काम करता था। बीते दिनों उसके घर के सामने से ट्रांसफार्मर को शिफ्ट किया गया था, जहां बिजली की दो तारों को अच्छे से खींचा गया था जबकि एक तार को ऐसे ही छोड़ दिया गया था, जिससे वह काफी नीचे की तरफ रह गई थी। इस वजह से शनिवार को काम करते वक्त संदीप की ट्राली से करंट की तार टच हो गई और मौके पर ही करंट लगने से युवा की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि संदीप की शादी को महज एक साल हुआ था। वह परिवार में इकलौता कमाने वाला था। हादसे के कई दिन बाद तक भी बिजली विभाग का कोई भी अधिकारी या कर्मचारी परिवार की सूध लेने नहीं पहुंचा।

#### जांच कार्यकारी अभियंता को सौपी : अधीक्षक अभियंता

कैथल पॉवर हाउस से अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने बताया कि लाइनमैन अशोक तथा एएलएम अनिल और पवन को सस्पेंड किया गया है तथा मामले की जांच कार्यकारी अभियंता को सौपी गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर ही आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## फरीदाबाद में कोल्ड ड्रिफ सिरप बैन,बिक्री और वितरण पर रोक, सिविल सर्जन बोले, विभाग अलर्ट मोड पर

**फरीदाबाद।** मध्य प्रदेश और राजस्थान में कोल्डड्रिफ सिरप पीने से कई बच्चों की मौत के बाद हरियाणा सरकार भी अलर्ट मोड पर आ गई है। दोनों राज्यों में जिस दवा कंपनी के सिरप से बच्चों की मौत हुई, उसे लेकर अब हरियाणा में भी सख्ती बरती जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने उस कंपनी के कोल्डड्रिफ सिरप की बिक्री और वितरण पर प्रतिबंध लगा दिया है, ताकि प्रदेश में किसी तरह की अप्रिय घटना न हो सके। फरीदाबाद के सिविल सर्जन डॉ. जयंत आहूजा ने बताया कि फिलहाल हरियाणा के किसी जिले में वह सिरप उपलब्ध नहीं है, लेकिन फिर भी एहतियात के तौर पर सरकार ने उसकी बिक्री पर रोक लगा दी गई है।







# गोल्ड 'ईटीएफ' में भारत बना एशिया में नंबर वन, सितंबर में रिकॉर्ड रहा इनफ्लो

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के गोल्ड ईटीएफ ने सितंबर में कमाल कर दिया। सोने के ये एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स यानी ईटीएफ ने पिछले महीने रिकॉर्ड 902 मिलियन डॉलर यानी करीब 7600 करोड़ रुपए का इनफ्लो हुआ है।

- ये लगातार चौथा महीना जब रिकॉर्ड इनफ्लो हुआ

ये आंकड़ा अगस्त के मुकाबले 285 फीसदी ज्यादा है, और ये लगातार चौथा महीना है जब इनमें इनफ्लो अधिक रहा है। ये एशिया में अब तक का सबसे ऊंचा रिकॉर्ड है। उसके मुकाबले ये 285 फीसदी का उछाल है-यानी अगर अगस्त में 235 मिलियन डॉलर आया था, तो सितंबर ने उसे तीन गुना से ज्यादा कर दिया।

## ईटीएफ ने पिछले महीने रिकॉर्ड 7600 करोड़ रुपए का हुआ इनफ्लो

### क्या है गोल्ड ईटीएफ?

ये ऐसे फंड्स हैं जो सोने की कीमतों पर आधारित होते हैं। आप सीधे सोना खरीदने की बजाय स्टॉक एक्सचेंज पर इनके यूनिट्स खरीद लेते हैं। कोई लॉकर की टेंशन नहीं, कोई चोरी का डर नहीं, बस ऐप या ब्रोकर के जरिए ट्रेड करो। लोग महंगाई से बचने के लिए सोने को सेफ इनवेस्टमेंट मान रहे हैं। ग्लोबल अनिश्चितताएं, जैसे जियोपॉलिटिकल टेंशन या करेंसी की अस्थिरता, सब सोने को चमका रही हैं।




### भारत में रिकॉर्ड तोड़ गोल्ड ईटीएफ में निवेश

भारत के गोल्ड ईटीएफ ने सितंबर में अब तक का सबसे ज्यादा पैसा जुटाया, जिससे भारत को एशिया में पहला स्थान मिला है। ये निवेशकों की सोने के प्रति बढ़ती चाहत को भी दिखाता है। भारत के गोल्ड ईटीएफ में इस साल अब तक का निवेश रिकॉर्ड तोड़ चुका है। साल 2025 के जनवरी से लेकर अब तक, यानी ईयर-टू-डेट, इन फंड्स में 2.18 बिलियन डॉलर यानी करीब 18,094 करोड़ रुपए का इनफ्लो हो चुका है। ये अब तक किसी भी एक साल का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। तुलना करें तो 2024 में पूरे साल में 1.29 बिलियन डॉलर यानी लगभग 10,707 करोड़ रुपए का निवेश हुआ था। 2023 में ये सिर्फ 310 मिलियन डॉलर यानी करीब 2,573 करोड़ रुपये था, और 2022 में तो महज 33 मिलियन डॉलर यानी 274 करोड़ रुपये ही आया था। ये आंकड़े दिखाते हैं कि भारतीय निवेशकों का सोने पर भरोसा तेजी से बढ़ रहा है।

*गोल्ड ईटीएफ में 2.1 बिलियन डॉलर का निवेश*

*पूरे एशिया में गोल्ड ईटीएफ में 2.1 बिलियन डॉलर करीब 17,700 करोड़ रुपए का निवेश आया, जिससे तिमाही का अंत अच्छे नोट पर हुआ। सबसे ज्यादा योगदान चीन का रहा, जहां 622 मिलियन डॉलर यानी लगभग 5,200 करोड़ रुपए का इनफ्लो हुआ। जापान में 415 मिलियन डॉलर करीब 3,500 करोड़ रुपए का इनफ्लो हुआ।*

*जर्मनी ने 6800 करोड़ रुपए का इनफ्लो बनाया*

*दुनिया भर में सोने के ईटीएफ में अच्छा-खासा निवेश हुआ है। जर्मनी ने सबसे आगे रहते हुए 811 मिलियन डॉलर यानी करीब 6,800 करोड़ रुपए का इनफ्लो रिकॉर्ड किया। कनाडा ने 301 मिलियन डॉलर यानी लगभग 2,500 करोड़ रुपए डाले है। इटली ने 234 मिलियन डॉलर यानी करीब 2,000 करोड़ रुपए का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया ने 182 मिलियन डॉलर यानी 1,500 करोड़ रुपए और साउथ कोरिया ने 165 मिलियन डॉलर यानी 1,400 करोड़ रुपए का निवेश किया।*

## खबर संक्षेप

### रुपया चार पैसे टूटकर 88.79 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** डॉलर की मज़बूत मांग और भारत-अमेरिका के बीच चल रहे व्यापारिक तनाव के कारण निवेशकों की कारोबारी धारणा प्रभावित रहने से रुपया मामूली नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करते हुए अपने सर्वकालिक निचले स्तर के आसपास मंडराता रहा, अंत में चार पैसे की गिरावट के साथ 88.79 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

### एलिस्टा ने वॉटर प्यूरीफायर बाजार में किया प्रवेश




**नई दिल्ली।** टेक्नोडोम समूह की इकाई एलिस्टा, जो उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू उपकरण ब्रांड क्षेत्र में काम करती है, ने वॉटर प्यूरीफायर खंड में प्रवेश की घोषणा की। इस खंड में हाल के वर्षों में तेज़ वृद्धि देखी जा रही है। कंपनी के अनुसार, इसने 'अमृत'' और 'शुद्ध'' - दो एल्कलाइन वॉटर प्यूरीफायर पेश किए हैं, जो लक्जरी और आधुनिक रसोई के पूरक हैं।

### अमेजन इंडिया पर खरीदी जा सकेगी रॉयल एनफील्ड




**नई दिल्ली।** प्रीमियम मोटर साइकिल बनाने वाली कंपनी रॉयल एनफील्ड की 350 सीसी की सभी मोटरसाइकिल अब ऑनलाइन ई-कॉमर्स मंच अमेजन से खरीदी जा सकेंगी। कंपनी ने बयान में कहा कि फिलहाल पांच प्रमुख शहरों अहमदाबाद, चेन्नई, हैदराबाद, दिल्ली और पुणे के ग्राहकों के लिए ही यह सेवा शुरू की गई है।

### टीसीएस के अधिकारी ने कहा, एक प्रतिशत को नौकरी से हटाया गया

# टीसीएस से 6,000 कर्मचारियों को निकाला गया, बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए जा रहे आंकड़े

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की प्रमुख आईटी सेवा कंपनी टीसीएस ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत अपने कुल कार्यबल का एक प्रतिशत यानी 6,000 लोगों को नौकरी से हटाया है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी सुदीप कुन्नुमल ने यह भी कहा कि इस बारे में आंकड़ों को काफी बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है।

अधिकारी ने ऐसे आंकड़ों पर ध्यान नहीं देने का आग्रह किया। यह पूछे जाने पर कि 50,000 से 80,000 लोगों की छंटनी की आशंका जतायी जा रही है, कुन्नुमल ने कहा, ये आंकड़े तथ्यात्मक रूप से सही नहीं हैं। इसे बेहद बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है और इसपर ध्यान देने की जरूरत नहीं है।

- प्रतिशत के हिसाब से यह आंकड़ा 6000 कर्मचारियों का होता है
- आशंका जताई जा रही कि 50 हजार से 80 हजार की छंटनी की जा रही
- दूसरी तिमाही में कर्मचारियों की संख्या 5,93,314 होने की सूचना दी है

### पहली तिमाही में संख्या 6,13,069 थी

इस बीच, आईटी कर्मचारियों के संघ, नैसेंट इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एम्प्लॉइज सीनेट (एनआईटीईएस) ने एक बयान में कहा कि टीसीएस ने आधिकारिक तौर पर वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में कर्मचारियों की संख्या 5,93,314 होने की सूचना दी है, जबकि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में यह संख्या 6,13,069 थी। संगठन ने कहा, ''यह सिर्फ एक तिमाही में 19,755 कर्मचारियों की कमी को बताता है।''

### लगभग 12,261 कर्मचारियों की छंटनी की योजना

अधिकारी ने कहा कि टीसीएस दुनिया की सबसे बड़ी एआई-आधारित तकनीकी सेवा कंपनी बनना चाहती है। टीसीएस ने इस साल जुलाई में कहा था कि वह इस वर्ष अपने वैश्विक कार्यबल के लगभग दो प्रतिशत यानी 12,261 कर्मचारियों की छंटनी करने की योजना बना रही है, जिनमें से अधिकांश मध्यम और वरिष्ठ स्तर के होंगे।




*40,000 से अधिक नियुक्तियों का लक्ष्य : यह पूछे जाने पर कि क्या टीसीएस वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 40,000 से अधिक नियुक्तियों के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेगी (जैसा कि जुलाई में उल्लेख किया गया है) या वैश्विक बाजार की स्थितियों को देखते हुए संख्या को संशोधित किया गया है, उन्होंने कहा, ''मैं आपको कोई संख्या नहीं देना चाहता...कारोबार की मांग के आधार पर, हम अपने संगठन की यात्रा को आकार देने के लिए अच्छी प्रतिभा लाने का प्रयास करेंगे।'*

**समाप्त तिमाही में 18,500 की नियुक्ति की गई**

अधिकारी ने कहा कि कंपनी ने अभी-अभी समाप्त हुई तिमाही में 18,500 लोगों को नियुक्त किया है। जो भी प्रस्ताव दिये गये हैं, उन सभी प्रस्तावों को स्वीकार कर लिया गया है। कुन्नुमल ने कहा, ''एक संगठन के रूप में, हम सभी प्रस्तावों को स्वीकार करते रहेंगे। जहां तक कैंपस से आने वाले प्रस्तावों की बात है, कंपनी सही रास्ते पर है।

### कंपनी का लाभ दूसरी तिमाही में बढ़कर 12,075 करोड़ रुपए

टीसीएस का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 1.4 प्रतिशत बढ़कर 12,075 करोड़ रुपए रहा। विभिन्न क्षेत्रों, विशेष रूप से बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा खंड में व्यापक वृद्धि के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 11,909 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया था।

### परिचालन राजस्व में बढ़ोतरी

टीसीएस ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में उसका परिचालन राजस्व 2.39 प्रतिशत बढ़कर 65,799 करोड़ रुपये हो गया जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 64,259 करोड़ रुपये था। तिमाही आधार पर लाभ में 5.3 प्रतिशत की गिरावट आई, हालांकि राजस्व में 3.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# चांदी 6,000 रुपये बढ़कर 1.63 लाख रुपये के नए शिखर पर



- विदेशी बाजारों में पहली बार चांदी 50 डॉलर प्रति औंस के स्तर को छू गई
- आर्थिक अनिश्चितता और फेड की ब्याज दर में कटौती की उम्मीद से मांग बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को चांदी की कीमतें 6,000 रुपये बढ़कर 1,63,000 रुपये प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गईं। विदेशी बाजारों में पहली बार चांदी 50 डॉलर प्रति औंस के स्तर को छू गई। मजबूत औद्योगिक मांग, भू-राजनीतिक, आर्थिक अनिश्चितताओं और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों ने चांदी की मांग को बढ़ावा दिया है। एक सप्ताह में दूसरी बार चांदी में इतनी तेज उछाल देखा गया। छह अक्टूबर को यह 7,400 रुपये चढ़कर 1,57,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, बुधवार को चांदी 1,57,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय सर्राफा बाजार में, 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को क्रमशः 1,26,600 रुपये प्रति 10 ग्राम और 1,26,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर अपरिवर्तित रहा। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना मामूली गिरावट के साथ 4,039.26 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

*इस साल अब तक 72 फीसदी का उछाल : पीएल वेल्थ के उत्पाद एवं पारिवारिक कार्यालय प्रमुख राजकुमार सुब्रमण्यन ने कहा, ''चांदी का मनोवैज्ञानिक रूप से महत्वपूर्ण 50 डॉलर प्रति औंस की सीमा को पार करना कीमती धातु बाजारों के लिए एक निर्णायक क्षण है।''*

### तंग भौतिक बाजार ने चांदी की कीमतों को दिया सहारा

इस बीच, बाजारों को फ्रांस में नए सिरे से राजनीतिक उथल-पुथल और जापान में नेतृत्व परिवर्तन का सामना करना पड़ा। इसके अतिरिक्त, तंग भौतिक बाजार ने भी चांदी की कीमतों को सहारा दिया, जिसे सौर और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्रों से मजबूत औद्योगिक मांग का समर्थन मिला। सिल्वर इंस्टिट्यूट ने वर्ष 2025 में लगातार पांचवें वर्ष वैश्विक आपूर्ति घाटे का अनुमान लगाया है।

## आवास मूल्य सूचकांक जून तिमाही में 3.6 प्रतिशत बढ़ा : आरबीआई

**मुंबई।** अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई) चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सालाना आधार पर 3.6 प्रतिशत बढ़ गया।



आरबीआई ने बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी। आरबीआई प्रत्येक तिमाही में देश के 18 प्रमुख शहरों में आवासीय इकाइयों की बिक्री के आंकड़ों के आधार पर यह सूचकांक तैयार करता है। केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही के लिए सूचकांक 2022-23 को नया आधार वर्ष बनाकर जारी किया है। पहले इस सूचकांक का आधार वर्ष 2010-11 था। 'वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में अखिल भारतीय एचपीआई में सालाना आधार पर 3.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह वृद्धि 7.6 प्रतिशत रही थी।

## कीट डीम्ड विश्वविद्यालय को मिला पांचवां स्थान

**भुवनेश्वर (ब्यूरो)।** टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 के घोषित परिणामों में भुवनेश्वर कीट डीम्ड विश्वविद्यालय वैश्विक स्तर पर 501 संस्थानों में आंका गया है।प्रकाशित सूची में कीट पांचवें स्थान पर भारत में सर्वश्रेष्ठ रहा है। गौरतलब है कि कीट ओडिशा का एकमात्र ऐसा तकनीकी संस्थान है जिसे राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष 10 की सूची में जगह मिली है और यह ओड़िशा राज्य के लिए बेहद गर्व की बात है और इसकी बढ़ती शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रत्यक्ष प्रतीक है। वैश्विक स्तर पर कीट को 2,191 विश्वविद्यालयों में 501-600 बैंड में और 128 भारतीय संस्थानों में राष्ट्रीय स्तर पर पाँचवाँ स्थान प्राप्त हुआ है, जो पिछले वर्ष के 601-800 बैंड की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। यह वृद्धि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में विश्वविद्यालय की निरंतर प्रगति और भारत के सबसे गतिशील और विश्व स्तर पर दिखाई देने वाले संस्थानों में से एक के रूप में इसके उभरने को दर्शाती है। भारतीय विज्ञान संस्थान(IISc) भारतीय विश्वविद्यालयों में शीर्ष पर रहा, जबकि KIIT भारत का पाँचवाँ सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय है।

## एसआरएम को क्यूएसआई गेज डायमंड रेटिंग मिली

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** एसआरएम यूनिवर्सिटी-एपी को समग्र संस्थागत उत्कृष्टता के लिए क्यूएस-आई गेज डायमंड रेटिंग प्रदान की गई है - यह मान्यता विश्वविद्यालय के शिक्षण, अनुसंधान और नवाचार में उत्कृष्टता के लिए निरंतर प्रयास को दर्शाती है। विश्वविद्यालय की उन्नत सुविधाओं को प्लैटिनम रेटिंग से प्रमाणित किया गया, जबकि रोजगार क्षमता, शिक्षण और अधिगम, अनुसंधान, विविधता और सुगम्यता, और अंतर्राष्ट्रीयकरण जैसे प्रमुख क्षेत्रों को गोल्ड रेटिंग से सम्मानित किया गया। इसके संचालन और संरचना के लिए सिल्वर रेटिंग प्रदान की गई - जो इस बात की पुष्टि करती है कि विश्वविद्यालय की शिक्षण-अधिगम पद्धतियाँ, बुनियादी ढाँचा, संचालन और छात्र सहभागिता उच्चतम वैश्विक मानकों के अनुरूप हैं। क्यूएस आई-गेज मूल्यांकन एसआरएम एपी की खूबियों और निवेश के क्षेत्रों पर प्रकाश डालता है। हम इन जानकारियों का उपयोग संसाधनों के आवंटन को बेहतर बनाने और शिक्षा क्षेत्र में अपनी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त को मजबूत करने के लिए करेंगे।

# रिलायंस, आईटी शेयरों में खरीदारी से सेंसेक्स 398, निफ्टी 136 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 398 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 136 अंक की बढ़त रही। विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह के बीच आईटी कंपनियों और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 398.44 अंक यानी 0.49 प्रतिशत चढ़कर 82,172.10 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 474.07 अंक यानी 0.57 प्रतिशत बढ़कर 82,247.73 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी 135.65 अंक यानी 0.54 प्रतिशत बढ़कर 25,181.80 अंक पर पहुंच गया। तिमाही नतीजों की घोषणा से पहले एचसीएल टेक, टीसीएस, इन्फोसिस और टेक महिंद्रा जैसे आईटी शेयरों में तेजी दर्ज की गई। सेंसेक्स में शामिल अन्य कंपनियों में टाटा स्टील, एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, सन फार्मा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। देश की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 1.39 प्रतिशत बढ़कर 12,075 करोड़ रुपये हो गया। वहीं राजस्व 2.39 प्रतिशत बढ़कर 65,799 करोड़ रुपये रहा।सेंसेक्स की कंपनियों में, टाटा स्टील में सबसे अधिक 2.65 प्रतिशत की तेजी रही।



## राशिफल

**मेष** — वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** — आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# वर्ष 2031 तक दलहन उत्पादन में 40 फीसदी की वृद्धि, 350 लाख टन तक पहुंचाने का लक्ष्य




**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार ने फसल वर्ष 2030-31 तक दलहन उत्पादन में 40 प्रतिशत की वृद्धि कर इसे 350 लाख टन तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के मकसद से 11,440 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ एक छह वर्षीय केंद्रीय योजना को मंजूरी दी 'दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन' वर्ष 2025-26 से वर्ष 2030-31 तक की अवधि के लिए होगा। यहां एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए, मंत्री ने कहा कि अगले छह वर्षों में दलहन उत्पादन में वृद्धि की जाएगी, जिसमें कवरेज क्षेत्र में वृद्धि के साथ-साथ फसल उत्पादकता में भी वृद्धि की जाएगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि लक्ष्य पूरा हो जाएगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए दालों के आयात शुल्क से संबंधित उचित निर्णय लेगी। चौहान ने कहा कि सरकार ने ऐसे 100 ब्लॉक की पहचान की है जहां उत्पादकता, राष्ट्रीय औसत की तुलना में बहुत कम है। चौहान ने कहा, ''हम अभी तक दालों के मामले में आत्मनिर्भर नहीं हैं।''

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड./निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड./निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 7, एम.सी. रोहतक में किला रोड सेंट्रल वर्ज पर स्थित शौचालय का निर्माण और किला रोड का सौन्दर्यीकरण + 4 कार्य। | 08.10.2025 15.10.2025 | 58,42,838/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 21, एम.सी. रोहतक में एकता कॉलोनी में सूरजमल किलोई पूर्व एम.सी. के मकान से महानंद मलिक के मकान तक गली का निर्माण और अन्य विविध कार्य। | 08.10.2025 15.10.2025 | 25.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | जियो लैब के लिए एचपी प्लॉटर हेतु 728 ईंक सैट की खरीद करना। | 08.10.2025 15.10.2025 | - | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/39362/I/88/6 दि. 09.10.25

## शब्द पहेली - 6014



**बाएँ से दाए**


1. जाति, समाज, बुंधता-4
3. स्वयंवर माला, जीत-4
6. चूहे का घर-2
7. स्थिर, टिका हुआ-3
8. पार्थिव देह, लाश-2
10. सुवासित करना-4
11. थोड़ा, कम-2
13. मोटा आटा, दानेदार-4
15. गौरव, अभिमान-3
17. विष्णु, नारायण-4
20. वाहन, गाड़ी, जहाज-2
21. होशियार, दक्ष-3
23. उचित, सही-3
25. जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26. करिश्मा, करतब-4
29. भर्त्सना, धिक्कार-3
31. गुलाम, परतंत्र-4
32. बेल, लतिका-2
34. आश्चर्य-4
35. नांद, टप-2
37. मग्नता-3
39. मछली-2
40. कुशलपूर्वक, सुरक्षित-4
41. मित्रतापूर्ण-4

**ऊपर से नीचे**

1. विधेयक, देयक-2
2. विजयादशमी-4
3. जीत, विजय-2
4. जुड़वा-3
5. शव, मृत शरीर-2
6. बंधु, सजातीय, भाई-4
7. एक आंख वाला-2
9. मौजूदा, आधुनिक-4
10. मदमस्त-4
12. धुन, लय, सुर-2
14. इच्छा, कामना-2
16. सुर साधना-3
18. भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19. छुट्टी, अवकाश-2
21. अच्छे कुल का-3
22. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. यम, मृत्यु का देवता-4
25. अपमिश्रण, खोट-4
27. निशा, रात्रि-2
28. कहासुनी, कलह-4
30. तल्ला, पैंदा-2
31. गुलामी, पराश्रित-4
33. शिक्षा(उर्दू-3)
34. अदा करना, चुकाना-2
36. एक सवारी गाड़ी-2
38. झुका हुआ-2
39. दोस्त, सखा-2

**शब्द पहेली- 6013 का हल**





# गाजा पीस प्लान पर इजराइल-हमास सहमत, पहले चरण पर हस्ताक्षर

## राष्ट्रपति ट्रंप ने दी जानकारी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

इजराइल और हमास शांति समझौते के लिए तैयार हो गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शांति प्रस्ताव के पहले चरण पर इजराइल और हमास ने सहमति जताई है। इस चरण की शुरुआत हमास की ओर से बंधकों की रिहाई और इजराइली सैनिकों की चरणबद्ध वापसी से होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत गर्व हो रहा है कि इजराइल और हमास दोनों ने हमारी शांति योजना के पहले चरण पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। इसका मतलब है कि हमास सभी बंधकों को जल्द रिहा करेगा और इजराइल अपने सैनिकों को एक सहमत सीमा तक वापस बुला लेगा, जो एक मजबूत, स्थायी और शाश्वत शांति की ओर पहला कदम होगा। यह '20-सूत्रीय पीस प्लान' के पहले चरण का हिस्सा है।

## इजराइल के लिए राष्ट्रीय व नैतिक विजयः नेतन्याहू

**हमास की ओर से बंधकों की रिहाई होगी**

**इजराइली सैनिकों की भी वापसी होगी**



*वहीं, इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने राष्ट्रपति ट्रंप की घोषणा पर मुहर लगाई। पीएम नेतन्याहू ने एक पोस्ट में लिखा कि योजना के पहले चरण की स्वीकृति के साथ हमारे सभी बंधकों को स्वदेश लाया जाएगा। यह एक कूटनीतिक सफलता है और इजराइल राज्य के लिए एक राष्ट्रीय व नैतिक विजय है। उन्होंने कहा कि मैंने शुरू से ही स्पष्ट कर दिया था, हम तब तक चैन से नहीं बैठेंगे जब तक हमारे सभी बंधक वापस नहीं आ जाते और हमारे सभी लक्ष्य पूरे नहीं हो जाते।*

### निष्पक्ष व्यवहार किया जाएगा

राष्ट्रपति ट्रंप ने लिखा कि सभी पक्षों के साथ निष्पक्ष व्यवहार किया जाएगा। यह अरब और मुस्लिम देश, इजराइल, आसपास के सभी देशों और संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए एक महान दिन है। हम कतर, मिस्र और तुर्की को मध्यस्थता के लिए धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने इस ऐतिहासिक और अभूतपूर्व घटना को संभव बनाने के लिए हमारे साथ काम किया।

### ट्रंप को दिया धन्यवाद

बेंजामिन नेतन्याहू ने पोस्ट में लिखा कि दृढ़ संकल्प, शक्तिशाली सैन्य कार्रवाई और हमारे महान मित्र व सहयोगी राष्ट्रपति ट्रंप के अथक प्रयासों से, हम इस महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंचे हैं। मैं राष्ट्रपति ट्रंप को उनके नेतृत्व, उनकी साझेदारी और इजराइल की सुरक्षा व हमारे बंधकों की आजादी के प्रति अटूट समर्पण के लिए धन्यवाद देता हूं।

### दो साल पहले हमास ने बर्बर हमला किया था

दो साल पहले 7 अक्टूबर को हमास ने इजराइल पर बर्बर हमला किया था, जिससे यह संघर्ष शुरू हुआ था। हमास ने उस हमले में लगभग 1,250 इजराइली नागरिकों की हत्या कर दी थी।

## पीएम मोदी ने ट्रंप से बात की और गाजा शांति योजना पर बधाई दी

**नई दिल्ली।** पीएम नरेन्द्र मोदी ने गाजा के लिए अमेरिका की मध्यस्थता वाली शांति योजना के पहले चरण की 'सफलता' पर



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बधाई दी और शत्रुता समाप्त करने के उनके प्रयासों के लिए उनकी सराहना की। मोदी ने ट्रंप के साथ फोन पर बातचीत के दौरान यह बात कही। दोनों नेताओं के बीच यह बातचीत ऐसे समय हुई है जब अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत का भारी-भरकम शुल्क लगाए जाने के बाद भारत और अमेरिका के बीच संबंधों में तनाव है।

## 25 नवंबर को अयोध्या में 21 फीट का 'ध्वजारोहण' करेंगे पीएम

**अयोध्या ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 नवंबर को अयोध्या में 21 फीट का ध्वजारोहण करेंगे। इसके साथ ही राम मंदिर निर्माण पूरा होने की घोषणा की जाएगी। राम मंदिर भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि राम मंदिर सिर्फ राष्ट्र मंदिर नहीं है बल्कि अंतरराष्ट्रीय राम मंदिर बने।

## न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) आर.एम.लोढ़ा समिति (पीएसीएल लि. के मामले में)

### सार्वजनिक सूचना

**हरियाणा- करनाल, रेवाड़ी, उत्तर प्रदेश- गाजियाबाद, छत्तीसगढ़- बिलासपुर, बस्तर, महासमुंद, रायगढ़, रायपुर, राजनांदगांव में पीएसीएल लि. की संपत्तियों की ई-नीलामी**

1. न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) आर.एम.लोढ़ा समिति (पीएसीएल लि. के मामले में), माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील संख्या 13301/2015, जिसका शीर्षक सुब्रता भट्टाचार्य बनाम सेबी एवं अन्य है, में पारित दिनांक 02 फरवरी, 2016 के आदेश के तहत, पीएसीएल लि. द्वारा खरीदी गई भूमि के निपटान हेतु गठित की गई है, ताकि बिक्री की राशि इसके निवेशकों को दी जा सके, ने उपर्युक्त मामले में भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित दिनांक 08 अगस्त, 2024 के आदेश के अनुपालन में, हरियाणा-करनाल और रेवाड़ी, उत्तर प्रदेश-गाजियाबाद, छत्तीसगढ़-बिलासपुर, बस्तर, महासमुंद, रायगढ़, रायपुर, राजनांदगांव में स्थित संपत्तियों की ई-नीलामी शुरू करने का निर्णय लिया है और परिणामस्वरूप प्रस्तावों के लिए आग्रह (आरएफपी) जारी किया है, जो https://www.sebi.gov.in/notice-for-eoi-proposals.html, https://www.bankeauctions.com पर देखे जा सकते हैं।
2. संपत्ति दस्तावेज https://sebipaclproperties.com, https://www.bankeauctions.com पर देखे जा सकते हैं।
3. ई-नीलामी में भागीदारी के लिए विवरण आरएफपी में उपलब्ध हैं। आरएफपी की मुख्य तिथियाँ निम्न अनुसार हैं :-

- आरएफपी के प्रकाशन की तिथि – 10 अक्टूबर, 2025
- बोली जमा करने की प्रारम्भ तिथि – 10 अक्टूबर, 2025
- प्रश्न जमा करने की अंतिम तिथि – 31 अक्टूबर, 2025
- बोली निर्धारित तिथि और समय – 21 नवंबर, 2025 (16:00 बजे)
- ई-नीलामी प्रारम्भ की तिथि – 9 दिसंबर, 2025 (11:00 बजे)

**लागू शर्तें :**

- ➢ सभी संपत्तियाँ "जैसी हैं, जहाँ हैं, जो भी हैं" आधार पर बेची जाएँगी और खरीददार उनसे संबंधित सभी दावों, देनदारियों और/अथवा ऋणभारों के लिए ज़िम्मेदार होगा।
- ➢ इस सूचना में वर्णित अनुसार सम्पत्तियों का विवरण और इस निविदा दस्तावेज के अंतर्गत आरएफपी विक्रेता को उपलब्ध करवाए गए विवरण के अनुरूप हैं और न तो विक्रेता और न ही एजेंसी, किसी भी प्रकार से , किसी भी कारण की वजह से संपत्तियों की सीमा में किसी भी प्रकार के परिवर्तन के लिए उत्तरदायी होगी।
- ➢ समिति किसी भी प्रकार से संपत्तियों/उनके टाइटल डीड्स में किसी भी विसंगति के लिए किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगी और बोलीदाताओं से आग्रह किया जाता है कि वे संपत्तियों के टाइटल के संबंध में केवल स्वयं स्वतंत्र रूप से उचित तत्परता के बाद ही अपनी बोलियाँ प्रस्तुत करें।

CBC 15204/11/0172/2526

## Horticulture Department (Haryana)

Integrated Horticulture Development Centre,
Sundrah, (Mahendragarh)
Email:- ihdcsundrah@gmail.com,Ph:-01285-244076

**एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह महेन्द्रगढ़ में प्रशिक्षण के लिए आवेदन आंमत्रित**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह महेन्द्रगढ़ में वर्ष 2025-26 में बागवानी विभाग द्वारा बलाई जा रही विभिन्न प्रकार की स्कीम मशरूम उत्पादन, संरक्षित संरचना में सब्जियों की देख-रेख व रख-रखाव पर प्रशिक्षण, सब्जियों की जैविक खेती तकनीक पर प्रशिक्षण और बागवानी फसलों में जैविक खेती से संबंधित 05 दिवसीय प्रशिक्षण करवाया जाना है। हरियाणा राज्य के सभी जिलों के किसान उद्यान विभाग की वेबसाईट (Kaushal.hortharyana.gov.in) के माध्यम से उक्त प्रशिक्षण हेतु ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यकम हेतु प्रार्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 60 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षण के लिए एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह महेन्द्रगढ़ पर सीटों की संख्या 20 आवेदक प्रति प्रशिक्षण है। प्रशिक्षणार्थी का चयन "पहले आओ पहले पाओ" के आधार पर किया जाएगा। आवेदनकर्ता जरूरी दस्तावेज जैसे कि आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र की फोटो प्रति प्रशिक्षण के दौरान प्रथम दिन अपने साथ लेकर आएं। प्रशिक्षण के दौरान रात्री ठहराव की व्यवस्था नहीं होगी। प्रशिक्षण कार्यकम की सूची निम्न प्रकार से हैः-

| क्र. सं. | दिनांक | अवधि (दिन) | प्रशिक्षण विषय | सीटों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 01. | 27.10.2025-31.10.2025 | 05 | मशरूम उत्पादन की तकनीकों पर प्रशिक्षण | 20 |
| 02. | 10.11.2025-14.11.2025 | 05 | फूल उत्पादन की तकनीकों पर प्रशिक्षण | 20 |
| 03. | 17.11.2025-21.11.2025 | 05 | ओपन फील्ड में बागवानी फसलों के उत्पादन पर प्रशिक्षण | 20 |
| 04. | 08.12.2025-12.12.2025 | 05 | बागवानी फसलों की जैविक खेती पर प्रशिक्षण | 20 |
| 05. | 29.12.2025-02.01.2026 | 05 | मधुमक्खि पालन एवं परागन पर प्रशिक्षण | 20 |
| 06. | 12.01.2026-16.01.2026 | 05 | नए बाग का पौधरोपण एवं फल उत्पादन एवं तकनीक पर प्रशिक्षण | 20 |
| 07. | 02.02.2026-06.02.2026 | 05 | सब्जियों की संरक्षित खेती पर प्रशिक्षण | 20 |

अधिक जानकारी के लिए उप-निदेशक उद्यान एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह (9828499793) पर संपर्क किया जा सकता है।

हस्ता/-उप-निदेशक उद्यान
एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह
पीआरडीएच-1149/11/953/2026/39367/88/6 दि. 09.10.2025

## एआई के 'नैतिक' उपयोग को बढ़ावा देने का किया आग्रह

**ब्रिजटाउन।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने 68वें कॉमनवेल्थ संसदीय सम्मेलन के दौरान 'प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना : परिवर्तनों के माध्यम से लोकतंत्र को बढ़ाना




और डिजिटल विभाजन से निपटना' विषय पर आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता की। बिरला ने राष्ट्रमंडल देशों के सांसदों से आग्रह किया है कि वे प्रौद्योगिकी के माध्यम से डिजिटल विभाजन को पाटते हुए एआई के ज़िम्मेदार और नैतिक उपयोग को बढ़ावा दें। सहयोग और ज्ञान-साझाकरण के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि प्रौद्योगिकी एक सेतु बने, न कि एक बाधा। उन्होंने कहा कि तकनीकी प्रगति और ई-संसद के अनुप्रयोग ने हमारे संसदीय लोकतंत्र की कार्यप्रणाली में बड़े परिवर्तनकारी बदलाव लाए हैं।

## भारत के लिए सीधी उड़ानों की बहाली संबंधों में सुधार की सकारात्मक पहल

**बीजिंग।** चीन ने भारत के साथ सीधी उड़ानें बहाल किए जाने को सकारात्मक कदम करार दिया। चीन ने कहा कि इससे पता चलता है कि दोनों देश द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिपपिंग के बीच बनी सहमति पर 'ईमानदारी से काम' कर रहे हैं। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि उड़ानें अक्टूबर के अंत तक पुनः शुरू हो जाएंगी। यह नवीनतम कदम दर्शाता है कि किस प्रकार दोनों देश 31 अगस्त को तियानजिन में राष्ट्रपति शी जिनपिंग और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच बनी महत्वपूर्ण आम समझ पर ईमानदारी से काम कर रहे हैं। गुओ ने कहा कि चीन, भारत के साथ मिलकर द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य में देखने तथा अच्छे पड़ोसी और साझेदार बनने के लिए तैयार है, जो एक-दूसरे की सफलता के लिए सहयोग करें।

## ऑस्ट्रेलिया पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ

# पीएम अल्बनीज के साथ की बैठक तीन अहम समझौतों पर एमओयू



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में ऑस्ट्रेलिया के उप पीएम और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स के साथ द्विपक्षीय बैठक की। यह बैठक भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी के पांच वर्ष पूरे होने के अवसर पर हुई, जिसमें दोनों देशों ने रक्षा सहयोग को और गहरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक के दौरान तीन महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए जिनमें-सूचना साझा करने पर समझौता, पनडुब्बी खोज एवं बचाव सहयोग पर एमओयू, और संयुक्त स्टाफ वार्ता की स्थापना के लिए टर्म्स ऑफ रेफरेंस शामिल है। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंध और साझा लोकतांत्रिक मूल्य दोनों देशों के रिश्तों की नींव हैं। उन्होंने कहा कि रक्षा सहयोग भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों की दिशा के अनुरूप तेजी से विस्तार कर रहा है।

### आतंक और बात साथ नहीं चल सकते

राजनाथ सिंह ने आतंकवाद पर भारत की सख्त नीति को दोहराते हुए कहा कि आतंक और बातचीत साथ नहीं चल सकते, आतंक और व्यापार साथ नहीं चल सकते और पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि सभी देशों को आतंकवाद के हर रूप के खिलाफ एकजुट होकर कार्रवाई करनी चाहिए। बैठक के दौरान ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज ने भी शामिल होकर राजनाथ सिंह का स्वागत किया। राजनाथ सिंह ने पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से उन्हें शुभकामनाएं दीं और मई 2025 में हुई उनकी चुनावी जीत पर बधाई दी। पीएम अल्बनीज ने भारत की तेज आर्थिक प्रगति, खासकर रक्षा, साइबर सुरक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने भारत के गरीबी उन्मूलन प्रयासों की भी प्रशंसा की और कहा कि आने वाले वर्षों में दोनों देशों के बीच सहयोग और मजबूत होगा।

## 19 साल से किडनियां फेल रोज 5 घंटे डायलिसिस

**वृंदावन।** संत प्रेमानंद महाराज (47) की सेहत को लेकर भक्तों में चिंता बढ़ गई है। 2006 से पॉलीसिस्टिक किडनी डिजीज



(पीकेडी) से जूझ रहे संत की दोनों किडनियां खराब हैं, और उनका रोज 5 घंटे डायलिसिस होता है फिर भी वे वृंदावन की परिक्रमा, बांके बिहारी और राधा वल्लभ के दर्शन, और सत्संग से भक्तों को प्रेरित करते हैं। हालांकि, पिछले कुछ दिनों से सेहत में उठापटक के बीच, प्रेमानंद महाराज की केवल प्रातः कालीन पदयात्रा को अनिश्चित काल के लिए स्थगित की गई है।

LOVED IN 70 COUNTRIES
BAJAJ | THE WORLD'S FAVOURITE INDIAN

# सूचना

**समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचना दी जाती है कि**

## जीएसएम सेल्स (जीएसएम बजाज)

**प्लॉट नंबर 632, दूसरी मंजिल, लक्ष्मी गार्डन, डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सामने, खंडसा रोड, गुरुग्राम, हरियाणा**

**जो प्रिंसिपल-टू-प्रिंसिपल आधार पर हमारे अधिकृत डीलर के रूप में काम कर रहे थे, 30 अप्रैल 2025 से सेल्स और सर्विस के लिए हमारे डीलर नहीं है।**

(मोटरसाइकिल बिज़नेस यूनिट)

केवल सार्वजनिक सूचना के लिए

**बजाज ऑटो लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : मुंबई–पूना रोड, आकुर्डी, पूना – 411035.

## उत्तर रेलवे

### ई–नीलामी सुचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला छवानी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेल्वे वेब साइट www.ireps.gov.in, के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र. सं. | नीलामी काटलोग सं. | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1 | PARKING-UMB-SFMU-MX-113-25-1 (Parking-Mixed) | सुनाम ऊधम सिंह वाला रेलवे स्टेशन में संचलन क्षेत्र में 1275 वर्ग मीटर (साइट प्लान के अनुसार) के कुल क्षेत्र में समग्र पार्किंग का आवंटन। | 21.10.2025 15:00 Hrs. |
| 2 | PnU-UMB-KLK-WRL-65-25-1 (Pay and Use-Lounges/Waiting/Retiring/ Cloak Rooms) | कालका रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर स्थित कुल क्षेत्रफल 7.62 x 8.58 वर्ग मीटर के प्रीमियम एसी वेटिंग रूम (एक्जीक्यूटिव लाउंज) का संचालन और रखरखाव, जिसमें आधुनिक सुविधाएं, पेय पदार्थ/हल्के नाश्ते परोसने की इकाई शामिल है (साइट–प्लान में उल्लिखित)। | 21.10.2025 15:00 Hrs. |
| 3 | PnU-UMB-ABS-WRL-63-25-1 (Pay and Use-Lounges/Waiting/Retiring/ Cloak Rooms) | अबोहर रेलवे स्टेशन पर स्थित कुल क्षेत्रफल 6.5 x 4 वर्ग मीटर के प्रीमियम एसी वेटिंग रूम (एक्जीक्यूटिव लाउंज) का संचालन और रखरखाव, जिसमें आधुनिक सुविधाएं, पेय पदार्थ/हल्के नाश्ते परोसने की इकाई शामिल है (कॉन्कोर्स क्षेत्र में) (साइट प्लान में उल्लिखित)। | 21.10.2025 15:00 Hrs. |
| 4 | PnU-UMB-PTA-WRL-64-25-1 (Pay and Use-Lounges/Waiting/Retiring/ Cloak Rooms) | पटियाला रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर स्थित कुल क्षेत्रफल 9.99 x 6.23 वर्ग मीटर के प्रीमियम एसी वेटिंग रूम (एक्जीक्यूटिव लाउंज) का संचालन और रखरखाव, जिसमें आधुनिक सुविधाएं, पेय पदार्थ/हल्के नाश्ते परोसने की इकाई शामिल है (साइट–प्लान में उल्लिखित)। | 21.10.2025 15:00 Hrs. |

ई–नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाये। 3118/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | 24/2025-26/HEWP | 33 केवी सब स्टेशन घरौंडा में प्रथम एच-पोल्स के तहत पेवर ब्लॉक्स का प्रावधान, बंद होने की तिथि 15.10.2025 खुलने की तिथि 16.10.2025 | https://etenders.hry.nic.in | 9356063248 xenciviluhbvnpanchkula@gmail.com |
| 2 | यूएचबीवीएन | 43/2025-26/HEWP | 33 केवी सब स्टेशन बलबेहरा (अम्बाला) में गैर आवासीय भवन का वार्षिक रखरखाव। बंद होने की तिथि 15.10.2025 खुलने की तिथि 16.10.2025 | https://etenders.hry.nic.in | 9356063248 xenciviluhbvnpanchkula@gmail.com |
| 3 | यूएचबीवीएन | 46/2025-26/HEWP | राजीव गांधी विद्युत सदन, सेक्टर-12, करनाल में क्रेचे का प्रावधान। बंद होने की तिथि 15.10.2025 खुलने की तिथि 16.10.2025 | https://etenders.hry.nic.in | 9356063248 xenciviluhbvnpanchkula@gmail.com |
| 4 | यूएचबीवीएन | 50/2025-26/HEWP | 132 केवी सब स्टेशन और 33 केवी सब स्टेशन अमिन, किरमच (कुरूक्षेत्र) और बादसों (करनाल) में प्रथम एच-पोल्स के नीचे इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक का प्रावधान। बंद होने की तिथि 15.10.2025 खुलने की तिथि 16.10.2025 | https://etenders.hry.nic.in | 9356063248 xenciviluhbvnpanchkula@gmail.com |
| 5 | यूएचबीवीएन | 53/2025-26/HEWP | 33 केवी सब स्टेशन संधोला (पेहोवा) में गिरी हुई चारदिवारी और रोड का निर्माण, बंद होने की तिथि 15.10.2025 खुलने की तिथि 16.10.2025 | https://etenders.hry.nic.in | 9356063248 xenciviluhbvnpanchkula@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/100/39365/I/88/6 दि. 09.10.25

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में सेक्टर-9 में 200 बिस्तर वाले नागरिक अस्पताल का निर्माण (11 केवी सब स्टेशन, डीजी सैट और स्ट्रीट/सिक्योरिटी लाइट्स का प्रावधान केवल)। | 06.10.2025 06.11.2025 | 606.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | गांव समैण, फतेहाबाद में राजीव गांधी खेल परिसर / स्टेडियम की मरम्मत (ई.आई. केवल)। | 06.10.2025 16.10.2025 | 2.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प सिरसा | सिरसा जिले में गांव जमाल में राजकीय पशु चिकित्सालय के पुनर्निर्माण हेतु डीएनआईटी (जीएसटी के बिना)। | 08.10.2025 15.10.2025 | 33.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प सिरसा | सिरसा जिले में गांव बकरियांवाली के राजकीय पशु चिकित्सालय के निर्माण हेतु डीएनआईटी (जीएसटी के बिना)। | 08.10.2025 15.10.2025 | 33.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प नरवाना | जीन्द जिले में नरवाना में नवदीप स्टेडियम की विशेष मरम्मत। | 09.10.2025 21.10.2025 | 130.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प नरवाना | सब डिवीजन नरवाना जिला जीन्द में ज्यूडिशियल ऑफिसर्स के आवास और ज्यूडिशियल कॉम्पलैक्स की सुरक्षा चारदिवारी के ऊपर कंसरटिना कॉयल की फिक्सिंग। | 08.10.2025 14.10.2025 | 10.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 7 | सिविल सर्जन, जीन्द | मेडिकल ऑक्सीजन सिलिंडर गैस की आपूर्ति। | 09.10.2025 26.10.2025 | ईएमडी 85000/- | https://etenders.hry.nic.in | 7015444191 cds.jind@gmail.com |
| 8 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, फतेहाबाद | फतेहाबाद कस्बा :- फतेहाबाद कस्बे में सरकारी निर्देश के अनुरूप सुरक्षा मानक सहित सभी प्रकार से पूर्ण चालक, हैल्पर, ऑपरेटर और ईंधन समेत सुपर सक्कर मशीन द्वारा 350 मिमी आई/डी से 600 मिमी आई/डी तक मेन सीवर लाइंस की गाद निकालने के लिए डीएनआईटी। | 03.10.2025 17.10.2025 | 158.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466645029 eepfatehabad@gmail.com |
| 9 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, फतेहाबाद | फतेहाबाद कस्बा :- खैरती खेड़ा रोड पर एमपीएस समेत एसबीआर टेक्नोलॉजी पर आधारित 5.00 एमएलडी एसटीपी के प्रचालन व रखरखाव हेतु डीएनआईटी। (5.00 एमएलडी एसबीआर टेक्नोलॉजी एसटीपी खैरती खेड़ा रोड, फतेहाबाद टाउन में क्लोरिन गैस सिलिंडरों की रिफिलिंग और गैसियस टाइप फुल वेक्यूम क्लोरीनेशन सिस्टम का व्यापक रखरखाव, बागवानी, सिविल कार्य, इलैक्ट्रिक और मैकेनिकल की स्थापना, देखरेख हेतु और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य (36 माह के लिए)। | 03.10.2025 15.10.2025 | 114.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466645029 eepfatehabad@gmail.com |
| 10 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, सिरसा | सिरसा कस्बा :- रानियां रोड प्वाइंट-बी से एसटीपी केलनिया सिरसा टाउन में मशीन वाउंड स्पाइलर लाइनिंग (एमडब्ल्यूएसएल) द्वारा आकार 1800 मिमी आई/डी सीवर लाइन के मौजूदा मेन ट्रंक सीवर का मजबूतीकरण और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 07.10.2025 28.10.2025 | 1179 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 11 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, सिरसा | सिरसा कस्बा :- विभिन्न स्थानों अर्थात नोड नं. 1867 से 5129 (प्वाइंट ए-बी) अतिरिक्त मण्डी, सीएमके कॉलेज रोड, नोड नं. 1868 से 1874 (प्वाइंट सी-डी) पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी और नोड नं. 1420 से 4020 (प्वाइंट ई-एफ) सरकुलर रोड से परशु राम चौक तक आकार 600×900 मिमी अण्डाकार ब्रिक सीवर लाइन के मौजूदा मेन ट्रंक सीवर का मजबूतीकरण (सीआईपीपी द्वारा) और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 07.10.2025 28.10.2025 | 1331.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, चरखी दादरी | आरडी 32935 लोहारू फीडर पर वीआर ब्रिज का पुनर्निर्माण + 3 कार्य। | 04.10.2025 23.10.2025 | 673.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1250297003 xenlwsdadri@gmail.com |
| 13 | कृषि एवं किसान कल्याण नूह | गांव कुतुबगढ़ / मेलावास, छचेरा, खेरली दौसा, छापरा / गजरपुर, रिठोडा, हिरमाथला में वर्टिकल ड्रेनेज सिस्टम। | 08.10.2025 17.10.2025 | 450.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416354802 ascomewat@gmail.com |
| 14 | कृषि एवं किसान कल्याण नूह | गांव रेवासन में वर्टिकल ड्रेनेज सिस्टम। | 08.10.2025 17.10.2025 | 180.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416354802 ascomewat@gmail.com |
| 15 | खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग निदेशालय, हरियाणा | फोर्टिफाइड राईस केरनल (एफआरके) की खरीद हेतु ई-निविदा। | 04.10.2025 18.10.2025 | 25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8427441122 foodproc2@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/300/39369/I/88/6 दि. 09.10.25

# किसको कितनी सीटें? इसे लेकर राजग और इंडी गठबंधन में हो रही मशक्कत

**अधिसूचना आज काउंटडाउन हो जाएगा शुरू**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए चुनाव आयोग शुक्रवार को अधिसूचना जारी करेगा, इसके साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। पहले चरण में कुल 121 सीटों पर 6 नवंबर को मतदान होना है। उम्मीदवारों को नामांकन के लिए 17 अक्टूबर तक का समय मिलेगा। इसके बाद 18 अक्टूबर नामांकन पत्रों की जांच होगी। 20 अक्टूबर को उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे। 4 नवंबर शाम 5 बजे पहले चरण का चुनाव प्रचार थम जाएगा। इस चरण में नामांकन दाखिल करने के बाद प्रत्याशियों को प्रचार के लिए अधिकतम 15 दिन का समय मिलेगा।

## सीटों को लेकर एनडीए में लौटी मुस्कान नित्यानंद से मिलकर 'मान' गए पासवान

**एनडीए के सीट शेयरिंग का फॉर्मूला**



एनडीए में सीट बंटवारे की जो चर्चा है उसमें जदयू-102, भाजपा -101, लोजपा- 22 से 25, हम-7 से 9, रालोसपा- 7 से 8 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। हालांकि सीट बंटवारे को लेकर एनडीए के नेता अंतिम घोषणा से पहले कुछ भी बताने से परहेज कर रहे हैं। लेकिन बताया जा रहा कि पार्टियों के बीच में यह सहमति बन चुकी है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने कहा है कि सीट आवंटन पर पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख चिराग पासवान का फैसला अंतिम होगा।

### चिराग नाराज नहीं: नित्यानंद

केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय चिराग के आवास पर पहुंचे, लेकिन उससे पहले ही चिराग सरकारी कामकाज निपटाने के लिए अपने मंत्रालय के लिए निकल गए थे। राय ने चिराग पासवान से उनके आवास पर मुलाकात की। बताया जा रहा है कि सीट बंटवारे से नाराज चिराग दिल्ली

### मांझी बोले- कोई विरोध नहीं

जीतनराम मांझी ने कहा कि हर कदम पर आपको, एनडीए को मदद किए हैं। अगर नहीं चाहते हैं तो हमारा जैसा 60 परसेंट स्कोरिंग रेट है, 7 में 4 जीते थे तो आप 15 दे दीजिए, 7-8 जीत जाएंगे। हमारा मान्यता प्राप्त सीट (दर्जा) मिल जाएगी। यही तो मांग है।

### पीएम की रैलियों के लिए खास नारा- 25 से 30 नरेंद्र और नीतीश

बिहार चुनाव में पीएम मोदी की रैलियों में इस बार '25 से 30 नरेंद्र और नीतीश' का नारा देखने को मिल सकता है। यह नारा एनडीए के चुनाव अभियान का हिस्सा होगा, जिसमें नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार दोनों की तस्वीरों का इस्तेमाल किया जाएगा।

**चुनाव आयोग ने नेताओं को चेताया**

### फर्जी पोस्ट, फेक वीडियो और एआई के गलत इस्तेमाल पर होगी कार्रवाई



बिहार में पारदर्शी चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों को एआई ) के इस्तेमाल को लेकर सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं.आयोग ने कहा है कि प्रचार के दौरान कोई भी पार्टी या उम्मीदवारएआई वीडियो, ऑडियो या अन्य सामग्री का इस्तेमाल भ्रम फैलाने या विरोधियों को निशाना बनाने के लिए न करें।

### नेताजी के खाते में जुड़ेंगे 50 रुपए, रसगुल्ला 15 का

आयोग ने प्रत्याशियों की खर्च सीमा तय कर दी है। प्रचार के दौरान खाने-पीने से लेकर अन्य खर्चों पर आयोग की नजर रहेगी। एक प्लेट पूरी-जलेबी खिलाने पर 50 और एक रसगुल्ला खिलाने पर 15 रुपए प्रत्याशी के खाते में जुड़ेंगे। वाहनों, प्रचार सामग्री और अन्य सेवाओं की दरें भी निर्धारित की गई हैं। प्रत्याशी अधिकतम 40 लाख रुपए खर्च कर सकेंगे।

### ये सख्त हिदायतें दी

- चुनावों की घोषणा के साथ ही उम्मीदवारों और दलों द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट और डिजिटल प्रचार शुरू हो गया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि एआई से जुड़ी कोई भी सामग्री आचार संहिता के दायरे से बाहर नहीं होगी।
- आयोग ने याद दिलाया कि किसी भी दल या नेता की आलोचना केवल नीति, कार्यक्रम, रिकॉर्ड और कार्यों तक सीमित रहे। विपक्षी नेताओं या उनके परिवार के निजी जीवन पर टिप्पणी करने से बचा जाए।
- राजनीतिक दलों को हिदायत दी गई है कि असत्यापित आरोपों या तोड़े-मरोड़े तथ्यों के आधार पर विरोधियों या उनके कार्यकर्ताओं पर हमला न करें।
- चुनावी माहौल को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पार्टियों से जुड़े पेजों और लोगों के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और ऑनलाइन प्रचार सामग्री पर सख्त निगरानी रखी जा रही है।

**महागठबंधन में जल्द लगेगी मुहर**

## सीट बंटवारे को लेकर अंतिम दौर में बात, तीन फार्मूलों पर हो रहा विचार

विधानसभा चुनाव से पहले महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग को लेकर बातचीत अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। बताया जा रहा कि अब सिर्फ़ फॉर्मूले पर सहमति बननी बाकी है। माना जा रहा है कि दो प्रस्तावित फार्मूलों में से किसी एक पर जल्द मुहर लग सकती है। आरजेडी चाहती है कि 2015 के सीट शेयरिंग फार्मूले को ही आधार बनाया जाए, जबकि कांग्रेस पिछली बार की जीत का हवाला देकर सीटें बढ़ाने की मांग कर रही है।

**आरजेडी को सबसे बड़ा हिस्सा**



पहले फार्मूले के मुताबिक महागठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी राष्ट्रीय जनता दलको 138 सीटें मिलने की संभावना है। कांग्रेस को इस फार्मूले में 52 सीटें, जबकि वाम दलों को कुल 35 सीटें दी जा सकती हैं। विकासशील इंसान पार्टी को 15 सीटें, और झारखंड मुक्ति मोर्चा को 2 सीटें देने का प्रस्ताव है। इंडिया इन्क्लूसिव पार्टी को भी गठबंधन में शामिल करने की तैयारी है, जिसे 1 सीट मिल सकती है।

**छोटे दलों को ज्यादा हिस्सेदारी**

दूसरा प्रस्ताव थोड़ा संतुलित बताया जा रहा है। इसमेंआरजेडी को 130 सीटें दी जाएंगी। कांग्रेस को 55 सीटें मिलेंगी, वाम दलों को वही 35 सीटें, लेकिन वीआईपी की सीटें बढ़ाकर 20 हो सकती है। जेएमएम को 2 और इंडिया इन्क्लूसिव पार्टी को 1 सीट मिलनी तय है।

**तेजस्वी का ऐलान**

### सरकार बनने पर हर घर के सदस्य को सरकारी नौकरी देंगे

चुनाव में विपक्षी गठबंधन के सारे दल तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री का चेहरा मान रहे हैं। इस बीच तेजस्वी यादव ने राजद नेताओं के साथ बैठ मीडिया से बात की और बड़ा ऐलान कर दिया।



उन्होंने ऐलान किया कि उनकी सरकार बनते ही 20 दिन के अंदर कानून बनाकर हर घर में एक सरकारी नौकरी दी जाएगी। यादव ने कहा कि पिछले 17 महीनों के काम से मैं संतुष्ट नहीं हूं। बिहार की जनता अब बदलाव चाहती है। लोगों को सिर्फ सामाजिक नहीं, बल्कि आर्थिक न्याय भी मिलेगा। तेजस्वी यादव ने जो वादा किया है, उसे वो जरूर पूरा करेंगे।

**जनसुराज ने जारी की प्रत्याशियों की पहली सूची**



### 51 उम्मीदवारों में ट्रांसजेंडर को भी मौका

प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी ने चुनाव के लिए अपने पहले 51 प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में 7 सुरक्षित और 44 सामान्य सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की गई है। इनमें (16 हिंदू और 1 मुस्लिम), अन्य पिछड़ा वर्ग से 11, सामान्य वर्ग से 9 और अल्पसंख्यक वर्ग से 7 उम्मीदवार उतारे हैं। एक कन्नर को भी टकट दिया है।

**कार्यालय में हंगामा**

### खून हम जलाएं, टिकट दूसरे को थमाया

जन सुराज पार्टी में बड़ा बवाल हो गया है। ब प्रत्याशियों की सूची जारी होते ही पटना के जन सुराज कार्यालय में भारी हंगामा हो गया। बेनीपट्टी विधानसभा क्षेत्र से अवध किशोर झा को टिकट नहीं मिलने पर उनके समर्थकों ने टिकट बंटवारे में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। समर्थकों ने नारेबाजी की कि बेनीपट्टी में जन सुराज पार्टी को खड़ा करने में हमने खून जलाया है।

---

**खबर संक्षेप**

### हरिद्वार-ऋषिकेश के बीच आज से चलेगी ट्रेन

**नई दिल्ली।** लंबे इंतजार के बाद राजगीर-हरिद्वार स्पेशल ट्रेन फिर से शुरू हो रही है। गाड़ी संख्या



03223 हर शुक्रवार सुबह 4:05 बजे राजगीर से रवाना होगी और अगले दिन हरिद्वार पहुंचेगी। राजगीर और आस-पास के श्रद्धालुओं में इस बहाली को लेकर उत्साह है। यह ट्रेन विशेष रूप से उन श्रद्धालुओं के लिए लाभकारी होगी।

### अयोध्या में विस्फोट, पांच लोगों की मौत

**अयोध्या (उप्र)।** अयोध्या में पूरा कलंदर थानाक्षेत्र के पगला भारी गांव में शक्तिशाली विस्फोट होने के बाद एक मकान ढह गया, जिससे कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) शैलेंद्र सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि मलबे में अब भी कई लोगों के दबे होने की आशंका है और बचाव अभियान जारी है। सिंह ने कहा, ''विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गई है, कुछ घायल हुए हैं।

### लड़की के पेट से निकाला 10 किलो का ट्यूमर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में डॉक्टरों ने 19 साल की लड़की को नई जिंदगी दी।



लड़की के पेट में 5साल से ट्यूमर बन रहा था। पेट में पल रही गांठ ने 10 किलोग्राम का आकार ग्रहण कर लिया था, जिसे सफदरजंग अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने एक ऐतिहासिक सर्जरी के साथ समाप्त कर दिया। अब वह ठीक है।

### दिल्ली में 28 अवैध प्रवासी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्व जिला पुलिस के बांग्लादेशी प्रकोष्ठ ने राजधानी में अवैध रूप से रह रहे



28 बांग्लादेशी प्रवासियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई बढ़ती अवैध प्रवास की चिंताओं पर की है। बिना वैध दस्तावेज के रह रहे लोगों की पहचान और निर्वासन पर जोर दिया गया। पुलिस उन्हें वापस भेजने की कार्रवाई का रही है।

---

**वकील के कोर्ट में जूता फेंके जाने के मामले में बोले सीजेआई**

# हमारे लिए अब यह बीता अध्याय, जो भी हुआ मैं और मेरे साथी जस्टिस चंद्रन बहुत स्तब्ध रह गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई पर बीते सोमवार को 71 वर्षीय वकील राकेश किशोर द्वारा जूता फेंकने की कोशिश करने के मामले में देशभर में चर्चा तेज है। ऐसे में सीजेआई गवई ने गुरुवार को इस मामले में फिर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सोमवार को जो कुछ हुआ, उससे मैं और मेरे साथी जस्टिस विनोद चंद्रन बहुत स्तब्ध रह गए। हालांकि, अब यह हमारे लिए एक भूला हुआ अध्याय है। गवई ने मामले को आगे न बढ़ाने का संकेत भी दिया। यह टिप्पणी उस समय आई जब अदालत वनाशक्ति फैसले से जुड़े पुनर्विचार याचिकाओं की सुनवाई कर रही थी। इस बेंच में जस्टिस उज्जल भुयान भी शामिल थे। उन्होंने वकील राकेश किशोर के इस हरकत पर सख्त प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि इस हरकत पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए थी। उन्होंने इसे सुप्रीम कोर्ट का अपमान बताया। मामले में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस हरकत को अक्षम्य बताया और सीजेआई की गरिमा और संयम की प्रशंसा की। वहीं वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने मामले को यहीं खत्म करने की बात कही।



भारत के मुख्य न्यायाधीश गवई ने मामले को आगे न बढ़ाने का संकेत भी दिया। यह टिप्पणी उस समय आई जब अदालत वनाशक्ति फैसले से जुड़े पुनर्विचार याचिकाओं की सुनवाई कर रही थी। इस बेंच में जस्टिस उज्जल भुयान भी शामिल थे। उन्होंने वकील राकेश किशोर के इस हरकत पर सख्त प्रतिक्रिया दी है।

**मुख्य न्यायाधीश ने वकील राकेश किशोर की हरकत पर यह बात कही**

**एसजी मेहता ने इसे अक्षम्य बताया**

*न्यायाधीश उज्जल बोले- इस हरकत पर सख्त कार्वाई होनी चाहिए थी*



**किशोर ने कहा- हमें कोई पछतावा नहीं**

यह पूरा मामला तब प्रकाश में आया जब बीते सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान 71 वर्षीय वकील राकेश किशोर ने सीजेआई गवई की ओर जूता फेंकने की कोशिश की थी। वह मंच के पास पहुंचे और जूता निकालकर फेंकना चाहा, लेकिन कोर्ट में मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने समय रहते उसे रोक लिया। इस घटना के बाद बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने वकील का लाइसेंस तुरंत निलंबित कर दिया। इससे पहले राकेश किशोर ने बातचीत के दौरान कहा कि उन्हें अपने कृत्य पर कोई पछतावा नहीं है।

### एससीबीए ने सदस्यता को कर दिया खत्म

सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) ने गुरुवार को राकेश किशोर (71) की सदस्यता को तत्काल प्रभाव से खत्म करने की घोषणा की है। किशोर ने मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई पर अदालत में जूता फेंकने की कोशिश की थी। इस दौरान उन्होंने 'सनातन का अपमान नहीं सहेंगे' का नारा भी लगाया था। न्यायालय की सुरक्षा और शिष्टाचार के लिहाज से बेहद गंभीर मानी जा रही है। एससीबीए ने कहा कि किशोर का बेहद अनुचित, अव्यवस्थित और अतिशयोक्ति भरा व्यवहार सीधे तौर पर न्यायिक स्वतंत्रता पर हमला था। बार एसोसिएशन ने इसे पेशेवर आचार, अदालत की गरिमा और सुप्रीम कोर्ट की प्रतिष्ठा का गंभीर उल्लंघन माना है। एससीबीए की कार्यकारी समिति ने बयान जारी कर कहा कि यह घटना अदालत की गरिमा, न्यायिक स्वतंत्रता और बार तथा बेंच के बीच लंबे समय से चले आ रहे आपसी सम्मान और विश्वास पर सीधे प्रहार के समान है। राकेश किशोर का एससीबीए का सदस्य बने रहना इस संस्था की अपेक्षित गरिमा और अनुशासन के अनुरूप नहीं है।

### बार काउंसिल पहले ही रद्द कर चुका किशोर का लाइसेंस

इससे पहले बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने किशोर का बार लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। काउंसिल ने इस कदम को न्यायिक प्रक्रिया की सुरक्षा और पेशेवर आचार के पालन के लिए जरूरी करार दिया था।

---

**असम में भाजपा को लगा बड़ा झटका**

## पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेन समेत 18 नेताओं ने दिया इस्तीफा



एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम में विधानसभा चुनावों की तैयारी में जुटी भाजपा को एक जोर का झटका लगा है। गुरुवार को पार्टी के कद्दावर नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेन गोहेन (राजेश गोहेन) ने इस्तीफा दे दिया। गोहेन के साथ 17 अन्य ने भी भाजपा को छोड़ने का ऐलान किया है।

गोहेन का इस्तीफा ऐसे वक्त पर हुआ है जब मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा चुनावी मोड में हैं। गोहेन असम भाजपा के बड़े नेताओं में शामिल हैं। वे 1999 से 2014 तक असम की नौगांव क्षेत्र का प्रतिनिधितत्व कर चुके हैं। वे5 जुलाई, 2016 से 30 मई, 2019 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में रेल राज्य मंत्री का भी दायित्व निभा चुके हैं। पूर्वोत्तर राज्य असम में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। असम में बीजेपी जीत की हैट्रिक लगाना चाहती है। राज्य में पिछले 10 से भाजपा सत्ता में है।

### इस वजह से दिया इस्तीफा

बताया जा रहा इस्तीफा देने वाले अधिकांश सदस्य ऊपरी और मध्य असम से हैं। गोहेन ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उन्होंने इस्तीफा इसलिए दिया क्योंकि पार्टी ने असम के लोगों से किए गए वादों को पूरा नहीं किया और स्थानीय समुदायों को धोखा दिया, बाहरी लोगों को राज्य में बसने की अनुमति दी।

### सैकिया को सौंपा इस्तीफा

17 अन्य भाजपा सदस्यों ने भी सैकिया को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इनमें से अधिकतर ऊपरी और मध्य असम से हैं। गोहेन ने कहा कि उन्होंने इस्तीफा इसलिए दिया, क्योंकि पार्टी असम के लोगों से किए गए वादों को पूरा करने में विफल रही और बाहरी लोगों को राज्य में बसने की अनुमति देकर जातीय समुदायों के साथ विश्वासघात किया।

### 1999 से 2019 तक सांसद रहे

गोहेन ने 1999 से 2019 तक नागांव संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया और 2016 से 2019 तक रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री भी रहे। भाजपा में रहते हुए वो पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वे पेशे से चाय बागान के मालिक भी है। इसके अलावा कई अन्य क्षेत्रों में उनका काफी प्रभाव है। उनके जाने से भाजपा को राज्य में नुकसान हो सकता है।

### जीत का हैट्रिक लगाना चाह रही भाजपा

असम में फिलहाल मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा नीत सरकार सत्ता में काबिज है। जबकि पूर्वोत्तर राज्य असम में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। असम में भाजपा जीत की हैट्रिक लगाना चाहती है।

---

**पुणे के कोंढवा इलाके में एटीएस की रेड**

## कट्टरता फैलाने की सूचना, 18 जगहों पर छापामारी, कई हिरासत में लिए

एजेंसी ▶▶ पुणे

महाराष्ट्र एंटी-टेररिज्म स्क्वॉड (एटीएस) और पुणे पुलिस ने कट्टरता फैलाने की सूचना मिलने के बाद बुधवार देर रात से गुरुवार सुबह तक कोंढवा इलाके में बड़ी कार्रवाई की। गुप्त सूचना के आधार पर हुई इस छापेमारी में 18 ठिकानों पर दबिश दी गई, जिसमें कई संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई है। यह छापेमारी चार पुलिस थाना क्षेत्रों में की गई, जहां भारी पुलिस बल तैनात किया गया। एटीएस को इलाके में कुछ लोगों द्वारा कट्टर विचारों के प्रसार करने और संदिग्ध गतिविधियों



की खबर मिली थी। इस पर तत्काल संयुक्त टीम गठित की गई, जिसमें पुणे पुलिस के स्थानीय थानों की फोर्स भी शामिल थी। बुधवार रात करीब 11 बजे शुरू हुई कार्रवाई गुरुवार सुबह तक चली। अधिकारियों ने बताया कि जांच में लोगों की पहचान, पृष्ठभूमि और मोबाइल-डिजिटल गतिविधियों पर फोकस किया जा रहा है। हिरासत में लिए संदिग्धों से पूछताछ जारी है।

---

**कांशीराम की पुण्यतिथि पर बसपा ने रैली का आयोजन किया**

## अखिलेश पर बरसीं मायावती, योगी का किया गुणगान

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लखनऊ में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने कांशीराम की पुण्यतिथि पर एक विशाल रैली का आयोजन किया। इस महारैली में पूरे प्रदेश और देश के विभिन्न हिस्सों से लाखों समर्थक उमड़े। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि 2007 का इतिहास एक बार फिर से हम दोहराएंगे और यूपी में बसपा की सरकार बनाएंगे। उन्होंने अपने भाषण के दौरान बसपा सुप्रीमो ने सपा मुखिया अखिलेश यादव को जमकर घेरा, जबकि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ की। हालांकि, बाद में उन्होंने भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों को जातिवादी पार्टी बताया।

**लखनऊ में बसपा प्रमुख मायावती ने किया शक्ति प्रदर्शन**



### कोई कसर नहीं छोड़ूंगी, 5वीं बार सरकार बनाऊंगी

मायावती ने कहा कि रैली में लोग अपनी खून-पसीने की कमाई खर्च कर आए हैं। इस रैली ने यहां पर हुई पहले सभी रैलियों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इससे लगता है कि 2027 में यूपी में एक बार फिर पूर्ण बहुमत से बसपा की सरकार बनेगी। उन्होंने वादा किया कि वह कोई कसर नहीं छोड़ेंगी।

### मंच से की आकाश की तारीफ

मायावती ने मंच से पार्टी नेता आकाश आनंद की तारीफ करते हुए कहा कि आकाश बसपा का जनाधार बढ़ाने के लिए मेरे दिशानिर्देशन में लगातार प्रयास कर रहे हैं। ये अच्छी बात है। जिसके कारण बसपा के समर्थकों का भी उन्हें पूरा सहयोग मिल रहा है। उन्होंने समर्थकों से हर परिस्थिति में आकाश आनंद का समर्थन करने की अपील की।

### योगी सरकार को सराहा

मायावती ने समाजवादी पार्टी (सपा) पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान उन्होंने योगी आदित्यनाथ सरकार की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने स्मारक स्थलों के रखरखाव के लिए टिकट से मिली राशि का सही उपयोग किया। जब उत्तर प्रदेश में हमारी सरकार थी और कांशीराम के आदर-सम्मान में यह स्मारक स्थल बनाया गया था तो उसी समय हमारी सरकार ने ये व्यवस्था की थी कि हम लोग यहां आने वालों से टिकट लेंगे। जिसका पैसा लखनऊ में बनाए गए स्मारक और पार्कों के रख-रखाव में इस्तेमाल किया जाएगा, लेकिन दुख की बात यह है कि वर्तमान भाजपा की सरकार से पहले यहां सपा की सरकार थी तो सपा सरकार ने उस टिकट के पैसे को दबाकर रखा।

भारत पहुंचे अफगान विदेश मंत्री मुत्ताकी

# जयशंकर और अजीत डोभाल से करेंगे मुलाकात, द्विपक्षीय संबंधों पर होगी चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मावलवी आमिर खान मुत्ताकी गुरुवार को अपने छह दिनों के भारत दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे। तालिबान के अफगानिस्तान की सत्ता में आने के बाद ये पहली बार है कि कोई अफगान विदेश मंत्री ने भारत का दौरा किया है। इस दौरान मुत्ताकी विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल के साथ वे अहम बैठकें करेंगे। दरअसल, मुत्ताकी को पहले पिछले महीने भारत आना था, लेकिन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की तरफ से लगाए गए यात्रा प्रतिबंध के कारण दौरा रद्द करना पड़ा था। हालांकि, यूएनएससी ने बीते 30 सितंबर को मुत्ताकी को नौ से 16 अक्तूबर तक भारत यात्रा के लिए अस्थायी छूट दे दी, जिसके बाद उनका भारत दौरा संभव हुआ।

## विदेश मंत्रालय ने किया स्वागत



मुत्ताकी के भारत पहुंचने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर पोस्ट कर उनका स्वागत किया। जायसवाल ने कहा कि नई दिल्ली पहुंचने पर अफगान विदेश मंत्री मौलवी अमीर खान मुत्ताकी का हार्दिक स्वागत। हम द्विपक्षीय संबंधों और क्षेत्रीय मुद्दों पर रचनात्मक चर्चा की उम्मीद कर रहे हैं। मुत्ताकी अपने दौरे के दौरान दारुल उलूम देवबंद और आगरा के ताजमहल का भी दौरा करेंगे।

### दोनों देशों के बीच नया अध्याय शुरू

बता दें, अफगान विदेश मंत्री का ये भारत दौरा कई मायनों में खास माना जा रहा है। यह यात्रा भारत और तालिबान शासन के बीच रिश्तों में एक नया अध्याय जोड़ सकती है। भारत ने अब तक तालिबान सरकार को आधिकारिक मान्यता नहीं दी है और बार-बार अफगानिस्तान में एक समावेशी सरकार बनाने की अपील की है। साथ ही भारत यह भी दोहराता रहा है कि अफगान भूमि का इस्तेमाल किसी भी देश के खिलाफ आतंकवाद के लिए नहीं होना चाहिए।

दुनिया की सर्वश्रेष्ठ यूनिवर्सिटीज की सूची जारी

# भारत में बेंगलुरु स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान फिर से शीर्ष पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



टाईम्स वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में भारतीय विश्वविद्यालयों ने मिश्रित प्रदर्शन किया है। पिछले साल अपनी स्थिति खोने के बाद, भारतीय विज्ञान संस्थान, बैंगलोर ने वापसी की और वैश्विक स्तर पर 201-250 रैंकिंग बैंड में स्थान बनाया। इस बार सविता चिकित्सा एवं तकनीकी विज्ञान संस्थान ने दूसरे स्थान पर आकर अपनी पकड़ मजबूत की, जबकि अन्ना विश्वविद्यालय कई रैंक गिरकर 801-1000 बैंड में आ गया। इस बार जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने 401-500 बैंड में जगह बनाई, जो पिछले साल की तरह महात्मा गांधी विश्वविद्यालय (एमजीयू) की जगह है। शूलिनी विश्वविद्यालय ने अपनी पिछली रैंक बनाए रखी। इन बदलावों ने यह संकेत दिया कि भारतीय विश्वविद्यालय लगातार सुधार कर रहे हैं। और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

7 से 15 अक्टूबर तक राज्यव्यापी 'विकास सप्ताह' उत्सव मना रही सरकार

# गुजरात ने बढ़ाई 'मेक इन इंडिया' की रफ्तार 15 साल में मैन्युफैक्चरिंग 22 गुना बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गांधीनगर

नरेंद्र मोदी ने 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेकर प्रशासनिक जनसेवा की ऐतिहासिक यात्रा की शुरुआत की थी, जो इस साल 24 वर्ष पूरे कर चुकी है। इस गौरवशाली अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में गुजरात सरकार 7 से 15 अक्टूबर तक राज्यव्यापी 'विकास सप्ताह' उत्सव मना रही है, जिसके तहत 10 अक्टूबर को 'उद्योग साहसिक दिवस' के रूप में मनाया जाएगा, जो गुजरात के औद्योगिक उत्कर्ष और नवाचार की भावना को समर्पित है। पिछले 24 वर्षों में पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में गुजरात देश के औद्योगिक विकास इंजन के रूप में उभरा है। विशेष रूप से 2009 में तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में शुरू हुई विभिन्न पहलों ने गुजरात को भारत का प्रमुख ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरिंग हब बना दिया है।

## 24 वर्षों में पीएम मोदी के नेतृत्व में गुजरात औद्योगिक विकास इंजन के रूप में उभरा



भारत सरकार के वार्षिक औद्योगिक सर्वेक्षण (एएसआई) के अनुसार, गुजरात में मोटर वाहन, ट्रेलर और सेमी-ट्रेलर का उत्पादन वर्ष 2008-09 में लगभग 3,200 करोड़ रुपए था, जो 2022-23 में बढ़कर 71,425 करोड़ रुपए के अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, यह लगभग 22 गुना वृद्धि दर्शाता है।

### ऑटोमोबाइल निर्यात में स्थिति और सुदृढ़

कोविड के बाद गुजरात के ऑटोमोबाइल विनिर्माण क्षेत्र ने उल्लेखनीय वापसी करते हुए सिर्फ दो वर्षों में उत्पादन दोगुने से भी अधिक कर लिया। मोटर वाहन, ट्रेलर और सेमी-ट्रेलर श्रेणी के नवीनतम आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2020-21 के कोविड प्रभावित दौर में जहां उत्पादन 34,107 करोड़ था, वहीं 2022-23 में यह रिकॉर्ड स्तर 71,425 करोड़ पर पहुंच गया, जो 109% की अभूतपूर्व वृद्धि दर्शाता है। रणनीतिक भौगोलिक स्थिति और विश्वस्तरीय बंदरगाह अवसंरचना के बल पर गुजरात ने वैश्विक ऑटोमोबाइल निर्यात में अपनी स्थिति और सुदृढ़ की है।

# त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2025

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 08:35 | पटना जं | 21:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 11.10.25 से 15.11.25 |
| 02251 | पटना जं | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगलवार, बृहस्पतिवार, रविवार | 12.10.25 से 16.11.25 |
| 02253 | पटना जं (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | सप्ताह में तीन दिन | शनिवार, सोमवार, बुधवार | 11.10.25 से 17.11.25 |
| 02254 | नई दिल्ली | 08:35 | पटना जं | 21:30 | | रविवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार | 12.10.25 से 16.11.25 |
| 04203 | लखनऊ | 08:05 | नई दिल्ली | 18:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 04204 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ | 06:35 | | | |
| 04008 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:30 | जोगबनी | 17:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04007 | जोगबनी | 18:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04010 | दिल्ली जं. | 23:05 | सीतामढ़ी | 22:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04009 | सीतामढ़ी | 23:55 | दिल्ली जं. | 23:58 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04060 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 09:00 | जयनगर | 07:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04059 | जयनगर | 10:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:40 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04070 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 19:00 | | | |
| 04064 | दिल्ली जं. | 11:00 | भागलपुर | 10:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 04063 | भागलपुर | 13:40 | दिल्ली जं. | 15:30 | | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | |
| 04219 | शाहगंज | 22:35 | अयोध्या धाम | 01:40 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम | 02:10 | शाहगंज | 04:40 | | | |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा जं. | 16:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04449 | दरभंगा जं. | 18:15 | नई दिल्ली | 23:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी जं. | 23:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04453 | मानसी जं. | 01:10 | नई दिल्ली | 03:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद जं. | 02:20 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04455 | धनबाद जं. | 04:00 | नई दिल्ली | 06:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04458 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04457 | भागलपुर | 18:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 22:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04016 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04015 | सीतामढ़ी | 16:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 18:15 | | | 01.12.2025 तक |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 19.12.2025 तक |
| 04451 | हावड़ा जं. | 23:50 | नई दिल्ली | 04:10 | | | 20.12.2025 तक |
| 04094 | हज़रत निजामुद्दीन जं. | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04093 | पटना जं. | 07:45 | हज़रत निजामुद्दीन जं. | 00:45 | | | 30.11.2025 तक |
| 04096 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04095 | पाटलिपुत्र | 00:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 21:30 | | | 30.11.2025 तक |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड जंक्शन. | 12:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04097 | हसनपुर रोड जंक्शन. | 15:00 | नई दिल्ली | 18:30 | | | 30.11.2025 तक |
| 02877 | रांची जं. | 23:55 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 17.10.25 से 31.10.25 |
| 02878 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 04:00 | रांची जं. | 05:00 | | रविवार | 19.10.25 से 02.11.25 |
| 04504 | चंडीगढ़ जं. | 23:35 | पटना जं. | 21:00 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04503 | पटना जं. | 23:00 | चंडीगढ़ जं. | 23:10 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जं. | 09:40 | छपरा जं. | 09:00 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04607 | छपरा जं. | 12:00 | अमृतसर जं. | 13:30 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05314 | गोमती नगर | 00:15 | महबूबनगर | 19:10 | साप्ताहिक | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05313 | महबूबनगर | 22:10 | गोमती नगर | 15:00 | | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 05017 | मऊ जं. | 05:30 | उधना जं. | 12:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 01.11.2025 तक |
| 05018 | उधना जं. | 15:00 | मऊ जं. | 22:30 | | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05115 | छपरा जं. | 17:45 | उधना जं. | 07:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05116 | उधना जं. | 10:00 | छपरा जं. | 23:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जं. | 21:00 | अमृतसर जं. | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जं. | 13:25 | कटिहार जं. | 23:45 | | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 04090 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04089 | पटना जं. | 18:20 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:50 | | | 30.11.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जं. | 06:25 | लखनऊ | 11:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ | 16:30 | वाराणसी जं. | 21:50 | | | |
| 04221 | वाराणसी जं. | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04222 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी जं. | 18:00 | | बुधवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04224 | वाराणसी जं. | 14:50 | चण्डीगढ़ | 08:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोम, बुध, शक्र | 28.11.2025 तक |
| 04223 | चण्डीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जं. | 04:00 | | मंगल, बृहस्पति, शनि | 29.11.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 07:00 | गोमती नगर | 07:15 | साप्ताहिक | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05741 | गोमती नगर | 09:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:25 | | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 05734 | किशनगंज | 09:10 | अमृतसर | 00:10 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 13.11.2025 तक |
| 05733 | अमृतसर | 04:25 | किशनगंज | 17:30 | | शनिवार | 15.11.2025 तक |
| 05325 | गोमती नगर | 00:15 | लोकमान्य तिलक ट. | 05:50 | साप्ताहिक | शनिवार | 01.11.2025 तक |
| 05326 | लोकमान्य तिलक ट. | 07:55 | गोमती नगर | 10:45 | | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05023 | गोमती नगर | 23:55 | खातीपुरा | 17:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 05024 | खातीपुरा | 18:50 | गोमती नगर | 11:45 | | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 04195 | आगरा कैंट | 05:00 | जोगबनी | 18:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04196 | जोगबनी | 21:00 | आगरा कैंट | 07:10 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08763 | दुर्ग जं. | 07:20 | सुल्तानपुर जं. | 07:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08764 | सुल्तानपुर जं. | 10:00 | दुर्ग जं. | 12:50 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 01491 | पुणे जं. | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 20:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 01492 | हज़रत निजामुद्दीन | 21:25 | पुणे जं. | 23:55 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. | 22:30 | गोरखपुर जं. | 10:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 01080 | गोरखपुर जं. | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. | 00:40 | | | 02.12.2025 तक |
| 03107 | कोलकाता | 23:55 | लखनऊ | 00:10 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 06.11.2025 तक |
| 03108 | लखनऊ | 01:40 | कोलकाता | 00:40 | | शनिवार | 08.11.2025 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार (ट.) | 13:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 03436 | आनंद विहार (ट.) | 15:45 | मालदा टाउन | 21:05 | | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 02391 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार (ट.) | 18:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02392 | आनंद विहार (ट.) | 23:20 | पटना जं. | 17:20 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09083 | मुंबई सेंट्रल | 23:10 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 09084 | बनारस | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 09111 | वडोदरा जं. | 19:00 | गोरखपुर जं. | 23:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09112 | गोरखपुर जं. | 05:00 | वडोदरा जं. | 08:00 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बड़गाम | 20:20 | सप्ताह में छः दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 02.12.2025 तक |
| 04688 | बड़गाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | |
| 09639 | मदार जं. | 04:30 | रोहतक जं. | 12:50 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 09640 | रोहतक जं. | 13:20 | मदार जं. | 22:35 | | | |
| 09523 | ओखा | 10:00 | शकूर बस्ती | 10:35 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 09524 | शकूर बस्ती | 13:15 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 01415 | पुणे | 06:50 | गोरखपुर जं. | 16:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 01416 | गोरखपुर जं. | 17:30 | पुणे | 03:15 | | | 01.12.2025 तक |
| 05301 | मऊ जं. | 04:00 | अंबाला छावनी जं. | 00:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 05302 | अंबाला छावनी जं. | 01:40 | मऊ जं. | 22:00 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05005 | बढ़नी | 15:10 | अमृतसर | 09:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 05006 | अमृतसर | 12:45 | बढ़नी | 08:15 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01707 | जबलपुर | 14:15 | आनंद विहार (ट.) | 12:25 | साप्ताहिक | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 01708 | आनंद विहार (ट.) | 13:45 | जबलपुर | 09:30 | | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 01431 | पुणे | 06:40 | गाजीपुर सिटी | 19:40 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, मंगलवार | 28.11.2025 तक |
| 01432 | गाजीपुर सिटी | 22:40 | पुणे | 16:20 | | शनिवार, बुधवार | 29.11.2025 तक |
| 01123 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 12:15 | मऊ जं. | 05:35 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 01124 | मऊ जं. | 07:35 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 22:20 | | रविवार, मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 01051 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 12:15 | बनारस | 01:10 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01052 | बनारस | 06:35 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:40 | | शुक्रवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09061 | बांद्रा (ट.) | 21:20 | बरौनी जं. | 19:15 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 09062 | बरौनी जं. | 12:15 | बांद्रा (ट.) | 06:30 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 09042 | बलिया | 23:30 | उधना | 12:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 10.10.2025 तक |
| 09257 | भावनगर | 13:50 | शकूर बस्ती | 10:35 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 09258 | शकूर बस्ती | 13:15 | भावनगर | 10:45 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02417 | प्रयागराज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | प्रयागराज | 19:40 | | शनिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 02275 | सूबेदारगंज | 21:40 | दिल्ली जं. | 08:55 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 02276 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:35 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05047 | बनारस | 10:45 | कोलकाता | 05:25 | साप्ताहिक | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 05048 | कोलकाता | 08:25 | बनारस | 04:15 | | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जं. | 17:00 | हजरत निज़ामुद्दीन | 05:00 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09310 | हजरत निज़ामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं. | 21:00 | | शनिवार, सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 09095 | बांद्रा (ट.) | 11:00 | अयोध्या कैंट | 17:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 19.11.2025 तक |
| 09096 | अयोध्या कैंट | 21:00 | बांद्रा (ट.) | 06:00 | | बृहस्पतिवार | 20.11.2025 तक |
| 09097 | बांद्रा (ट.) | 21:50 | लुधियाना जं. | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09098 | लुधियाना जं. | 04:00 | बांद्रा (ट.) | 10:20 | | मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 07095 | चर्लपल्ली | 07:40 | हज़रत निजामुद्दीन | 16:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, बृहस्पतिवार | 16.10.25 तक |
| 07096 | हज़रत निजामुद्दीन | 19:00 | चर्लपल्ली | 04:00 | | बुधवार, शुक्रवार | 17.10.25 तक |
| 03255 | पटना | 22:20 | आनंद विहार (ट.) | 18:35 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बृहस्पतिवार | 12.10.25 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट.) | 23:30 | पटना | 18:35 | | सोमवार, शुक्रवार | 10.10.25 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 10.10.25 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 11.10.25 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जं. | 22:45 | दिल्ली जं. | 12:50 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 16.10.25 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जं. | 14:00 | गोरखपुर जं. | 06:25 | | शुक्रवार | 10.10.25 से अगले आदेश तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट.) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05219 | मुज़फ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट.) | 10:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 18.10.25 से 29.11.25 |
| 05220 | आनंद विहार (ट.) | 12:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 09:45 | | रविवार | 19.10.25 से 30.11.25 |
| 03697 | गया जं. | 14:15 | दिल्ली जं. | 07:45 | सप्ताह में पाँच दिन | रवि, बृहस्पति को छोड़कर | 29.11.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | | सोम, शुक्र को छोड़कर | 30.11.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जं. | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जं. | 09:00 | | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 05579 | पूर्णियाँ कोर्ट | 16:30 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | सप्ताह में चार दिन | सोम, मंगल, शुक्र, रवि | 15.12.2025 तक |
| 05580 | आनंद विहार (ट.) | 05:15 | पूर्णियाँ कोर्ट | 13:45 | | बुध, बृहस्पति, शुक्र, रवि | 17.12.2025 तक |
| 05575 | सहरसा जं | 20:00 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 10.12.2025 तक |
| 05576 | आनंद विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं | 10:30 | | मंगलवार | 16.12.2025 तक |
| 01493 | पुणे | 17:30 | हज़रत निजामुद्दीन | 20:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बृहस्पतिवार | 13.11.2025 तक |
| 01494 | हज़रत निजामुद्दीन | 21:25 | पुणे | 23:55 | | मंगलवार, शुक्रवार | 14.11.2025 तक |
| 04312 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | सियालदह | 23:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 11.10.25 से 15.11.25 |
| 04311 | सियालदह | 05:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 12:00 | | सोमवार | 13.10.25 से 17.11.25 |
| 04314 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 11:20 | सप्ताह में दो दिन | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.25 तक |
| 04313 | मुज़फ्फरपुर जं. | 14:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:15 | | शुक्रवार, सोमवार | 10.10.25 से 01.12.25 |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट.) | 00:20 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बृहस्पतिवार | 13.10.25 से अगले आदेश तक (20.10.25 को निरस्त) |
| 05306 | आनंद विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | | बुधवार, शनिवार | 11.10.25 से अगले आदेश तक (22.10.25 को निरस्त) |
| 05625 | कामाख्या | 22:00 | रोहतक | 14:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 05626 | रोहतक | 22:10 | कामाख्या | 15:30 | | रविवार | 09.11.2025 तक |
| 02397 | गया जं. | 14:15 | आनंद विहार (ट.) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 02398 | आनंद विहार (ट.) | 08:20 | गया जं. | 00:30 | | सोमवार | 13.10.25 से 01.12.25 |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट.) | 05:00 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 11.10.25 से 29.11.25 |
| 05284 | आनंद विहार (ट.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | बृहस्पतिवार, रविवार | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 03309 | धनबाद जं. | 10:10 | दिल्ली जं. | 09:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 11.10.25 से 29.11.25 |
| 03310 | दिल्ली जं. | 11:45 | धनबाद जं. | 13:00 | | बुधवार, रविवार | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 03639 | गया जं. | 22:00 | दिल्ली जं. | 17:00 | सप्ताह में तीन दिन | रवि, मंगल, बृहस्पति | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 03640 | दिल्ली जं. | 19:00 | गया जं. | 11:30 | | सोम, बुध, शुक्र | 13.10.25 से 01.12.25 |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | आनंद विहार (ट.) | 13:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 13.10.25 से 24.11.25 |
| 03222 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | राजगीर | 16:45 | | मंगलवार | 14.10.25 से 25.11.25 |
| 03223 | राजगीर | 04:05 | हरिद्वार | 05:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 10.10.25 से 26.12.25 |
| 03224 | हरिद्वार | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 11.10.25 से 27.12.25 |
| 07363 | हुब्बल्लि जं | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 13.10.25 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्लि जं | 06:30 | | बृहस्पतिवार | 16.10.25 से अगले आदेश तक |
| 06597 | यशवंतपुर जं | 07:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 10:20 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 06598 | योग नगरी ऋषिकेश | 17:55 | यशवंतपुर जं | 19:45 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08760 | दुर्ग | 10:45 | हज़रत निजामुद्दीन | 11:10 | साप्ताहिक | रविवार | 23.11.2025 तक |
| 08761 | हज़रत निजामुद्दीन | 12:30 | दुर्ग | 15:00 | | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हज़रत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 07024 | हज़रत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01483 | पुणे | 17:30 | हज़रत निजामुद्दीन | 20:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 01484 | हज़रत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | बुधवार, रविवार | 30.11.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

## चिंतन

# अफगान विदेश मंत्री के भारत आने के मायने

एक ही दिन में दो खबरें आईं, दोनों का मजबून अलग-अलग है, लेकिन मूल एक ही है। पहली खबर है कि अमेरिकी सांसदों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पत्र लिखकर आगाह किया है कि भारत से तुरंत संबंधों को सुधारें नहीं तो वो रूस और चीन के नजदीक चला जाएगा। दूसरी खबर है कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी भारत दौरे पर पहुंचे। हालांकि भारत ने अभी तक अफगान की तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है। इसके बावजूद दोनों देशों के रिश्तों में लगातार सुधार हो रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जिस तरह अफगान की तालिबान सरकार भारत के समर्थन में खड़ी हुई, उसे पूरी दुनिया ने देखा। भारत ने भी क्रिकेट से लेकर निर्माण तक में अफगान की मदद की। भारत, पाकिस्तान को अलग-थलग करने की रणनीति पर काम कर रहा है। अब अफगानिस्तान के करीब आने से साउथ एशिया में भारत की स्थिति मजबूत होगी। भारत दौरे से पहले अफगानी मंत्री रूस की राजधानी मॉस्को भी पहुंचे। यहां वे 'मॉस्को फॉर्मेट कंसल्टेशन' की बैठक में शामिल हुए, जिसमें भारत उनके सपोर्ट में दिखा। भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस प्लान का विरोध किया है, जिसमें उन्होंने अफगानिस्तान से बगराम एयरबेस वापस लेने की बात कही थी। 2021 में अमेरिका के अफगानिस्तान छोड़ने और तालिबान की सरकार बनने के बाद भारत ने काबुल में अपना दूतावास बंद कर दिया था। तब से दोनों देशों के बीच कोई औपचारिक रिश्ता नहीं रहा। भारत ने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को ऑफिशियली मान्यता भी नहीं दी है। हालांकि भारत लंबे वक्त से अफगानिस्तान के साथ बैकडोर डिप्लोमेसी करता रहा है। अब तालिबान सरकार के करीब 5 साल के शासन के बाद विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी भारत दौरे पर हैं। माना जा रहा है कि उनकी विदेश मंत्री एस.जयशंकर से भी मुलाकात होगी, जिसमें दोनों के देशों के संबंधों के अलावा अफगान को मान्यता देने पर भी बात होगी। इससे साफ संदेश जाता है कि भारत अब तालिबान सरकार को गंभीरता से ले रहा है और उसे अफगानिस्तान के प्रतिनिधि संस्था के तौर पर स्वीकार कर रहा है। भारत को ये अंदाजा हो गया है कि तालिबान अफगानिस्तान में लंबे वक्त तक रह सकता है इसलिए उनके साथ बातचीत जरूरी है। ऐसा लग रहा है कि अफगानिस्तान में आंतरिक संघर्ष खत्म हो चुका है और तालिबान की सत्ता को स्वीकार कर लिया गया है। अब ऐसा तालिबान सत्ता में आया है, जो करीब-करीब सारे गुटों को साथ लेकर चल रहा है। इससे पहले हामिद करजई की सरकार थी। उसके बारे में यही कहा जाता था कि वो काबुल के चेयरमैन हैं, उससे ज्यादा कुछ नहीं। वो पूरी तरह से विदेशी सहायता पर निर्भर थे। इसी के चलते पाकिस्तान को अफगान में दखल का मौका मिल रहा था। अब तालिबान सरकार पूरी तरह से एकजुट दिख रही है। इसके चलते पाक को अफगान से सीधा मुकाबला भी मिल रहा है। अब जबकि अफगानी विदेश मंत्री भारत दौरे पर है तो पाकिस्तान की नींद खराब होना तय है। वहीं, अफगान के जिस बगराम एयरबेस को वापस लेने का भारत ने विरोध किया है, उस पर चीन और पाकिस्तान ने भी भारत का समर्थन करके अमेरिका की नींद उड़ा दी है। अमेरिका को लग रहा है कि अगर भारत से संबंधों में सुधार नहीं किया गया तो साउथ एशिया में उसके लिए हालात विकट हो सकते हैं। भारत के मुकाबले कमजोर पाकिस्तान पर भरोसा करना उसे महंगा पड़ सकता है। चीन पहले से ही अमेरिका को आंखें दिखा रहा है।



प्राकृतिक आपदा
अखिलेश आर्येन्दु

# बढ़ती दुश्वारियां बनी किसानों की नियति

खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की रिपोर्ट के मुताबिक बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं के कारण दुनियाभर के किसानों के ऊपर हर साल आर्थिक, शारीरिक, मानसिक और सामाजिक असर पड़ रहा है। इससे वह कई बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। यह चपत किसान को बर्बादी के कगार पर खड़ा होने के लिए मजबूर कर रही है। किसानों पर पड़ रही भयंकर मार वैश्विक स्तर पर कृषि-क्षेत्र के वार्षिक सकल घरेलू उत्पाद के करीब पांच फीसदी है। गौरतलब है प्राकृतिक आपदाओं की घटनाएं पिछले तीस वर्षों में तेजी से बढ़ी हैं जो चिंता पैदा करने वाली हैं। सरकार को ऐसी नीति बनानी चाहिए, जिससे इस बाबत किसानों को होने वाली परेशानियां कम से कम हों।

इस साल पंजाब, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, उतराखंड, उत्तर प्रदेश, असम, राजस्थान, दिल्ली सहित दक्षिण के तमाम राज्यों में औसत से ज्यादा बरसात हुई है। इसकी वजह से सैकड़ों गांव बाढ़ की चपेट में आ गये और हजारों हेक्टेयर खरीफ की फसल बर्बाद हो गई। लाखों-करोड़ों के नुकसान का अनुमान है। पहाड़ी राज्यों में बादल फटने की घटनाओं से जान-माल का नुकसान तो हुआ ही, लाखों हेक्टेयर खेत में खड़ी फसल व फल बर्बाद हो गए। केंद्र ने पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश सहित अतिवृष्टि व बाढ़ प्रभावित राज्यों को राहत कार्यों और लोगों के क्षतिग्रस्त मकान–दुकानों के लिए जरूरी राहत धनराशि मुहैया कराई है, जिससे उनको फिर से बगैर जोखिम उठाए बरसात से हुए नुकसान से उबारा जा सके। फिर भी, किसानों को इससे थोड़ी ही राहत हुई है। जितना नुकसान हुआ और परिवार को जो पीड़ाएं और परेशानियां हुई, उनको समझने वाला कोई नहीं है। इसे किसानों की नियति कहेंगे या कुछ और। एक समस्या खत्म नहीं होती, दूसरी सामने मुंह बाए खड़ी दिखती है।

पिछले साल वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन (डब्ल्यू.डब्ल्यू.ए) और क्लाईमेट सेंट्रल की संयुक्त रिपोर्ट प्रकाशित हुई थी। इसके मुताबिक मानव-जनित जलवायु परिवर्तन की वजह से उच्च तापमान के कारण 2024 में बाढ़ तूफान, सूखा, जंगल की आग और गर्मी की लहरों का आगाज लगातार बना रहा। रिपोर्ट के मुताबिक 24 मौसम घटनाओं में 3,700 लोगों की मौत हुई और लाखों लोग विस्थापित हुए। इस रिपोर्ट से समझा जा सकता है कि जलवायु परिवर्तन कितना खतरनाक है। इस साल बरसात से जान-माल, बादल फटने और बाढ़ से जो नुकसान हुआ, इसका अभी सरकारी अनुमान लगाया जा रहा है। खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की रिपोर्ट के मुताबिक बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं के कारण दुनियाभर के किसानों के ऊपर हर साल आर्थिक, शारीरिक, मानसिक और सामाजिक असर पड़ रहा है। इससे वह कई बीमारियों के चपेट में आ जाता है। यह चपत किसान को बर्बादी के कगार पर खड़ा होने के लिए मजबूर कर रही है। किसानों पर पड़ रही यह भयंकर मार वैश्विक स्तर पर कृषि-क्षेत्र के वार्षिक सकल घरेलू उत्पाद के करीब पांच फीसदी है। गौरतलब है प्राकृतिक आपदाओं की घटनाएं पिछले तीस वर्षों में तेजी से बढ़ी हैं जो चिंता पैदा करने वाली हैं। ऋतु-चक्र में आया यह बदलाव कई तरह की दुश्वारियां, संकट, परेशनियां और बीमारियां पैदा कर रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन के प्राकृतिक कारणों से दुनिया में तमाम तरह की दुश्वारियां, बीमारियां, संकट और ऋतु-चक्र में अनुमान से ज्यादा बदलाव देखे जा रहे हैं। जो प्राकृतिक कारण जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा दे रहे हैं उनमें वायु प्रदूषण, सूर्य में परिवर्तन, ज्वालामुखियों में उत्सर्जन और लगातार कार्बन डाइऑक्साइड के बढ़ते जाना, जीवाश्म ईंधन का अधिक मात्रा में जलना, वनों की कटाई, पहाड़ों का लगातार क्षरण, औद्योगिक-क्षेत्र से लगातार बढ़ता जहरीला कचरा, खेती प्राणालियों से ग्रीनहाउस गैसों का बढ़ते जाना और वाहनों की बढ़ती तादाद प्रमुख है। इतनी सारी वजहों के अलावा लगातार युद्धों से जहरीली गैसों का उत्सर्जन, परमाणु कचरा, प्लास्टिक व माइक्रोप्लास्टिक भी ऋतु-चक्र और मौसम का लगातार



बेईमान होने की वजह बन रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन ग्रीन हाउस गैसों की वजह से ग्लोबल वार्मिंग की समस्या लगातार बढ़ रही है। सवाल यह है जलवायु परिवर्तन के दौर में ऐसी प्राकृतिक आपदाओं से हुए जान-माल और खेती-बागवानी के नुकसान का रहनुमा कौन है? और सवाल यह भी है जिस किसान के ऊपर अन्न, सब्जी, फल, दूध, ऊन पैदा करने की जिम्मेदारी है उस किसान की हालात कब तक ऐसी बनी रहेगी? क्या सरकारी राहत से किसानों के नुकसान की पूरी भरपाई हो पाती है? भारत में तो नहीं होती। जलवायु परिवर्तन का सबसे ज्यादा असर किसानों पर हुआ है। कृषि-क्षेत्र में किसानों की रुचि वैश्विक स्तर पर लगातार कम हो रही है। एफएओ के आंकड़े बताते हैं कि पिछले 23 वर्षों में कृषि में श्रम बल 40 से घटकर 26 फीसदी पहुंच गया। आंकड़े के अनुसार जहां साल 2000 में करीब 102.7 करोड़ लोग यानी वैश्विक श्रम बल का करीब 40 फीसदी हिस्सा कृषि से जुड़ा था, वह 2021 में घटकर महज 26 फीसदी ही रह गया। यानी अब केवल 87.3 करोड़ से कम लोग अपनी जीविका के लिए खेती पर निर्भर हैं। भारत में जिस तेजी से लोगों में खेती-बागवानी और पशुपालन में रुचि और रोजगार की निर्भरता लगातार कम हो रही है, भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए बहुत चिंता की बात है। खाद्य एवं कृषि संगठन की नई स्टैटिस्टिकल ईयर बुक : वर्ल्ड फूड एंड एग्रीकल्चर 2023 के अनुसार 1991 से 2021 के दौरान किसानों को बाढ़, तूफान, ओला, अकाल और बादल फटने की घटनाओं से फसलों के नुकसान और पशुधन की मौत से करीब 321,6 लाख करोड़ रुपये का नुकसान झेलना पड़ा है। इन आपदाओं का सबसे ज्यादा खामियाज़ा भारत सहित पूरे एशिया के किसानों को भुगतना पड़ा। यह बहुत बड़ी चपत है। 2021-25 के अगस्त माह तक तकरीबन 200 करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। किसी और सेक्टर में इतनी बड़ी चपत आमतौर पर देखने में नहीं आती। यदि आती भी है तो, उन देशों की सरकारें उनके साथ हर हालत में खड़ी रहती हैं। इसलिए उन देशों में कृषि घाटे का कार्य नहीं है। इसलिए पलायन की समस्या वहां के गांवों में न के बराबर है। कृषि के अलावा दूसरे सेक्टरों में काम कर रहे व्यक्ति को घाटा लगने पर सरकार उसका पूरा भरपाई करती है, लेकिन भारत के किसानों को भरपाई के नाम पर लॉलीपाप थमाया जाता है। आजादी के सतहत्तर सालों में किसानी सबसे मजबूरी वाला क्षेत्र रहा है। किसान और खेतिहर मजदूरों की दशा सबसे अधिक दयनीय रही है। यही वजह है सबसे अधिक घाटे वाला, पीड़ादायक और खून सुखा देने वाला रहा है। आत्महत्या सबसे ज्यादा किसान और उसके परिवारी-जन करते हैं। लागत, मेहनत, परेशानी, अनिश्चितता सबसे ज्यादा और इज्जत के नाम पर प्रताड़ना किसान की नियति का खेल नहीं तो क्या है? रिपोर्ट बताती है कि भारत सहित एशिया के किसानों को पिछले तीन दशकों के दौरान करीब 143.2 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं पर अमेरिका और यूरोप अपने कृषि क्षेत्र के संबंध में आनुपातिक रूप से अधिक प्रभावित हुए हैं। भारत के लाखों किसान जहां तमाम आर्थिक समस्याओं में उलझे रहते हैं वहीं पर पारिवारिक समस्याओं से भी परेशान रहते हैं। खेती की तरफ किसानों की रुचि लगातार कम होने को लेकर सरकारों ने ऐसा कोई कदम नहीं उठाया कि लोगों में कृषि की तरफ रुचि फिर से पैदा हो और बेरोजगारी की विकराल समस्या से लोगों को छुटकारा मिले। कृषि में छुपी लागत किसान के लिए सबसे चिंता का विषय है। इसलिए सरकार को विशेषज्ञों से सलाह ले ऐसी नीति बनानी चाहिए जिससे इस बाबत किसानों को होने वाली परेशानियां कम से कम हों।

(लेखक पर्यावरण संरक्षण से जुड़े हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे

विवेक शुक्ला



# सबको ठीक करने वाले ही खुद हो रहे बीमार

क्या आपने कभी सोचा है कि जो लोग हमें बीमारियों से बचाते हैं, वो खुद कितने बीमार हो रहे हैं? जी हां, भारत के मेडिकल प्रोफेशनल्स, डॉक्टरों, नर्सों और दूसरे हेल्थ वर्कर्स भी मेंटल हेल्थ का शिकार हो रहे हैं। ये लोग दिन-रात मरीजों की सेवा करते हैं, लेकिन खुद की मेंटल हेल्थ पर ध्यान नहीं दे पाते। हाल के सालों में ये समस्या इतनी बढ़ गई है कि कई डॉक्टर डिप्रेशन, एंग्जाइटी और यहां तक कि सुसाइड तक के शिकार हो रहे हैं। ये कोई छोटी-मोटी बात नहीं है; ये एक बड़ा मुद्दा है जो पूरे हेल्थ सिस्टम के लिए चुनौती बन गया है। ये समस्या क्यों हो रही है? डॉक्टरों की जिंदगी आसान थोड़े ही है। लेडी हॉर्डिंग मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली से जुड़े रहे प्रख्यात मनोचिकित्सक डॉ. सुनील मित्तल कहते हैं कि अस्पतालों में ड्यूटी के घंटे इतने लंबे होते हैं कि नींद पूरी नहीं हो पाती। कभी-कभी 36-48 घंटे की लगातार शिफ्ट! सोचिए, इतने समय तक काम करने से इंसान कितना थक जाता होगा। ऊपर से मरीजों की भीड़, इमरजेंसी केस, और वो सारा प्रेशर कि हर मरीज को बचाना है। एक स्टडी में पाया गया कि कोविड के दौरान 37% हेल्थ वर्कर्स को एंग्जाइटी हुई, 33% डिप्रेशन और 23% स्ट्रेस। ये आंकड़े डराने वाले हैं, क्योंकि ये लोग हमारी जान बचाते हैं, लेकिन खुद की सेहत का क्या? और सिर्फ काम का प्रेशर ही नहीं, मेडिकल एजुकेशन का सिस्टम भी बड़ा दोषी है। एमबीबीएस स्टूडेंट्स और रेजिडेंट डॉक्टरों को एग्जाम की इतना टेंशन रहती है कि नींद उड़ जाती है। मेडिकल कॉलेजों में हैरासमेंट भी कम नहीं। सीनियर-जूनियर का ईगो क्लैश, बुलिंग, और वो 'सुपीरियर-इनफीरियर' वाला ऐटिट्यूड। आरटीआई से मिली जानकारी से पता चला कि पिछले 5 सालों में 191 मेडिकल स्टूडेंट्स ने सुसाइड किया, और 1166 ने कॉलेज छोड़ दिया। ये आंकड़े बताते हैं कि कॉलेज 'हब ऑफ हैरासमेंट' बन चुके हैं। अब आंकड़ों की बात करें तो हालत और भी बुरी लगती है। भारत में साइकिएट्रिक डिसॉर्डर्स की दर 9.5 से 370 प्रति 1000 लोग है, लेकिन डॉक्टरों में ये ज्यादा है। एक सर्वे में पाया गया कि 34.9% डॉक्टर अनलाद के शिकार हैं, 39.5% को एंग्जाइटी और 32.9% को स्ट्रेस। इन सब का असर क्या होता है? सबसे पहले, डॉक्टरों की पर्सनल लाइफ बर्बाद। फैमिली टाइम नहीं, लव लाइफ नहीं, यहां तक कि पैरेंट्स की उम्र बढ़ने का टेंशन। तो समाधान क्या? सबसे जरूरी है जागरूकता। डॉक्टरों के लिए अस्पतालों में काउंसलिंग सेंटर बनें। गवर्नमेंट को पॉलिसी चेंज करनी चाहिए, ड्यूटी घंटे कम करें, जैसे यूरोप में 48 घंटे का मैक्सिमम। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं कि ये याद रखा जाना चाहिए कि डॉक्टर भी इंसान हैं। अगर वो खुश और सेहतमंद नहीं रहेंगे, तो हम कैसे रहेंगे? सरकार, अस्पताल और हम सबको मिलकर इस समस्या को हल करना होगा। छोटे-छोटे कदम जैसे दोस्तों से बात करना, योग करना, या हेल्पलाइन पर कॉल करना – ये सब मदद कर सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोग ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अवसाद, चिंता और अन्य मानसिक विकारों से अधिक प्रभावित होते हैं। शहरों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के बढ़ने के प्रमुख कारणों में से एक है पर्यावरणीय प्रदूषण। वायु प्रदूषण, शोर प्रदूषण और विषाक्त पदार्थों का संपर्क मस्तिष्क पर नकारात्मक प्रभाव डालता है, जिससे तनाव और अवसाद बढ़ता है। दूसरा महत्वपूर्ण कारण है सामाजिक अलगाव। शहरों में लोग व्यस्त जीवनशैली के कारण परिवार और दोस्तों से दूर हो जाते हैं, जिससे अकेलापन बढ़ता है। अपराध दर, असमानता और हिंसा जैसे कारक भी चिंता को बढ़ावा देते हैं। इसके अलावा, तेज गति वाला जीवन, लंबे काम के घंटे, ट्रैफिक जाम और आर्थिक दबाव मानसिक थकान पैदा करते हैं। शहरों में हरे-भरे क्षेत्रों की कमी भी एक बड़ा मुद्दा है, क्योंकि प्रकृति से संपर्क मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाता है। गरीबी और बेरोजगारी जैसे सामाजिक कारक पूर्व-मौजूदा जोखिमों को बढ़ाते हैं, विशेष रूप से युवाओं में। शहरीकरण के साथ लोगों का गांवों से शहरों की ओर पलायन बेहतर अवसरों की तलाश में होता है, लेकिन यहां का तनावपूर्ण वातावरण उन्हें मानसिक रूप से कमजोर बनाता है। विशेषज्ञ कहते हैं कि नियमित व्यायाम, ध्यान और योग जैसे अभ्यास तनाव कम करने में मददगार हैं। सामाजिक संपर्क बढ़ाना, जैसे क्लब ज्वाइन करना या दोस्तों से मिलना, अकेलेपन को दूर करता है। शहरों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बढ़ानी चाहिए, जैसे किफायती काउंसलिंग सेंटर और हेल्पलाइन। कुल मिलाकर, बात ये है कि मेंटल हेल्थ एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। इसकी चपेट में डॉक्टर भी आ रहे हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# संकीर्णता अधर्म और विष है



संकलित
दर्शन

पानी छोटे से पोखर में भी पाया जाता है किन्तु वह प्रायः गन्दा और दुर्गन्ध पूर्ण होता है किन्तु सरोवर में पाया जाना वाला पानी स्वच्छ और अधिक उपयोगी होता है। पोखर छोटा और सरोवर विशाल होता है। मानव का मन भी प्रायः दो तरह का होता है। क्षुद्र और विशाल। क्षुद्र हृदय व्यक्ति बहुत सीमित दायरे में सोचता है। ऐसे व्यक्ति प्रायः कट्टर होते है वे औरों के प्रति असहनशील और ईर्ष्या ग्रस्त होते हैं। सरोवर की तरह उदार हृदय व्यक्ति विशाल दृष्टि कोण लेकर चलते हैं सहिष्णुता उनकी मुख्य विशेषता होती है। वे अपना ही नहीं सभी का अभ्युदय चाहते हैं। संकीर्ण मनोवृत्ति से दूर रहते हैं। ऐसे व्यक्ति समाज और मानवता के लिए वरदान स्वरुप होते हैं। धर्म मूलत, विशाल हृदयी व्यक्ति तैयार करने का काम करता है। मित्ति में सव्व भूएसु, सर्वे भवन्तु सुखिनः, वसुधैव कुटुम्बकम् जैसे धर्म के मौलिक सूत्र है जिन में संकीर्णता का कोई नामो निशान नहीं है किन्तु जब से धर्म में संप्रदायें प्रबल हुई है। धर्म के स्वरुप को भी संकीर्ण बनाने का प्रयत्न किया जाने लगा। संकुचित मनोवृत्ति वाले व्यक्ति साम्प्रयादिकता के ज्यादा पक्ष घर बने रहे उन्होंने धर्म की सारी व्यवस्थाओं को कट्टरता और संकीर्णता के घेरे में बांध लिया। केवल हम और हमारा ये ही ठीक है शेष सभी व्यर्थ है। संकीर्णता की इस भावना ने धर्म की सार्वभौमिकता को तोड़ कर जन जन में भेद भाव की खाई खड़ी कर दी। अन्य धर्म संप्रदायों की बात छोड़िये।

# ईर्ष्यालु व्यक्ति सुखी-संपन्न नहीं देख सकता



संकलित
प्रेरणा

एक महिला कुबड़ी थी जिसकी वजह से वह झुककर चलती थी। सभी लोग उसका उपहास उड़ाते थे। बच्चे तो जब-तब उसे 'कुबड़ी-कुबड़ी' कहकर परेशान करते रहते थे। एक दिन वह कहीं जा रही थी कि सहसा रास्ते में उसकी भेंट नारद जी से हो गई। नारद ने उस महिला पर तरस खाते हुए कहा, 'आओ बहन! मेरे पास आओ। मैं अपने योगबल से तुम्हारा कूबड़ ठीक कर दूंगा।' महिला बोली, 'भगवान! आप अंतर्यामी हैं। आप तो जानते ही है कि लोग मेरा कितना मजाक उड़ाते हैं। मुझे सदैव यह कहकर चिढ़ाते रहते हैं कि, देखो वह कुबड़ी जा रही है। यदि आप मुझ पर मेहरबानी कर ही रहे हैं तो मेरे कूबड़ की फिक्र मत कीजिए। आप बस इतना कर दीजिए कि जो लोग मेरा मजाक उड़ाते हैं, उन सबके भी कूबड़ निकल आए।' नारद जी ने उस महिला का उत्तर सुना तो हक्के-बक्के रह गए। आश्चर्यचकित होकर बोले, 'बहन, दूसरों के कूबड़ निकल आने से तुम्हें क्या मिलेगा।' बुढ़िया बोली, 'मैं उन्हें भी अपनी तरह चलते और दूसरों द्वारा उपहास होते देखूंगी तो मन को शांति मिलेगी।' नारद जी सोचने लगे यह महिला चाहती तो मेरी कृपा से अपना कूबड़ ठीक करा सकती थी। लेकिन उसने हाथ आए अवसर को दूसरों के नुकसान के रूप में ही भुनाने की कामना की। ईर्ष्यालु व्यक्ति की प्रकृति यही होती है कि वह दूसरों को सुखी-संपन्न देखकर उनके जैसा उन्नत, संपन्न और सुखी होने की प्रेरणा ग्रहण नहीं करता, बल्कि सुखी लोगों को दुखी करने और नीचे गिराने का प्रयास करता है। बुढ़िया का मनोरथ पूरा करने का उनका कोई इरादा नहीं था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### दुखदायी है आत्महत्या की घटना

कभी–कभी किसी घटना की ख़बर केवल एक व्यक्ति की मृत्यु नहीं होती, बल्कि वह पूरे समाज के भीतर छिपे हुए असंतुलन, दबाव और संवेदनहीनता का दर्पण बन जाती है। हरियाणा के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक वाई पूरन कुमार की आत्महत्या ऐसी ही एक घटना है, जो केवल पुलिस विभाग की त्रासदी नहीं, बल्कि उस मानसिक, प्रशासनिक और सामाजिक ढांचे की विफलता का प्रतीक है जिसमें पद और प्रतिष्ठा के बावजूद इनसान अकेला और असहाय महसूस करने लगता है। पूरन कुमार का शव चंडीगढ़ स्थित उनके घर के तहखाने में मिला, जहां बताया गया कि वह कमरा पूरी तरह ध्वनि–रोधक था। उनके पास से सरकारी पिस्तौल बरामद हुई। उनकी पत्नी अमनीत कौर एक भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी हैं, जो उस समय जापान में थीं। आत्महत्या की यह घटना दुखदायी है। – *पंकज सक्सेना, दुर्ग*

## ट्रेंड

### नतीजे उत्साहवर्धक



जब देशवासियों का जीवन अधिक से अधिक आसान बनाने की इच्छाशक्ति हो, तो नतीजे भी बहुत उत्साहवर्धक मिलते हैं। बीते 11 वर्षों में हमारी हवाई सेवा से जुड़ी इंडस्ट्री का विकास और विस्तार इसका बहुत बड़ा प्रमाण है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### नशे के खिलाफ युद्ध



पुरानी सरकारों ने पंजाब के घर-घर में नशा पहुँचाया, पंजाब की जवानी बर्बाद कर दी। अब भगवंत मान सरकार ने नशे के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया है। बड़े-बड़े तस्कर जेल में हैं। जो पंजाब में नशा बेचेगा, वो बख्शा नहीं जाएगा।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### जिले का नाम क्यों बदला



मैं सपा मुखिया अखिलेश यादव से पूछना चाहती हूं कि अगर मान्यवर कांशीराम साहब के प्रति इतना ही आदर सम्मान था तो आपने उनके नाम पर रखे जिले का नाम बदलकर कासगंज क्यों कर दिया?

- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### गेस्ट हाउस कांड




यूपी ही नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति में सपा शासन में गेस्ट हाउस कांड निहायत ही एक ऐसा काला धब्बा है जिसे सपा की लाल टोपी से ढका नहीं जा सकता और न ही उसे किसी प्रकार के मुशायरों से भुलाया जा सकता है।

-केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र

## करंट अफेयर

# गाजा में 55,000 बच्चों के कुपोषित होने की आशंका



इजराइल और हमास के बीच दो साल से जारी युद्ध और भोजन की भारी कमी के कारण गाजा में पांच साल से कम उम्र के संभवतः 54,600 से ज्यादा बच्चे कुपोषण का शिकार हैं और इनमें से 12,800 से अधिक बच्चे गंभीर रूप से प्रभावित है। संयुक्त राष्ट्र के एक नये अध्ययन में यह खुलासा हुआ है। फलस्तीनी शरणार्थियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं देने वाली संस्था 'यूएन रिलीफ एंड वर्क्स एजेंसी फॉर पैलेस्टाइन रिफ्यूजीज इन द नियर ईस्ट' के विश्लेषण के अनुसार, अगस्त की शुरुआत तक गाजा में छह महीने से लेकर पांच साल तक के लगभग 16 प्रतिशत बच्चे कुपोषण के एक जानलेवा रूप से पीड़ित थे। इस जानलेवा कुपोषण को 'अत्यधिक दुर्बलता' (वेस्टिंग) कहा जाता है। इनमें से लगभग चार प्रतिशत बच्चे 'गंभीर दुर्बलता' का शिकार हैं।दुर्बलता (वेस्टिंग) के इलाज के लिए कई हफ्तों तक विशेष पोषण वाले भोजन की जरूरत होती है और कभी–कभी अस्पताल में भर्ती भी होना पड़ता है। लेखकों के अनुसार, बुधवार को 'द लैंसेट' पत्रिका में छपा यह अध्ययन इस इलाके में भुखमरी से पीड़ित बच्चों के संबंध में किया गया अब तक का सबसे व्यापक अध्ययन है। यह जनवरी 2024 से लेकर अगस्त के मध्य तक गाजा के दर्जनों स्वास्थ्य केंद्रों और चिकित्सा स्थलों पर लगभग 2,20,000 बच्चों की जांच पर आधारित था।

## ऑफ बीट

# बाथरूम की ये तीन चीजें बिल्कुल भी साझा न करें



कल्पना कीजिए कि आप घर से बाहर हैं, लेकिन अपना तौलिया, रेज़र या टूथब्रश पैक करना भूल गए हैं। क्या आपको दूसरों का यह सामान इस्तेमाल करना चाहिए? यहां बताया गया है कि इसकी आदत न डालना ही बेहतर है। सूक्ष्मजीव कुछ समय तक सक्रिय रह सकते हैं। बाथरूम में इस्तेमाल होने वाली वस्तुएं जैसे कि तौलिया, रेज़र और टूथब्रश पर लंबे समय तक जीवित रहने वाले रोगजनक बैक्टीरिया, वायरस और फफूंद मौजूद हो सकते हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार, ये सूक्ष्मजीव कपड़े, प्लास्टिक और धातु की सतहों पर कई दिनों से लेकर महीनों या वर्षों तक सक्रिय रह सकते हैं। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि एस्परजिलस नामक फफूंद का बैक्टीरिया कपड़े और प्लास्टिक पर एक महीने से अधिक समय तक जीवित रह सकता है, जबकि कुछ बैक्टीरिया वर्षों तक सक्रिय रह सकते हैं। कई वायरस सिरेमिक, धातु, कपड़े और प्लास्टिक जैसी सतहों पर घंटों से लेकर महीनों तक संक्रमण फैलाने में सक्षम रहते हैं। तौलिया साझा करना जोखिमपूर्ण अध्ययन बताते हैं कि उपयोग किए गए तौलिये को साझा करने से त्वचा के संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। अमेरिका में हाईस्कूल फुटबॉल खिलाड़ियों के एक समूह में स्टेफाइलोकॉकस ऑरियस (स्टैफ) के संक्रमण का प्रकोप सामने आया।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# वनडे विश्व कप इतिहास में रिचा सहित इन भारतीय महिला बल्लेबाजों ने खेली सबसे तेज पारियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वनडे विश्व कप 2025 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली टीम ने पहले मैच में श्रीलंका को और दूसरे मैच में पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम को हराते हुए अपने अभियान की जोरदार शुरुआत की। पाकिस्तान के विरुद्ध रिचा घोष ने आक्रामक पारी खेली। इस बीच वनडे विश्व कप के इतिहास में सबसे तेज पारियां (कम से कम 30 रन) खेलने वाली भारतीय बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं।



### झूलन गोस्वामी

**(स्ट्राइक रेट- 171.42 बनाम वेस्टइंडीज, 2013)**

अपनी गेंदबाजी के लिए मशहूर रही झूलन गोस्वामी भी इस सूची में मौजूद है। पूर्व दिग्गज खिलाड़ी ने विश्व कप 2013 में वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में 21 गेंदों में 171.42 की स्ट्राइक रेट के साथ 36 रन की पारी खेली थी। अपनी इस आक्रामक पारी में उन्होंने 6 चौके लगाए थे। दिलचस्प रूप से उस मैच में गोस्वामी तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरी थी।



### हरमनप्रीत कौर

**(स्ट्राइक रेट- 163.63 बनाम वेस्टइंडीज, 2013)**

जिस मैच में गोस्वामी ने बल्लेबाजी में कमाल किया था, उसी मैच में हरमनप्रीत ने 22 गेंदों में 36 रन बनाए थे। उन्होंने 4 चौके और 2 छक्के भी लगाए थे। भारत ने ब्रेबोर्न स्टेडियम में हुए उस मैच में 284/6 का स्कोर बनाया था। भारतीय सलामी बल्लेबाज थिरुश कामिनी ने 100 रन की पारी खेली थी। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम सिर्फ 179 रन पर ही सिमट गई थी।

### वेदा कृष्णामूर्ति

**(स्ट्राइक रेट- 155.55 बनाम न्यूजीलैंड, 2017)**

विश्व कप 2017 में भारत ने न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम को 186 रन से करारी शिकस्त दी थी। डर्बी में खेले गए मैच में भारत ने 265/7 का स्कोर बनाया था। भारत से कप्तान मिताली राज ने 123 गेंदों में 109 रन बनाए थे। वहीं, वेदा कृष्णमूर्ति ने 155.55 की स्ट्राइक रेट से 45 गेंदों में 70 रन बनाए थे। जवाब में राजेश्वरी गायकवाड़ की घातक गेंदबाजी (5/15) के सामने कीवी टीम 79 रन पर ढेर हुई थी।



## खबर संक्षेप



### जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप आज से

**भुवनेश्वर।** यहां शुक्रवार से शुरू हो रही पांच दिवसीय जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में विजयी रहने वाले खिलाड़ियों को अगले महीने रांची में दक्षिण एशियाई सीनियर चैम्पियनशिप में खेलने का मौका मिल सकता है। दक्षिण एशियाई सीनियर चैम्पियनशिप रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम में 24 से 26 नवंबर तक होगी। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के प्रवक्ता आदिले सुमरिवाला ने यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप प्रतिभाशाली जूनियर खिलाड़ियों के लिये अच्छा मौका होगी। सीनियर खिलाड़ियों के साथ एएफआई चयन समिति राष्ट्रीय टीम में युवाओं को भी मौका देगी।'' एएफआई के पूर्व अध्यक्ष सुमरिवाला ने कहा कि यहां पांच दिवसीय टूर्नामेंट में 2000 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे जिनमे 950 महिला खिलाड़ी हैं।

### रोहित-विराट वनडे विश्व कप की योजनाओं में शामिल : गिल



**नई दिल्ली।** भारत की वनडे टीम के नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल ने गुरुवार को कहा कि सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली टीम की 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप की योजना का हिस्सा बने रहेंगे क्योंकि उनके कौशल और अपार अनुभव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि वह इस महीने के अंत में आस्ट्रेलिया दौरे से इस प्रारूप की कमान संभालने पर अपने पूर्ववर्ती रोहित शर्मा की तरह ड्रेसिंग रूम में शांत माहौल बनाए रखने और खिलाड़ियों के साथ दोस्ताना व्यवहार करने की कोशिश करेंगे। पहले ही भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी संभाल रहे 26 वर्षीय गिल 19 से 25 अक्टूबर तक ऑस्ट्रेलिया में होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला के साथ अपनी एकदिवसीय कप्तानी की शुरुआत करेंगे।

### थिगाला की अच्छी शुरूआत संयुक्त चौथे स्थान पर



**योकोहामा (जापान)।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर साहिथ थिगाला ने बृहस्पतिवार को यहां पीजीए टूर पर बेकरंट क्लासिक के पहले दौर में एक डबल बोगी के बावजूद तीन अंडर 68 का कार्ड बनाया। इससे वह संयुक्त चौथे स्थान पर हैं और शीर्ष पांच खिलाड़ियों में बने हुए हैं। गर्दन की चोट से परेशान रहे थिगाला ने मुश्किल परिस्थितियों में पांच बर्डी लगाईं और एक डबल बोगी कर बैठे।

## भारत-वेस्टइंडीज दूसरा टेस्ट आज से, मैच सुबह 9:30 बजे से

# जीत से लबरेज टीम इंडिया वेस्ट इंडीज को क्लीन स्वीप करने लगाएगी जोर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पहले मैच में आसान जीत से आत्मविश्वास से ओतप्रोत मेजबान भारत आज 10 अक्टूबर से अरुण जेटली स्टेडियम में शुरू हो रहे दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को एक और करारी शिकस्त देने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगा हालांकि इस मैच में उसकी निगाहें साई सुदर्शन के धैर्य और घरेलू परिस्थितियों में नीतीश कुमार रेड्डी की उपयोगिता पर टिकी होंगी।

भारत के पास प्रतिभाशाली क्रिकेटरों का शानदार समूह है, जिनमें से प्रत्येक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी भी शीर्ष टीम में जगह बनाने में सक्षम है। उसका मुकाबला वेस्टइंडीज की उस टीम से होगा जिसका अतीत गौरवशाली रहा है लेकिन जो वर्तमान में टेस्ट क्रिकेट में बने रहने के लिए संघर्ष कर रही है। वेस्ट इंडीज रोस्टन चेज के नेतृत्व में मेहमान टीम प्रदर्शन में सुधार चाहेगी। भारत और वेस्टइंडीज के बीच दूसरा टेस्ट भारतीय समयानुसार सुबह 9:30 बजे से शुरू होगा।



### अब तक 101 टेस्ट में आपस में भिड़ी हैं दोनों

भारत और वेस्टइंडीज के बीच अब तक 101 टेस्ट मैच खेले गए हैं। इस दौरान भारतीय टीम को 24 मुकाबलों में जीत मिली है। वेस्टइंडीज ने 30 मैच अपने नाम किए हैं। दोनों टीमों के बीच 47 मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। भारतीय सरजमीं पर भारत और वेस्टइंडीज के बीच अब तक 48 टेस्ट मुकाबले खेले गए हैं। 14 मैच भारतीय टीम ने जीते हैं और 14 में उसे हार मिली है। 20 मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं।

### भारतीय एकादश

यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, नितीश कुमार रेड्डी, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, और मोहम्मद सिराज।

### ऐसी है वेस्टइंडीज की टीम

वेस्टइंडीज को अच्छी शुरुआत दिलाने की जिम्मेदारी टैगनारिन चंद्रपॉल, और जॉन कैंपबेल के कंधो पर होगी। पहले टेस्ट में इस सलामी जोड़ी ने निराश किया था। प्रमुख तेज गेंदबाजों की गैरमौजूदगी में जेडेन सील्स भारतीय बल्लेबाजों के सामने कड़ी चुनौती पेश करना चाहेंगे।
संभावित एकादशः टैगनारिन चंद्रपॉल, जॉन कैंपबेल, एलिक एथानाजे, ब्रैंडन किंग, शाई होप (विकेटकीपर), रोस्टन चेज (कप्तान), जस्टिन ग्रीव्स, जोमेल वारिकन, खारी पियरे, जोहान लेने, और जेडेन सील्स।

### इनके प्रदर्शन पर होंगी नजरें

गिल इस साल टेस्ट में कमाल कर रहे हैं। उन्होंने 7 टेस्ट की 13 पारियों में 64.38 की औसत के साथ सर्वाधिक 837 रन बनाए हैं। उन्होंने इस बीच 4 शतक भी लगाए हैं। भारतीय तेज गेंदबाज सिराज ने सीरीज के पहले टेस्ट में कुल 7 विकेट लिए थे। वह शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। वहीं वेस्ट इंडीज के बॉलर सील्स ने इस साल अब तक 24.23 की औसत से 17 टेस्ट विकेट लिए हैं।

### अरुण जेटली स्टेडियम में दोनों टीमों का प्रदर्शन

क्रिकइंफो के अनुसार, अरुण जेटली स्टेडियम में भारतीय टीम का दबदबा रहा है। इस मैदान पर भारत ने 35 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से 14 में जीत हासिल की है। दूसरी तरफ 6 मैचों में टीम को हार का सामना करना पड़ा है, जबकि 15 मैच ड्रॉ रहे हैं। वेस्टइंडीज ने दिल्ली के इस मैदान पर कुल 7 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से 2 में जीत दर्ज की है और 1 में हार (ड्रॉ- 4) का सामना किया है।

## महिला वनडे विश्व कप

# डि क्लर्क के तूफान में उड़ा भारत दक्षिण अफ्रीका 3 विकेट से जीता



एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम

नेदिन डि क्लर्क के तूफानी अर्धशतक और क्लो ट्रायोन के ऑलराउंड प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप में बृहस्पतिवार को भारत को यहां तीन विकेट से हरा दिया। भारत के 252 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए डि कलर्क ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी के दौरान 54 गेंद में आठ चौकों और पांच छक्कों से नाबाद 84 रन बनाने के अलावा ट्रायोन (49) के साथ सातवें विकेट के लिए 69 रन जोड़कर दक्षिण अफ्रीका को 48.5 ओवर में सात विकेट पर 252 रन के स्कोर तक पहुंचाकर जीत दिलाई। कप्तान और सलामी बल्लेबाज लॉरा वोलवार्ट ने भी 70 रन की उम्दा पारी खेली। इससे पहले बाएं हाथ की स्पिनरों ट्रायोन (32 रन पर तीन विकेट) और नोनकुलुलेको मलाबा (46 रन पर दो विकेट) ने बीच के ओवरों में भारतीय बल्लेबाजों पर शिकंजा कसते हुए स्कोर छह विकेट पर 102 रन कर दिया लेकिन ऋचा घोष (94 रन, 77 गेंद, 11 चौके, चार छक्के) और स्नेह राणा (33 रन, 24 गेंद, छह चौके) ने आठवें विकेट के लिए 53 गेंद में 88 रन की ताबड़तोड़ साझेदारी की जिससे मेजबान टीम 251 रन तक पहुंचने में सफल रही।

### न्यूजीलैंड का आज बांग्लादेश से मुकाबला

**गुवाहाटी।** आत्मविश्वास से ओतप्रोत बांग्लादेशी टीम का सामना आईसीसी महिला वनडे विश्व कप के ग्रुप मैच में खराब फॉर्म से जूझ रही पूर्व चैम्पियन न्यूजीलैंड से यहां शुक्रवार को होगा तो उसके स्पिनर अपना बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखना चाहेंगे। न्यूजीलैंड ने लगातार दो हार का सामना किया है और उसका जीत का खाता नहीं खुल सका है। वहीं बांग्लादेश की नजरें दूसरी जीत दर्ज करके शीर्ष चार में जगह पक्की करने पर लगी होंगी। न्यूजीलैंड ने 2000 में खिताब जीता था और अब लगातार तीसरी हार के साथ उसे जल्दी बाहर होना पड़ सकता है। मैच दोपहर तीन बजे शुरू होगा।

## वुहान ओपन

# सबालेंका, जेसिका ने बनाई क्वार्टर फाइनल में जगह



एजेंसी ▶▶| वुहान (चीन)

अमेरिकी ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका और जेसिका पेगुला ने बृहस्पतिवार को यहां वुहान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष रैंकिंग पर काबिज सबालेंका ने लियूडमिला समैससोनोवा को 6-3 6-3 से हराकर वुहान ओपन में जीत का सिलसिला जारी रखा और अपनी 19वीं जीत दर्ज की। सबालेंका ने 2018, 2019 और 2024 में वुहान ओपन के खिताब जीते थे।

### अंतिम पांच में से चार गेम जीते

जेसिका पेगुला ने गुरुवार को यहां तीसरे सेट में शुरुआती सर्विस ब्रेक से उबरते हुए एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को 7-5 3-6 6-3 से हराकर वुहान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पिछले सप्ताह चाइना ओपन सेमीफाइनल में हारने वाली पेगुला ने निर्णायक सेट में स्कोर 2-2 से बराबर किया और फिर अंतिम पांच में से चार गेम जीतकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

### बांग्लादेश व वेस्टइंडीज के बीच वनडे और टी-20 सीरीज 18 से

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। कैरेबियाई टीम इस दौरे पर कुल 6 मैच खेलेगी, जिसकी शुरुआत 18 अक्टूबर से 3 मैचों की वनडे सीरीज से होगी। इसके बाद 27 अक्टूबर से 3 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेली जाएगी। शाई होप को दोनों प्रारूपों का वेस्टइंडीज का कप्तान बनाया गया है। तीन वनडे मैचों में से पहला मैच 18 अक्टूबर को ढाका के मीरपुर में खेला जाएगा। अगले दोनों मैच क्रमशः 21 और 23 अक्टूबर को इसी मैदान पर खेले जाएंगे।
**अकीम ऑगस्टे को मिला वनडे में मौका :** बांग्लादेश दौरे के लिए वेस्टइंडीज टीम में गुडाकेश मोटी, शेरफेन रदरफोर्ड, जेडन सील्स, रोमारियो शेफर्ड और ब्रैंडन किंग जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। गौरतलब है कि वेस्टइंडीज के पूर्व अंडर-19 कप्तान अकीम ऑगस्टे को पहली बार वनडे टीम में शामिल किया गया है।

### अश्विन बोले- संन्यास का फैसला मेरा निजी, किसी ने मजबूर नहीं किया

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने स्पष्ट किया है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का उनका फैसला निजी था और पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे के बीच में टेस्ट क्रिकेट छोड़ने के लिए उन्हें किसी ने मजबूर नहीं किया था। इस 39 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल ब्रिस्बेन में 2024-25 की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के बाद संन्यास की घोषणा करके क्रिकेट जगत को चौंका दिया था। इसके बाद उन्होंने इस साल अगस्त में इंडियन प्रीमियर लीग से भी संन्यास की घोषणा कर दी। इससे वह दुनिया भर की टी20 लीग में खेलने के लिए स्वतंत्र हो गए हैं। वह इस साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में खेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बनेंगे।



### कुछ ने रोका था मुझे ऐसा करने से

अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा रोहित शर्मा (तत्कालीन कप्तान) ने भी मुझे इस बारे में फिर से सोचने को कहा था। गौती भाई (गौतम गंभीर) ने भी मुझे दोबारा सोचने को कहा था लेकिन मैंने इस बारे में (संन्यास के बारे में) अजीत अगरकर (चयन समिति के अध्यक्ष) से ज्यादा बात नहीं की।अश्विन ने कहा, ''जब खेल से संन्यास लेने की बात आती है तो यह निजी फैसला होता है और मेरा फैसला भी निजी था।

# फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के करीब पहुंचा सऊदी अरब

एजेंसी ▶▶| जेद्दा

सऊदी अरब ने इंडोनेशिया को 3-2 से हराकर 2026 में होने वाले फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए।

सऊदी अरब अगर अगले मंगलवार को जेद्दा में ही इराक के खिलाफ जीत हासिल कर लेता है तो ग्रुप बी में पहला स्थान और सातवीं बार विश्व कप में प्रवेश सुनिश्चित कर लेगा। एशियाई क्वालीफाइंग के चौथे दौर में तीन-तीन टीम के दो ग्रुप के विजेता ही विश्व कप में स्वतः प्रवेश पा सकेंगे।



### ऐसा रहा इंडोनेशिया संग मैच का हाल

*बुधवार को खेले गए मैच में इंडोनेशिया ने पहला गोल किया जब केविन डिक्स ने 11वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला। इसके छह मिनट बाद सालेह अबू अल-शमात ने बराबरी का गोल किया और 37वें मिनट में फिरास अल-बुरैकन के पेनल्टी पर किए गए गोल ने सऊदी अरब को बढ़त दिला दी। अल-बुरैकन ने दूसरे हाफ में फिर से गोल किया, लेकिन डिक्स ने 89वें मिनट में दूसरी पेनल्टी को गोल में बदल दिया। इससे हालांकि हार का अंतर ही कम हो पाया।*

## मिस्र की जिबूती पर 3-0 की जीत में किए दो गोल

# सलाह ने मिस्र को विश्व कप का टिकट दिलाया

एजेंसी ▶▶| कासाब्लांका

स्टार फुटबॉलर मोहम्मद सलाह के शानदार प्रदर्शन की मदद से मिस्र ने अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप के लिए टिकट हासिल कर लिया। लिवरपूल के सुपरस्टार सलाह ने बुधवार को मिस्र की जिबूती पर 3-0 की जीत में दो गोल किए। इससे यह सुनिश्चित हो गया कि मिस्र एक राउंड शेष रहते अफ्रीकी क्वालीफाइंग के अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहेगा। मिस्र अमेरिका में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली तीसरी अफ्रीकी टीम है। उससे पहले मोरक्को और ट्यूनीशिया ने विश्व कप में अपनी जगह पक्की कर ली थी।



### इब्राहिम अदेल ने भी ठोका एक गोल

सलाह के अलावा इब्राहिम अदेल ने भी मिस्र के लिए गोल किया। अफ्रीका से कुल नौ टीम विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। मिस्र ने इससे पहले 2018 में विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था लेकिन तब उसे अपने तीनों ग्रुप मैच में मेजबान रूस, उरुग्वे और सऊदी अरब से हार का सामना करना पड़ा था।

### बुर्किना फासो दूसरे स्थान पर

बुर्किना फासो सिएरा लियोन पर 1-0 की जीत के बाद ग्रुप ए में मिस्र के बाद दूसरे स्थान पर है, जबकि इथियोपिया ने गिनी बिसाऊ को 1-0 से हराया। इस बीच केप वर्डे ने 3-1 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए लीबिया के खिलाफ 3-3 से ड्रॉ खेला जिससे वह पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के करीब पहुंच गया।

हरिभूमि कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

## ब्रिटिश पीएम स्टार्मर की मौजूदगी में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में पीएम मोदी बोले

# भारत ने डिजिटल टेक्नोलॉजी से हर नागरिक तक पहुंच संभव की

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत डिजिटल टेक्नोलॉजी का लोकतंत्रीकरण करने में सफल रहा है और इससे देश के हर कोने में, हर नागरिक के लिए टेक्नोलॉजी की पहुंच आसान हुई है। मुंबई में गुरुवार को ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) 2025 में बोलते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि भारत अब दुनिया के सबसे तकनीकी रूप से समावेशी समाजों में से एक है। पिछले एक दशक में भारत ने टेक्नोलॉजी का लोकतंत्रीकरण किया है। आज के भारत ने दिखाया है कि टेक्नोलॉजी केवल सुविधा का साधन नहीं है, बल्कि समानता सुनिश्चित करने का भी एक साधन है। उन्होंने कहा कि डिजिटल समावेशन ने विभिन्न सामाजिक और आर्थिक पृष्ठभूमि के लोगों को सशक्त बनाया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिजिटल करेंसी इनिशिएटिव का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि केंद्रीय बैंक की डिजिटल करेंसी से वित्तीय लेनदेन बेहतर होंगे और भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर उन्होंने मुंबई को ऊर्जा, उद्यम और अनंत संभावनाओं का शहर बताया।

**भारत और यूके ने वैश्विक व्यापार को और एआई ट्रेड को लेकर दुनिया को रास्ता दिखाया**

**पीएम ने कहा कि हमने छोटे गांवों से लेकर बड़े महानगरों तक, हर नागरिक के लिए तकनीक उपलब्ध कराई है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि डिजिटल क्रांति में कोई भी पीछे न छूटे**

*आरबीआई की डिजिटल करेंसी से वित्तीय लेनदेन बेहतर होंगे*

*यूके-इंडिया फिनटेक कॉरिडोर नए स्टार्टअप्स को आगे बढ़ाएगा*

### फिनटेक इनोवेशन से बदलाव आया



### यूके की भागीदारी का किया स्वागत, वैश्विक वित्तीय परिदृश्य को बेहतर बनाएंगे

*पीएम मोदी ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 में भागीदार देश के रूप में यूनाइटेड किंगडम की भागीदारी का भी स्वागत किया। ब्रिटेन के पीएम कीर स्टारमर की उपस्थिति में पीएम मोदी ने कहा कि दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों के बीच यह साझेदारी वैश्विक वित्तीय परिदृश्य को बेहतर बनाएगी। यह भारत की अर्थव्यवस्था के प्रति, भारत के विकास के प्रति, वैश्विक विकास का प्रतीक है।*

पीएम ने कहा कि डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और फिनटेक इनोवेशन को अपनाने से भारत में शासन और वित्तीय समावेशन में व्यापक बदलाव आया है। भारत की फिनटेक सफलता इसकी इनोवेशन और समावेशिता की भावना में निहित है। पीएम मोदी ने कहा कि हमने छोटे गांवों से लेकर बड़े महानगरों तक, हर नागरिक के लिए तकनीक उपलब्ध कराई है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि डिजिटल क्रांति में कोई भी पीछे न छूटे।

### लंदन स्टॉक एक्सचेंज और गिफ्ट सिटी के बीच सहयोग

पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों ने स्टार्टअप्स, संस्थाओं और इनोवेशन हब के बीच जुड़ाव को और मजबूत करने का संकल्प लिया है। यूके-इंडिया फिनटेक कॉरिडोर नए स्टार्टअप्स को पायलट करने और आगे बढ़ाने के लिए अवसर बनाएगा। इससे लंदन स्टॉक एक्सचेंज और गिफ्ट सिटी के बीच नए सहयोग के रास्ते भी खुल सकते हैं। दोनों देशों के बीच ये वित्तीय इंट्रीग्रेशन हमारी कंपनियों को मुक्त व्यापार समझौता का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने में उपयोगी होगा, मदद करेगा।

# पाकिस्तान में सुरक्षा बलों ने 5 आतंकी मारे

एजेंसी ▶▶ पेशावर

पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के पांच आतंकियों को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक संयुक्त अभियान में मार गिराया। यह अभियान बुधवार को डेरा इस्माइल खान जिले के मूसा ज़ई उपनगर में चलाया गया, जो दक्षिण वज़ीरिस्तान से सटा हुआ क्षेत्र है। पुलिस के अनुसार, कार्रवाई के दौरान टीटीपी के गंदापुर ग्रुप से जुड़े पांच आतंकवादी मारे गए। इस दौरान सेना के एक मेजर की भी मौत हो गई। एक दिन पहले ही एक लेफ्टिनेंट कर्नल और एक मेजर सहित 11 सैन्यकर्मी मारे गए थे।




### चीनी महिला से रोमांस राजनयिक बर्खास्त

वॉशिंगटन। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने अपने देश के एक राजनयिक को एक चीनी महिला से कथित रोमांटिक संबंध रखने के कारण बर्खास्त कर दिया है। महिला पर चीन की कम्युनिस्ट पार्टी से संबंध होने का आरोप है। इस मामले को हाल में लागू किए गए उस प्रतिबंध के तहत पहली कार्रवाई माना जा रहा है, जिसमें अमेरिकी कर्मियों के चीनी नागरिकों से ऐसे व्यक्तिगत संबंध पर रोक लगाई गई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने इसकी पुष्टि की। बयान में संबंधित राजनयिक का नाम उजागर नहीं किया गया है।

